मूल्य : 2 रुपए | पृष्ठ : 12 | वर्ष : 29 | अंक : 21



जयपुर
मिशन पत्रकारिता का प्रहरी
# महानगर टाइम्स




www.mahanagartimes.com | जयपुर, शनिवार, 13 दिसम्बर, 2025 | जयपुर, कोटा, दौसा, अलवर, उदयपुर एवं जोधपुर से एक साथ प्रकाशित

## अंडमान में शाह और भागवत ने सावरकर की प्रतिमा का किया अनावरण

महानगर टाइम्स संवाददाता

**अंडमान निकोबार।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक मोहन भागवत ने शुक्रवार को अंडमान और निकोबार द्वीपसमूह के बेओडनाबाद में विनायक दामोदर सावरकर की प्रतिमा का अनावरण किया। यह प्रतिमा दक्षिण अंडमान जिले के एक पार्क में स्थापित की गई है। शाह और भागवत ने पार्क परिसर में रुद्राक्ष के पौधे भी लगाए। इसके बाद शाह और भागवत बी.आर. अंबेडकर इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, श्री विजयापुरम पहुंचे, जहां सावरकर पर आधारित एक गीत जारी किया। सावरकर को ब्रिटिश शासन ने 1911 में पोर्ट ब्लेयर स्थित सेलुलर जेल (अब श्री विजयापुरम) में कैद किया था। शाह और भागवत सावरकर के प्रसिद्ध गीत 'सागर प्राण तालमाला' के 115 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में यहां आए हैं। भागवत शनिवार दोपहर 3.30 बजे श्री विजया पुरम के नेताजी स्टेडियम में आयोजित विराट हिंदू सम्मेलन में एक सार्वजनिक सभा को संबोधित करेंगे।

## आंध्र प्रदेश में यात्रियों से भरी बस घाटी में गिरी, 9 की मौत



**अल्लुरी सीतारामराजू (महानगर टाइम्स संवाददाता)।** आंध्र प्रदेश के अल्लुरी सीतारामराजू जिले में एक बस अनियंत्रित होकर घाटी में गिर गई। हादसे में 9 लोगों की मौत की सूचना है। बस में करीब 40 लोग सवार थे। हादसे में कई घायल हुए हैं। घायलों को इलाज के लिए भद्राचलम अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मृतकों का आंकड़ा बढ़ने की आशंका है। एएसआर जिला कलेक्टर दिनेश कुमार ने बताया कि यह हादसा चिंटूरू और भद्राचलम के बीच घाट रोड पर हुई। रेस्क्यू टीम मौके पर पहुंची और बस में फंसे लोगों को बाहर निकाला।

## बंगाल एसआईआरः वोटर लिस्ट से 58 लाख से ज्यादा नाम हटे

**कोलकाता (महानगर टाइम्स संवाददाता)।** चुनाव आयोग ने पश्चिम बंगाल में स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन (एसआईआर) के पहले फेज के बाद 58 लाख से ज्यादा नाम हटाए हैं। सबसे ज्यादा नाम कोलकाता के चौरंगी और कोलकाता पोर्ट जैसे क्षेत्रों में कटे हैं, जबकि सुवेंदु अधिकारी की नंदीग्राम सीट की तुलना में सीएम ममता बनर्जी के भवानीपुर सीट में चार गुना अधिक नाम हटाए गए। भवानीपुर सीट पर जनवरी 2025 की लिस्ट में 1,61,509 वोटर्स थे। इसमें से 44,787 नाम हटाए गए।

# एक व्यक्ति की जनगणना पर आएगा 97 रुपए खर्च

### केंद्र ने जनगणना 2027 के लिए मंजूर किए 11,718 करोड़

### पहली बार डिजिटली होगा सेंसस



महानगर टाइम्स संवाददाता



**नई दिल्ली।** देश में 2027 में पहली बार जनगणना डिजिटली होगी। केंद्र सरकार ने शुक्रवार को कैबिनेट मीटिंग में इसके लिए 11,718.24 करोड़ रुपए की मंजूरी दी है। इसके मुताबिक एक व्यक्ति की जनगणना पर सरकार के करीब 97 रुपए खर्च होंगे।

दरअसल 2011 की जनगणना में भारत की आबादी लगभग 121 करोड़ थी। अगर इसे आधार माना जाए तो 1 व्यक्ति की गणना करने में करीब 97 रुपए खर्चा (11,718.24 करोड़ रुपए/121 करोड़ आबादी) आएगा। अगर 150 करोड़ अनुमानित जनसंख्या मानी जाए तो प्रति व्यक्ति 78 रुपए खर्च होगा। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि 30 लाख कर्मचारी डिजिटल जनगणना पूरी करेंगे। यह 'कास' सॉफ्टवेयर से होगी। इसका डिजाइन डेटा सुरक्षा को ध्यान में रखकर बनाया गया है। जनगणना दो फेज में होगी। फेज-1 (अप्रेल-सितंबर 2026) में घरों की लिस्टिंग और गिनती होगी। फेज-2 (फरवरी 2027) में आबादी की गिनती होगी।

### कोपरा के लिए एमएसपी तय

इसके अलावा कैबिनेट ने कोलसेतु विंडो को मंजूरी दी है। इसके तहत अलग-अलग इंडस्ट्रियल इस्तेमाल और एक्सपोर्ट के लिए कोल लिंकेज की नीलामी, सही पहुंच और रिसोर्स का सबसे अच्छा इस्तेमाल पक्का करना है। सरकार ने 2026 सीजन के लिए कोपरा के मिनिमम सपोर्ट प्राइस (एमएसपी) को मंजूरी दी। 2026 सीजन के लिए फेयर एवरेज क्वालिटी मिलिंग कोपरा के लिए एमएसपी 12,027 रुपए प्रति क्विंटल और बॉल कोपरा के लिए 12,500 रुपए प्रति क्विंटल तय किया गया है। 2026 सीजन के लिए एमएसपी में पिछले सीजन के मुकाबले मिलिंग कोपरा (सूखे नारियल का गोला) के लिए 445 रुपए प्रति क्विंटल और बॉल कोपरा के लिए 400 रुपए प्रति क्विंटल की बढ़ोतरी की गई है। सरकार ने मार्केटिंग सीजन 2014 के लिए मिलिंग कोपरा और बॉल कोपरा के लिए एमएसपी को 5,250 रुपए प्रति क्विंटल और 5,500 रुपए प्रति क्विंटल से बढ़ाए हैं।

### सरकार मनरेगा का नाम बदलेगी

केंद्र सरकार 19 साल पुरानी योजना महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) का नाम बदलकर 'पूज्य बापू ग्रामीण रोजगार योजना' करने की तैयारी कर रही है। सरकार जल्द ही इसका ऐलान कर सकती है।

### इंश्योरेंस सेक्टर में एफडीआई होगी 100 फीसदी

केंद्र सरकार ने इंश्योरेंस सेक्टर में फॉरेन डायरेक्ट इन्वेस्टमेंट (एफडीआई) की लिमिट 100 फीसदी करने का बिल पास कर दिया है। पहले यह 74 फीसदी था। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की कैबिनेट ने इंश्योरेंस अमेंडमेंट बिल को मंजूरी दी। अब विदेशी कंपनियां पूरी तरह भारतीय इंश्योरेंस फर्म्स की मालिक बन सकेंगी। बिल विंटर सेशन में पेश होगा, जो 19 दिसंबर को खत्म हो रहा है।

### जनगणना 2027 की प्रमुख बातें...

- जनगणना जिस ऐप से की जाएगी, उसमें प्री-कोडेड ड्रॉपडाउन मैन्यू है। जवाब सेट हैं। जानकारी उसी में दर्ज होगी। एप में दर्ज डेटा सीधे बैक हैंड सिस्टम में जाएगा। इससे बाद में मैनुअल कंपाइलेशन की जरूरत नहीं। एप में इंटेलीजेंट कैरेक्टर रिकगनिशन तकनीक है, जो हाथ लिखी या अधूरे वाक्य को पढ़ लेगी।
- पहली डिजिटल, पेपरलेस जनगणना
- आधार नंबर देने का विकल्प
- भाषा-शिक्षा, डिजिटल एक्सेस डेटा
- हर घर का जीपीएस-आधारित डिजिटल रिकॉर्ड
- महिलाओं के शिक्षा-रोजगार का डेटा

# 'जनता से किए वादों का 70 फीसदी काम 2 साल में पूरा'

### भजनलाल सरकार के दो साल पूर्ण होने पर प्रेस ब्रीफिंग में बोले सीएम...

## सीएम और डिप्टी सीएम ने किया सरकार की उपलब्धियों की पुस्तक का विमोचन

महानगर टाइम्स संवाददाता

**जयपुर।** प्रदेश में भाजपा सरकार के दो साल पूरे होने के उपलक्ष्य में शुक्रवार को ओटीएस के भगत सिंह मेहता सभागार में आयोजित प्रेस ब्रीफिंग में सीएम भजनलाल शर्मा ने कहा कि राजस्थान देश के बेस्ट परफॉर्मर स्टेट की श्रेणी में पहुंच गया है। प्रदेश 11 राष्ट्रीय योजनाओं में प्रथम स्थान, 5 योजनाओं में द्वितीय स्थान और 9 योजनाओं में तृतीय स्थान पर है। यह हमारी सरकार की प्रतिबद्धता, मेहनत और जनता के विश्वास का परिणाम है। इस दौरान डिप्टी सीएम दीयाकुमारी, डॉ. प्रेमचंद बैरवा, संसदीय कार्यमंत्री जोगाराम पटेल, सीएस वी श्रीनिवास और डीजीपी राजीव शर्मा भी मौजूद रहे।

इस अवसर सरकार की दो साल की उपलब्धियों की किताब का विमोचन करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि हमने केवल कहा नहीं, बल्कि करके दिखाया है। यह आंकड़े बताते हैं। हमने संकल्प-पत्र में कुल 392 संकल्प लिए थे, जिसमें से 274 संकल्प या तो पूरे कर दिए गए हैं या प्रगति पर हैं। हमने जो काम 5 साल में पूरे करने का वादा किया था, उसमें से 70 प्रतिशत 2 साल में पूरा कर दिया। सीएम ने प्रेस ब्रीफिंग के दौरान कहा कि आज मुझे विधायक दल का नेता चुने हुए दो साल पूरे हुए हैं। आज नवाचार दिवस भी हैं। सभी में नवाचार की गुंजाइश रहती हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कहते हैं कि हर साल जनता को अपने काम का लेखा-जोखा देना चाहिए। एक साल पूरा होने पर भी हमने जनता के सामने अपने काम का लेखा-जोखा रखा था। आज भी हमने 2 साल के रूप में जो काम किया है, उनको जनता के बीच में लेकर जा रहे हैं। मीडिया के माध्यम से भी हम राजस्थान की जनता को उन कार्यों के बारे में जानकारी दे रहे हैं।



### कांग्रेस ने ईआरसीपी को लटकाए रखा

सीएम ने कहा कि हमने सरकार के बनते ही पानी को लेकर काम करना शुरू किया। कांग्रेस सरकार ने पानी को लेकर केवल राजनीति करने और घोटाला करने का काम किया। योजनाओं को लटकाने का काम किया। कांग्रेस ने तो ईआरसीपी जैसी योजना को भी लटकाए रखा। हमने पीएम मोदी के नेतृत्व में रामजल सेतु परियोजना को प्राथमिकता पर लेते हुए मध्यप्रदेश और भारत सरकार के साथ जनवरी 2024 में और दिसंबर 2024 में एमओए पर हस्ताक्षर किए। इस परियोजना को तेजी से पूरी करने के लिए 26 हजार करोड़ के कार्यदेश जारी कर दिए गए हैं।

### कांग्रेस के समय में कानून की धज्जियां उड़ती थी

सीएम ने कहा कि कांग्रेस के शासनकाल के समय में कानून व्यवस्था की धज्जियां उड़ गई थी। यह किसी से छुपा नहीं है। महिलाओं के साथ बर्बरता हुई। इन्हीं के एक मंत्री ने विधानसभा में कहा कि 'राजस्थान मर्दों का प्रदेश है।' ऐसा कहते हुए शर्म नहीं आई, उन्हें बहन बेटियों का दर्द नहीं दिखा।

### 450 में गैस सिलेंडर, अन्नपूर्णा रसोई में 15 करोड़ थाली परोसी

सीएम शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री उज्जवला योजना के लाभार्थियों और बीपीएल परिवारों को मात्र 450 रुपए में रसोई गैस सिलेंडर मिल रहा है। सामाजिक पेंशन में 250 रुपए की वृद्धि कर 1250 रुपए प्रतिमाह किया गया है। दस लाख से अधिक नई पेंशन स्वीकृतियां जारी की गई हैं। प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के तहत 7 लाख 13 हजार आवासों की स्वीकृति दी गई है। घुमंतु, अर्धघुमंतु और विमुक्त परिवारों को 2 लाख से अधिक पट्टे दिए गए हैं। स्वामित्व योजना के अंतर्गत 8 हजार से अधिक गांवों में ड्रोन सर्वेक्षण पूरा कर 13 लाख 70 हजार स्वामित्व कार्ड जारी किए गए हैं।

### यमुना के पानी के लिए कांग्रेस ने खूब वोट लिए

सीएम भजनलाल शर्मा ने कहा कि कांग्रेस ने यमुना के पानी के लिए खूब वादा किया, वोट भी लिए, लेकिन किया कुछ नहीं। शेखावाटी के लोग तीन दशकों तक यमुना के पानी का इंतजार करते रहे। हमने यमुना के पानी को लेकर एमओयू किया और अब इसकी डीपीआर पर काम चल रहा है।

### बिजली के उत्पादन को भी बढ़ाया

सीएम ने कहा कि राज्य सरकार के दो वर्ष में प्रदेश की विद्युत उत्पादन क्षमता 6 हजार 363 मेगावाट बढ़कर 30 हजार 525 मेगावाट पर पहुंच गई है। 42 हजार 438 मेगावाट क्षमता विकसित करने के लिए केंद्रीय उपक्रमों के साथ 1 लाख 93 हजार करोड़ रुपए के निवेश संयुक्त उद्यम के लिए एमओयू किए गए हैं और 1 लाख 20 हजार करोड़ रुपये निवेश की जॉइंट वेंचर कंपनी गठित हो चुकी है।

### 39 हजार 891 किलोमीटर सड़कों का किया विकास

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार ने दो साल में 39 हजार 891 किलोमीटर सड़कों का विकास किया है। ग्रामीण सड़क नेटवर्क को मजबूत करने के लिए 8 हजार 557 किलोमीटर लंबाई में मिसिंग लिंक सड़कों का निर्माण किया गया है। दो हजार 750 किलोमीटर लंबाई के 9 ग्रीन फील्ड एक्सप्रेस-वे के निर्माण के लिए डीपीआर कार्य तेजी से जारी है।

### 76 लाख से अधिक किसानों को सम्मान निधि

सीएम शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि 6 हजार रुपए में राज्य सरकार की और से 3 हजार रुपए जोड़कर 9 हजार रुपए किया गया है। 76 लाख से अधिक किसानों को 10 हजार 432 करोड़ रुपए सीधे उनके खातों में भेजे जा चुके हैं। 2 लाख 66 हजार किसानों को गेहूं खरीद पर 471 करोड़ रुपए से अधिक का बोनस प्रदान किया गया है।

### महिला सशक्तीकरण की राह बनी मजबूत

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना में देय राशि बढ़ाकर 5 हजार से 6 हजार 500 रुपए की गई है। अब तक 9 लाख 92 हजार गर्भवती महिलाओं को 531 करोड़ रुपए की राशि प्रदान की जा चुकी है। वहीं दूसरी बार बच्चे के जन्म पर मुख्यमंत्री मातृत्व पोषण योजना के तहत 5 लाख से अधिक लाभार्थियों को लगभग 170 करोड़ रुपए का लाभ मिला है।

### 35 लाख से अधिक लाभार्थियों को मिली कैशलैस चिकित्सा सुविधा

सीएम ने कहा कि मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य योजना का दायरा बढ़ाते हुए 132 नए पैकेज जोड़े गए हैं और अब तक 35 लाख से अधिक लाभार्थियों को 6 हजार 860 करोड़ रुपए की कैशलैस चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराई गई है।

### शेखावाटी में हवेलियों का होगा संरक्षण

सीएम शर्मा ने कहा कि बजट में शेखावाटी हवेली संरक्षण योजना की घोषणा की गई थी। झुंझुनूं, सीकर और चूरू में अब तक 662 ऐतिहासिक हवेलियों को चिन्हित किया गया है। उन्होंने कहा कि वरिष्ठ नागरिक तीर्थ यात्रा योजना के तहत 65 हजार से अधिक वरिष्ठ नागरिकों को रेल मार्ग द्वारा एवं 6 हजार वरिष्ठ नागरिकों को हवाई यात्रा करवाई गई है।



# मछलिया ही नहीं, मगरमच्छ भी आएंगे जद में : भजनलाल शर्मा

### मुख्यमंत्री ने विकास रथों को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

### आमजन सुझाव पेटिका के माध्यम से दें अपने सुझाव

महानगर टाइम्स संवाददाता

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि गत कांग्रेस सरकार को आडे हाथों लेते हुए कहा कि पिछले कार्यकाल में घोटाला करने वालों को छोड़ा नहीं जाएगा। पिछली सरकार में पाइपलाइन से लेकर टेंडर तक के स्तर पर भ्रष्टाचार और कमीशनखोरी होती थी। गरीबों को साफ पानी नसीब नहीं हुआ, वह ठगा गया। हमने सरकार में आते ही कहा था कि मछलियां ही नहीं, बड़े मगरमच्छ भी पकड़े जाएंगे। पकड़े भी गए हैं, जेल भी गए। अपने किए की सजा भी भुगत रहे हैं और आगे भी हमने कहा है कि हम किसी को छोड़ने वाले नहीं हैं। उन्होंने कुछ दिन पहले कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा के दिए बयान पर शुक्रवार को यह पलटवार किया। गौरतलब है कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने शुक्रवार को राज्य सरकार के दो वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रमों की श्रृंखला में हरिश्चंद्र माथुर राजस्थान लोक प्रशासन संस्थान से 50 विकास रथों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि हम जनता के सेवक के रूप में कार्य कर रहे हैं और प्रदेश के विकास का पहिया बिना रुके आगे बढ़ रहा है। हमारी जिम्मेदारी है कि हम जनता को अपने कामों का हिसाब दें। इसीलिए हमारी सरकार ने पिछले वर्ष की भांति ही इस वर्ष भी अपने सुशासन का रिपोर्ट कार्ड जनता के सामने रखा है। उन्होंने कहा कि विकास रथ हर विधानसभा क्षेत्र में गांव-गांव, ढाणी-ढाणी तक पहुंचकर आमजन को सरकार की योजनाओं से जोड़ने का काम करेंगे। उन्होंने कहा कि विकास रथ में उपलब्ध सुझाव पेटिका के माध्यम से अपने सुझाव दें। राज्य सरकार इन सुझावों को आगामी बजट में समाहित करेगी।



### युवा बनेंगे रोजगार प्रदाता

मुख्यमंत्री ने कहा कि पूर्ववर्ती सरकार के समय पेपरलीक के कारण युवाओं के साथ कुठाराघात हुआ। हमारी सरकार के कार्यकाल में अब तक एक भी पेपरलीक नहीं हुआ है। उन्होंने कहा कि लगभग 92 हजार सरकारी नौकरियां दी जा चुकी हैं और 20 हजार युवाओं को इसी माह में नियुक्तियां दी जाएंगी सरकार द्वारा निजी क्षेत्र में ढाई लाख रोजगार के अवसर प्रदान किए गए हैं।

### सभी 200 विधानसभा क्षेत्रों में दी विकास निधि

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमने पिछले दो वर्षों में कानून का राज स्थापित किया है। हमारी सरकार ने पिछले दो वर्ष में जितने कार्य किए हैं, उतने पूर्ववर्ती सरकार ने पांच वर्ष में नहीं किए। उन्होंने कहा कि हम जनता के बीच रहकर काम करते हैं तथा हमने गत दो बजट में बिना भेदभाव के सभी 200 विधानसभा क्षेत्रों में विकास निधि दी है।

### घर-घर पहुंचेगी जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी

उपमुख्यमंत्री दीयाकुमारी ने कहा कि राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट के माध्यम से प्रदेश में उद्यमिता का बेहतर वातावरण तैयार हुआ है। उन्होंने कहा कि सरकारी सेवाओं में पारदर्शिता, महिलाओं और किसानों का सशक्तीकरण तथा उद्योगों के लिए अनुकूल माहौल बनाने सहित कई कार्य राज्य सरकार द्वारा किए गए हैं। उन्होंने कहा कि विकास रथ के माध्यम से सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी घर-घर तक पहुंचेगी।

### अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक पहुंचेगा विकास

उपमुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा ने कहा कि वर्तमान में राज्य की डबल इंजन सरकार प्रदेश के समग्र विकास के लिए दृढ़ संकल्पित है। सरकार राष्ट्र प्रथम की अवधारणा पर कार्य कर रही है। साथ ही, अंत्योदय की भावना के तहत अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक विकास का उजियारा पहुंचाना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि विकास रथ के माध्यम से दो वर्षों की विकास उपलब्धियों तथा नीतिगत सुधारों की जानकारी आमजन तक पहुंचेगी। इस अवसर पर उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री कर्नल राज्यवर्धन सिंह राठौड, संसदीय कार्य मंत्री जोगाराम पटेल, विधायक गोपाल शर्मा, कैलाश वर्मा, कुलदीप धनकड़, बालमुकुन्दाचार्य, महेन्द्रपाल मीणा, रामावतार बैरवा सहित बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित रहे।

# नवलगढ़ में गैंगवार, हिस्ट्रीशीटर समेत दो की मौत

### 3 किलोमीटर दूर तक एक-दूसरों पर बरसाते रहे गोलियां

### भीड़ ने दो बदमाशों को पकड़कर की पिटाई

महानगर टाइम्स संवाददाता



**नवलगढ़।** गोठड़ा थाना क्षेत्र की ग्राम पंचायत खिरोड़ में शुक्रवार सुबह 9 बजे गैंगवार में हिस्ट्रीशीटर समेत दो बदमाशों की मौत हो गई। इस दौरान दो बदमाशों की भीड़ ने पिटाई कर दी। पुलिस ने बताया कि गैंगवार में हिस्ट्रीशीटर कृष्णकांत उर्फ रविकांत उर्फ गोलू स्वामी और सुनील सूंडा की मौत हो गई। ग्रामीणों ने बताया कि सुबह 9 बजे रविंद्र कटेवा (गोठड़ा थाना का हिस्ट्रीशीटर) कैमरी की ढाणी स्थित अपने मकान पर था। सुनील सुंडा निवासी ढाका की ढाणी भी रविंद्र के साथ था। इस दौरान मकान के पास एक कार आई। कार में रानोली थाने का पलसाना निवासी हिस्ट्रीशीटर कृष्णकांत उर्फ रविकांत उर्फ गोलू स्वामी अपने तीन और साथियों के साथ पहुंचा। उसने आते ही हिस्ट्रीशीटर रविंद्र कटेवा पर फायरिंग की। रविंद्र कटेवा नीचे झुक गया और बच गया। फायरिंग के बाद कृष्णकांत और उसके साथी मौके से भागने लगे और गाड़ी में बैठ गए।

### सुनिल ने पकड़ा तो गोली मारी

इसी दौरान सुनिल सुंडा ने कृष्णकांत की गाड़ी का स्टेयरिंग पकड़ लिया और उसे भागने से रोकने लगा। कृष्णकांत और उसके साथियों ने सुनिल पर फायरिंग कर डाली, जिससे वह घायल हो गया और कृष्णकांत व उसके साथी मौके से भाग गए।

### कच्चे रास्ते पर भागे आरोपी

ग्रामीणों ने बताया कि आरोपी गाड़ी से मुख्य रास्ते की बजाय हड़बड़ाहट में कच्चे रास्ते पर चले गए। आगे कृष्णकांत और उसके साथियों को भागने का रास्ता नहीं मिला, तो सभी ने गाड़ी छोड़ी और पैदल ही भागने लगे। तीन किमी. दूर तुर्काणी जोहड़ी के पास रविंद्र कटेवा और उसके साथियों ने कृष्णकांत को घेर लिया, जहां पर फायरिंग हुई। मौके पर कृष्णकांत की लाश मिली है। घटना के बाद से हिस्ट्रीशीटर रविंद्र कटेवा भी फरार है।

### एसपी समेत पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचे

घटना की सूचना पर एसपी बृजेश ज्योति उपाध्याय, एएसपी देवेंद्र सिंह राजावत, गोठड़ा सीआई धर्मेंद्र मीणा समेत अन्य पुलिस अधिकारी पहुंचे। कृष्णकांत के शव को कब्जे में लिया, जिसकी मौत गोली लगने से हुई है। वहीं, घायल सुनिल सुंडा ने भी इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। मामले में अभी साफ नहीं हो पाया है कि रविंद्र कटेवा की दुश्मनी कृष्णकांत से थी या कृष्णकांत रविंद्र कटेवा को मारने के लिए सुपारी लेकर पहुंचा था। इन सब बातों की पुलिस जांच कर रही है। दो बदमाश पिंटू और राजेंद्र हटवास को भागते वक्त स्थानीय लोगों ने पकड़ लिया था और पिटाई कर दी, जिससे वह घायल हो गए, उन्हें इलाज के लिए सीकर लाया गया है। पुलिस ने उन्हें राउंडअप कर लिया है, जिनसे पूछताछ की जा रही है।

# पूर्व गृहमंत्री शिवराज पाटिल का 90 की उम्र में निधन

### इंदिरा-राजीव के भरोसेमंद थे, मुंबई हमले की नैतिक जिम्मेदारी लेकर दिया था इस्तीफा

**लातूर** (महानगर टाइम्स संवाददाता)। वरिष्ठ कांग्रेस नेता और पूर्व केंद्रीय गृह मंत्री शिवराज पाटिल का शुक्रवार को 90 वर्ष की उम्र में निधन हो गया।



उन्होंने लातूर में सुबह 6.30 बजे अंतिम सांस ली। शिवराज पिछले कुछ दिनों से बीमार चल रहे थे। लातूर में उनके घर देवघर में उनका इलाज चल रहा था। रिपोर्ट्स के मुताबिक पाटिल का अंतिम संस्कार शनिवार को किया जाएगा। शिवराज के परिवार में उनके बेटे शैलेश, बहू अर्चना और दो पोतियां हैं।

पाटिल लातूर लोकसभा सीट से 7 बार सांसद रहे। शिवराज को इंदिरा गांधी और राजीव गांधी का विश्वासपात्र माना जाता था। वे 1980 के दशक में इंदिरा और राजीव की सरकारों में रक्षा मंत्री रहे। इसके अलावा वे 1991 से 1996 तक लोकसभा के 10वें अध्यक्ष रहे। 2004 से 2008 तक केंद्र में गृह मंत्री रहे। हालांकि मुंबई हमले में सुरक्षा चूक की नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए उन्होंने इस्तीफा दे दिया था। 26 नवंबर 2008 को मुंबई में आतंकी हमलों के दौरान उन्हें काफी आलोचना झेलनी पड़ी। देश में इतने बड़े संकट के बावजूद शिवराज ने एक ही दिन में कई बार ड्रेस बदली। इसके लिए उनकी आलोचना हुई।

facebook YouTube twitter
देश और दुनिया की बड़ी खबरें देखने के लिए स्कैन करें और महानगर टाइम्स को लाइक व सब्सक्राइब करें।


# जयपुर टाइगर फेस्टिवल में बाघों के बिगड़ते लिंगानुपात पर जताई चिंता

महानगर टाइम्स संवाददाता





**जयपुर।** जयपुर के जवाहर कला केन्द्र में चल रहे जयपुर टाइगर फेस्टिवल में एक तरफ जहां बाघों की बढ़ती संख्या पर लोगों ने खुशी जताई, वहीं इनके बिगड़ते लिंगानुपात पर चिंता भी नजर आई, हालांकि बाघों का समर्पित यह अनोखा उत्सव सबका ध्यान खींचता नजर आया और बाघों की दुनिया से परिचित होने के लिए यहां अच्छी संख्या में लोग जुटे।

गौरतलब है कि अरावली की तलहटी में बसे जयपुर का टाइगर कनेक्शन नया नहीं है, इसलिए इसका आयोजन जयपुर में हो रहा है। फेस्टिवल में आयोजित विभिन्न गतिविधियों में तेजी से बदलते माहौल, बाघों के लिए बढ़ती चुनौतियों पर चिंता नजर आई, वहीं बाघ संरक्षण के लिए कला और संस्कृति एक मंच पर आते दिखे। फेस्टिवल में बाघ संरक्षण की अलख जगाने और वन्यजीव प्रेमियों को बाघों की दुनिया का दीदार कराने के लिए वर्चुअल रियलिटी तकनीक का प्रयोग कर वन्यजीव प्रेमियों को बाघों की दुनिया में भेजा गया। लोगों ने वीआर शो में बाघों की अठखेलियों को देखा और सुखद अनुभव प्राप्त किया। वहीं मानव आबादी बढ़ने से बाघों के सिकुड़ते आवास, शिकार की बड़ी चुनौती और बिगड़ते लिंगानुपात पर चिंता भी जाहिर की।

### 'मछली' ने रणथंभौर को दिलाई अन्तरराष्ट्रीय पहचान

रणथंभौर की प्रसिद्ध बाघिन मछली (टी-16) को रणथंभौर की रानी माना जाता है। इस बाघिन ने रणथंभौर को अंतरराष्ट्रीय पहचान दिलाई और बाघ पर्यटन को शिखर पर पहुंचाया। आज भी लाखों पर्यटक मछली और उसके वंशजों को देखने रणथंभौर आते हैं। उसकी पोती एरोहेड ने ही उसकी विरासत को बखूबी संभाला। रणथंभौर की मछली सिर्फ एक बाघिन नहीं थी, बल्कि वन्यजीव संरक्षण के इतिहास में एक लीजेंड के तौर पर जानी जाती है। 2008 में जब सरिस्का बाघों से खाली हो गया था, तब उसे मछली की संतानों से आबाद किया गया। कोटा-बूंदी के जंगलों में भी जब टाइगर ट्रांसलोकेशन हुआ, रणथंभौर की यही विरासत वहां पहुंची। इसी बाघिन के बारे में फेस्टिवल में विशेष जानकारी दी जा रही है।

### बाघ-बाघिन की अठखेलियों को पेंटिंग्स में उतारा

यहां लगी प्रदर्शनी में जंगल में घूमता हुआ बाघ, अपने बच्चों के साथ खेलती बाघिन के फोटोज तो हैं ही, राजस्थान की अलग-अलग टाइगर सेंचुरी के बारे में भी जानकारी दी गई है। फेस्टिवल में पेंटिंग एग्जीबिशन लगाई गई है, जिसमें बाघ, बाघिन और अन्य जानवरों की पेंटिंग्स हैं। एग्जीबिशन में आर्टिस्ट एम.एफ. हुसैन की पेंटिंग को डिस्प्ले किया गया है। यहां वीगन पेपर पर बाघ और अन्य जानवर की फोटो मिलेगी, जो 100 साल तक खराब नहीं होगी। विजिटर्स को रणथंभौर की मांडणा आर्ट से रूबरू होने का अवसर मिलेगा।

### स्टॉल पर प्रदर्शित हैं पुराने सिक्के और नोट

एग्जीबिशन में एक ऐसी स्टॉल है, जहां पर पुराने नोट और सिक्के उपलब्ध हैं। इनमें पृथ्वीराज चौहान के शासनकाल के सिक्के भी देख सकते हैं और उन्हें खरीद सकते हैं। ब्रिटिशकाल में शेविंग के बाद जिस परफ्यूम को यूज किया जाता था, वो परफ्यूम और बोतल यहां डिस्प्ले की गई है। इसके अलावा पोस्ट ऑफिस की ओर से स्टॉल लगाई गई है, जहां विजिटर्स अपनी फोटो के साथ टिकट प्रिंट करवा सकते हैं और उसका इस्तेमाल कर सकते हैं।

## सोशल मीडिया पर अशोभनीय कंटेंट रोकने के लिए बनें कड़े कानून: राठौड़

### राज्यसभा में सांसद ने उठाया गंभीर मुद्दा, नाबालिगों की डिजिटल सुरक्षा पर जताई चिंता

महानगर टाइम्स संवाददाता

**जयपुर।** राज्यसभा के सत्र में शुक्रवार भाजपा प्रदेशाध्यक्ष और राज्यसभा सांसद मदन राठौड़ ने सोशल मीडिया पर तेजी से फैल रहे अशोभनीय और अनैतिक कंटेंट पर कड़ी आपत्ति जताई। उन्होंने कहा कि रील और शॉर्ट वीडियो के नाम पर ऐसी सामग्री परोसी जा रही है, जो भारतीय समाज की पारिवारिक संरचना को नुकसान पहुंचा रही है।



राठौड़ ने बताया कि भाई-बहन, देवर-भाभी, ससुर-बहू जैसे पवित्र रिश्तों को मनोरंजन का साधन बनाकर प्रस्तुत किया जा रहा है, जिससे युवाओं के मन में रिश्तों को लेकर गलत धारणाएं पैदा हो रही हैं। उन्होंने भोजपुरी और हिंदी सहित विभिन्न भाषाओं में बढ़ते अशोभनीय ट्रेंड्स की भी आलोचना की और कहा कि अगर इस प्रवृत्ति को नहीं रोका गया तो आने वाले वर्षों में पारिवारिक मूल्यों में गंभीर गिरावट देखने को मिलेगी।

राठौड़ ने नाबालिगों के डिजिटल वातावरण को लेकर भी चिंता जताई। उन्होंने कहा कि 10-15 वर्ष की उम्र के बच्चे बिना किसी फिल्टर के ऐसी सामग्री देख रहे हैं, जो उनके मानसिक विकास और सामाजिक समझ पर नकारात्मक असर डालती है। सांसद ने जोर देकर कहा कि सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म अरबों के कारोबार करते हैं, लेकिन बच्चों की सुरक्षा और सांस्कृतिक मर्यादा के मामले में उनकी जिम्मेदारी बेहद कमजोर है।

# 355 करोड़ की बिल्डिंग को कब मिलेगा न्याय!

## अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस इमारत 2023 से है तैयार

### सरकार के पास 'महात्मा गांधी इंस्टीट्यूट ऑफ गवर्नेंस एण्ड सोशल साइंसेज' के लिए नहीं है कोई योजना

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** सरकार ने बेहतर तकनीकी शिक्षा देने के लिए जो सपना संजोया था, वो प्रशासन की लापरवाही की भेंट चढ़ गया है। इससे हजारों युवाओं को अब तक स्तरीय ज्ञान और कौशल के साथ तकनीकी कुशलता भी प्राप्त हो चुकी होती। करोड़ों रुपए की लागत से तैयार तकनीकी शिक्षा का केंद्र फिलहाल दो साल से काम नहीं आ पा रहा है। 355 करोड़ रुपए की लागत से 'महात्मा गांधी इंस्टीट्यूट ऑफ गवर्नेंस एण्ड सोश्यल साइंसेज' की यह बिल्डिंग पिछले दो वर्षों से तैयार है, पर सरकार के पास इसके उपयोग की कोई योजना साकार नहीं हो सकी है।




### पिछली सरकार की संकल्पना

प्रदेश में पिछली कांग्रेसनीत सरकार की उच्च शिक्षा में विश्व स्तरीय शिक्षण संस्थान बनाने की परिकल्पना थी। एक ऐसा केन्द्र जो अत्याधुनिक सभी शिक्षण उपकरणों से लेस हो, जिसमें सभी तकनीकी सत्रों का संचालन किसी भी कक्ष से संचालित किया जा सकता हो, जहां संचार उपकरणों के साथ विद्युत सप्लाई और गोलमेज संवाद के साथ सभी प्रकार से डिस्प्ले भी सुचारू रहे। इसी उद्देश्य को लेकर पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत का यह विशेष सपना था। इसी आधार पर इसे बनाया गया।



### क्या होने जा रही तैयारियां

कॉलेज शिक्षा निदेशालय की ओर से कमिश्नर ओमप्रकाश बैरवा से बातचीत में जानकारी मिली कि सरकार के पास इसकी फाइल गई हुई है। जल्द ही यहां शिक्षण कार्य शुरू होंगे। बैरवा ने बताया कि यहां के बारे में अंतिम निर्णय हालांकि सरकार ही करेगी। विभाग ने इस बिल्डिंग में कई प्रकार की शिक्षण गतिविधियां व संस्थान के संचालित करने के बारे में प्लानिंग की है। अधिक जानकारी नहीं दी जा रही है, दूसरी ओर बिल्डिंग के कई कामों को सुचारू किया जा चुका है। यहां हर फ्लोर पर सभी सुविधाओं को पूरा किया जा चुका है। तकनीकी उपकरणों की भी जांच पूरी तरह से दुरुस्त पाई गई है।

### हर फ्लोर पर वर्ल्ड क्लास कॉन्फ्रेंस रूम

सरकार की ओर से सेंटर फॉर एक्सीलेंस के आधार पर बनाई गई इस बिल्डिंग में हर फ्लोर पर वर्ल्ड क्लास कॉन्फ्रेंस रूम बनाए गए हैं, इसके साथ ही पूरी बिल्डिंग वातानुकूलित है। हर टेबल पर कंप्यूटर के साथ फोन की भी सुविधा दी गई है। किसी भी प्रकार की दुर्घटना से बचने के लिए सभी अत्याधुनिक सेल्फ सेफ्टी फीचर्स का उपयोग किया गया।

## जेडीए के प्रवर्तन दस्ते ने तीन अवैध कॉलोनियों को किया ध्वस्त

महानगर टाइम्स संवाददाता

**जयपुर।** जेडीए द्वारा जोन-12 में कालवाड़ रोड, जोबनेर रोड, मण्डा भोपावास, टोंक रोड, गोपालपुरा बाइपास पर औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण पर 3 नवीन अवैध कॉलोनियों को पूर्णतः ध्वस्त किया गया।

उप महानिरीक्षक पुलिस राहुल कोटोकी ने बताया कि निरीक्षण करने पर ग्राम सरना डूंगर में मंदिर माफी की करीब 16 बीघा भूमि पर, कालवाड़ रोड पर बस स्टैण्ड पर करीब 11 बीघा निजी खातेदारी भूमि पर और ग्राम मण्डा, भोपावास में करीब 40 बीघा भूमि पर अवैध रूप से कॉलोनी बसाने के लिए बनाई गई मिट्टी-ग्रेवल सड़कें व अन्य अवैध निर्माण को ध्वस्त किया गया।

## 'मीठा और मसालेदार' दोनों ने बिगाड़ा हाल!

- एक ही दिन में दो नामी दुकानों पर छापा,
- गाजर का हलवा और समोसों से बिगड़ी पुलिसकर्मियों की तबीयत



महानगर टाइम्स संवाददाता

**जयपुर।** शहर में गुरुवार दोपहर पुलिसकर्मियों द्वारा मंगवाए गए गाजर के हलवे और समोसों ने हड़कंप मचा दिया। इससे शहर के दो प्रतिष्ठित मिठाई एवं स्नैक्स के प्रतिष्ठान की खाद्य गुणवत्ता पर बड़ा सवाल खड़ा हो गया है। पुलिसकर्मियों ने दिन के भोजन के दौरान करीब सवा दो किलो गाजर का हलवा शंकर मिष्ठान भंडार, टोंक रोड से मंगवाया गया था, जबकि साथ में समोसे सोढाणी स्वीट्स से ऑर्डर किए थे। नाश्ता करते ही पुलिस के लगभग 12 जवानों और अधिकारियों की अचानक तबीयत बिगड़ने लगी। सभी को तेज पेट दर्द, उल्टी और चक्कर आने की शिकायत हुई, जिसके बाद उन्हें शहर के अलग-अलग अस्पतालों में भर्ती करवाना पड़ा।

घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस और सीएमएचओ की टीम तत्काल हरकत में आई। बचा हुआ गाजर हलवा जब्त कर एफएसएल भेजा गया। रिपोर्ट आने से पहले ही शुक्रवार सुबह सीएमएचओ प्रथम की टीम ने डॉ. रवि शेखावत के निर्देशन में गांधी नगर मोड़ स्थित स्पेशल शंकर मिष्ठान भंडार पर छापा मारा। टीम पहुंचने से पहले ही दुकान संचालक ने हलवा दुकान से गायब करवा दिया। हालांकि टीम ने हलवा बनाने में उपयोग होने वाली मिश्री मावा, चीनी, घी, गाजर और अन्य सामग्री के सैंपल जब्त किए। जांच में भारी गंदगी, पेस्ट कंट्रोल की कमी और साफ-सफाई में गंभीर लापरवाही मिलने पर दुकान को तत्काल सीज कर दिया गया। एफएसओ नरेश के अनुसार दुकान पर खाद्य स्वच्छता के मानकों का घोर उल्लंघन मिला। जब तक नियमों की पालना पूरी नहीं होगी, दुकान सीज ही रहेगी।

उधर, समोसे के लिए टीम नगर निगम के सामने स्थित सोढाणी स्वीट्स भी पहुंची और समोसे के सैंपल जब्त किए। दोनों दुकानों से लिए गए सैंपल लैब भेज दिए गए हैं, जिनकी रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई तय होगी।

### राजकीय अस्पतालों के जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र अब संबंधित जोन कार्यालयों पर बनेंगे

## जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र के लिए अब नहीं जाना पड़ेगा मुख्यालय

महानगर टाइम्स संवाददाता

**जयपुर।** अब शहर के नागरिकों को राजकीय अस्पतालों के जन्म एवं मृत्यु प्रमाण पत्र के लिए नगर निगम मुख्यालय नहीं आना होगा। सोमवार से यह सुविधा नगर निगम के सभी 13 जोन कार्यालयों में उपलब्ध होगी। पूर्व में केवल निजी अस्पतालों के जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र ही संबंधित जोन कार्यालयों से जारी होते थे, लेकिन अब शहर के सभी राजकीय एवं निजी अस्पतालों में जन्मे बच्चों तथा मृत्यु के मामलों के प्रमाण पत्र उसी जोन कार्यालय से जारी किए जाएंगे, जिसके क्षेत्र में अस्पताल स्थित है। इससे नागरिकों का समय, पैसा और यात्रा दोनों की बचत होगी।

आयुक्त डॉ. सैनी ने कहा कि यह कदम जनसुविधा को सरल एवं सुलभ बनाने की दिशा में बड़ा सुधार है। सभी जोन कार्यालयों को निर्देशित किया गया है कि आवेदन प्रक्रिया को पारदर्शी, सुव्यवस्थित और समयबद्ध तरीके से पूरा किया जाए। इसके साथ ही, विवाह प्रमाण पत्र पूर्व की भांति जोन कार्यालय और नगर निगम मुख्यालय दोनों स्थानों पर बनाए जा सकेंगे।

निगम रजिस्ट्रार विक्रम सिंह ने बताया कि जिन आवेदकों ने शुक्रवार तक जन्म या मृत्यु प्रमाण पत्र के लिए मुख्यालय पर आवेदन कर दिया है, उन्हें प्रमाण पत्र मुख्यालय से ही जारी किए जाएंगे।

### जोन-वार एवं मुख्यालय-वार अस्पतालों की सूची (जहां से प्रमाण पत्र जारी होंगे)

**हवामहल-आमेर जोन**
- सीएचसी आमेर
- पं. दीनदयाल उपाध्याय अस्पताल, गणगौरी बाजार
- राष्ट्रीय आयुर्वेद चिकित्सालय, आमेर

**मालवीय नगर जोन**
- महिला चिकित्सालय, सांगानेरी गेट
- रुक्मणि देवी जयपुरिया चिकित्सालय
- संतोकबा दुर्लभ जी अस्पताल

**सिविल लाइंस जोन**
- जनाना अस्पताल, चांदपोल
- सैटेलाइट चिकित्सालय, बनीपार्क
- श्री हरबख्श कांवटिया चिकित्सालय
- केंद्रीय चिकित्सालय, उत्तर पश्चिम रेलवे

**सांगानेर जोन**
- सीएचसी, सांगानेर

विद्याधर नगर जोन
- सैनिक अस्पताल

**आदर्शनगर जोन**
- सीएचसी जामडोली

**झोटवाड़ा जोन**
- सीएचसी सिरसी

**जगतपुरा जोन**
- सीएचसी गोनेर

मुख्यालय के अधीन आने वाले अस्पताल
(इनके लिए प्रमाण पत्र मुख्यालय से ही जारी होंगे)
- एसएमएस अस्पताल
- सुपर स्पेशलिटी अस्पताल
- स्टेट कैंसर हॉस्पिटल
- जेके लॉन अस्पताल
- आरयूएचएस अस्पताल
- मनोचिकित्सालय

## एसआईआर की सफलता से बौखलाई कांग्रेस: दाधीच

### भाजपा ने कांग्रेस पर संवैधानिक संस्थाओं पर अविश्वास दिखाने के लगाए आरोप

महानगर टाइम्स संवाददाता

**जयपुर।** भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष मुकेश दाधीच ने कांग्रेस पर संवैधानिक संस्थाओं पर अविश्वास दिखाने का आरोप लगाते हुए तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग से लेकर अन्य संस्थाओं पर सवाल उठाना कांग्रेस की पुरानी आदत बन चुकी है।



दाधीच ने कहा कि कांग्रेस खुद नहीं समझ पा रही कि वह किस बात का विरोध कर रही है और क्यों कर रही है।

उन्होंने कहा कि यह वही कांग्रेस है, जिसने 52 हजार बीएलओ नियुक्त किए थे और उन्हीं बीएलओ ने निष्ठा के साथ एसआईआर का कार्य संपादित किया। अब उन्हीं की कार्यप्रणाली पर कांग्रेस का सवाल खड़ा करना उसकी बौखलाहट दर्शाता है।

दाधीच ने चुटकी लेते हुए कहा कि रामलीला मैदान की क्षमता 25 हजार है, कांग्रेस चाहे तो अपने बीएलओ में से आधों को बुलाकर ही इसे भर सकती है, लेकिन उसके कार्यकर्ता भी रैली में आने को तैयार नहीं, क्योंकि वे जानते हैं कि एसआईआर की प्रक्रिया पारदर्शी और सुचारू ढंग से पूरी हुई है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस बिना तथ्य भ्रम फैलाने की कोशिश कर रही है, जबकि जनता एसआईआर को लेकर पूरी तरह संतुष्ट है और यही कांग्रेस की परेशानी का कारण है।

## कृतार्थ ने बनाया विश्व रिकॉर्ड

महानगर टाइम्स संवाददाता

**जयपुर।** शहर के कृतार्थ आचार्य ने 1 मिनट में 125 पुश-अप्स लगाकर अपना नाम इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में दर्ज कराया है। इससे पहले भी वे एक विश्व रिकॉर्ड अपने नाम कर चुके हैं और यह उनका दूसरा बड़ा रिकॉर्ड है। खास बात यह है कि कृतार्थ पूरी तरह शाकाहारी आहार लेते हैं और किसी भी प्रकार के स्टेरॉयड या प्रोटीन सप्लीमेंट का उपयोग नहीं करते। अपने बेहतर प्रदर्शन का श्रेय वे अपने परिजनों की प्रेरणा और सहयोग को देते हैं। कृतार्थ का कहना है कि यह सिर्फ शुरुआत है, वे आगे भी कई और वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाकर देश और शहर का नाम रोशन करना चाहते हैं। कृतार्थ ने सिर्फ 12 साल की उम्र में कसरत करना शुरू कर दिया था।



## आमेर-कुण्डा में बिजली चोरी के 11 मामले पकड़े

### 7 लाख 9 हजार का जुर्माना लगाया

महानगर टाइम्स संवाददाता

**जयपुर।** बिजली विभाग की सतर्कता शाखा ने शुक्रवार को आमेर कुण्डा की ढाणी में कार्रवाई करते हुए 11 जगहों पर बिजली चोरी के मामले पकड़े हैं, वहीं कुल 7 लाख 9 हजार रुपए का जुर्माना लगाया गया। टीम द्वारा सतर्कता जांच के दौरान कुण्डा की ढाणी उपखण्ड के अंतर्गत आरा मशीन का कारखाना, टैंकर से पानी सप्लाई के लिए स्थापित बोरिंग व आवासीय परिसरों में कार्रवाई की गई। इसके तहत आमेर-कुण्डा के भानपुरकलां गांव में स्थित एक आरा मशीन के कारखाने में बिजली चोरी पाए जाने पर वीसीआर भरी जाकर करीब 22 हजार रुपए का जुर्माना लगाया गया। ग्राम हरवर पोस्ट ढण्ड में 2 जगहों में टैंकर से पानी सप्लाई के लिए स्थापित बोरिंग में बिजली चोरी पाए जाने पर करीब 2 लाख 20 हजार का जुर्माना लगाया गया है।

वहीं आमेर-कुण्डा के ग्राम खोरामीना, भानपुरकलां, हरवर, टीकमपुरा में स्थित 8 आवासीय परिसरों में विद्युत चोरी पाए जाने पर 8 वीसीआर भर कर 4 लाख 67 हजार का जुर्माना लगाया गया। टीम द्वारा मौके पर सभी बिजली कनेक्शन को काटकर अवैध केबिल को जब्त कर लिया गया है। शाखा के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महेन्द्र कुमार शर्मा ने बताया कि आमेर-कुण्डा में बिजली चोरी की काफी शिकायतें मिल रही थी।

### पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से चढ़ा पारा, 1 से 3 डिग्री तक बढ़ा तापमान

## 19 शहरों का रात का पारा 10 डिग्री से नीचे, फतेहपुर की रात सबसे सर्द

महानगर टाइम्स संवाददाता

**जयपुर।** एक कमजोर पश्चिमी विक्षोभ के आंशिक प्रभाव से प्रदेश के अधिकांश शहरों के पारे में उछाल दर्ज किया गया है। शहरों के रात के पारे में एक से 3 डिग्री तक की बढ़ोतरी दर्ज की गई है। इससे आमजन को तेज सर्दी से राहत मिली है। हालांकि प्रदेश के 19 शहरों का रात का पारा 10 डिग्री से नीचे दर्ज किया गया। 4.7 डिग्री के साथ फतेहपुर की रात सबसे सर्द रही। जयपुर के पारे में उछाल दर्ज किया गया। जयपुर के दिन के पारे में 1 और रात के पारे में 0.9 डिग्री का उछाल दर्ज किया गया। जयपुर का अधिकतम तापमान 28.4 और न्यूनतम तापमान 11.6 डिग्री दर्ज किया गया।

मौसम विभाग के अनुसार फतेहपुर के अलावा लूणकरणसर का न्यूनतम तापमान 5.9, दौसा 6.2, सीकर 6.5, जालौर और करौली 6.6, वनस्थली एवं चूरू 7.1, सिरोही 7.2, पिलानी 7.5, बारां 8, झुंझुनूं 8.1, भीलवाड़ा 8.6, अलवर 8.8, चित्तौड़गढ़ 9, पाली 9.2, डबोक और जोधपुर 9.8 और अजमेर का 9.9 डिग्री दर्ज किया गया। 31.9 डिग्री के साथ बाड़मेर का दिन और 13.2 डिग्री के साथ फलौदी की रात सबसे गर्म रही।

मौसम विज्ञान केंद्र जयपुर के निदेशक राधेश्याम शर्मा ने बताया कि उत्तर-पश्चिमी भारत की कुछ भागों में एक और नया पश्चिमी विक्षोभ 18 से 20 दिसंबर के आस-पास सक्रिय होने की संभावना है। राज्य के अधिकांश भागों में आगामी एक सप्ताह मौसम शुष्क रहने की प्रबल संभावना है। हालांकि, एक कमजोर पश्चिमी विक्षोभ के आंशिक प्रभाव से आगामी 2 दिन आंशिक बादलों की आवाजाही होने से न्यूनतम तापमान में 1 से 2 डिग्री हल्की बढ़ोतरी होने की संभावना है। राज्य के अधिकांश भागों में आगामी दिनों में न्यूनतम तापमान सामान्य रहने तथा शीतलहर से राहत जारी रहने की संभावना है।

# जगतपुरा को जलभराव से फिलहाल नहीं मिलेगी मुक्ति

### दो अड़चन के चलते 6 माह से बंद पड़ा है काम

महानगर टाइम्स संवाददाता



**जयपुर।** जगतपुरा और उसके आस-पास के इलाके को जलभराव की समस्या से मुक्ति दिलाने के लिए जेडीए ने ड्रेनेज लाइन का काम शुरू किया था, लेकिन दो अड़चनों के चलते पिछले 6 माह से काम बंद पड़ा है। जेडीए अधिकारी इस काम को पूरा करने में ज्यादा रुचि नहीं दिखा रहे हैं। इसके चलते यह काम तय डेडलाइन से करीब डेढ़ साल देरी से चल रहा है। अभी भी फिलहाल इस काम के पूरे होने के आसार नजर नहीं आ रहे है।

जानकारी के अनुसार जेडीए ने जगतपुरा और उसके आस-पास के इलाके में 45 करोड़ रुपए की लागत से 17 किमी. लम्बी ड्रेनेज का काम शुरू तो कर दिया है, लेकिन काम रफ्तार नहीं पकड़ पाया है। ड्रेनेज बनाने का काम 15 जून 2023 में शुरू किया गया था और इसे जून 2024 में पूरा करना था। काम पूरा नहीं होने पर नई डेडलाइन जून 2025 तय की गई, लेकिन इस डेडलाइन में भी काम पूरा नहीं हो पाया है। इस काम के दौरान जोन-9 में तीन से चार बार एक्सईएन को बदला जा चुका है।

वर्तमान स्थिति को देखे तो प्रथम पार्ट में 60 और द्वितीय पार्ट में 30 फीसदी काम ही पूरा हुआ है। इस काम को मैसर्स शिवम कंडेव द्वारा किया जा रहा है। जेडीए काम में देरी और लापरवाही बरतने पर अब तक करीब 80 लाख रुपए से ज्यादा की पेनल्टी कम्पनी पर लगा चुका है।

जानकारी के अनुसार ड्रेनेज सिस्टम डवलप होने पर जगतपुरा, रामनगरिया, एसकेआईटी, सेंट्रल स्पाइन, ज्ञान विहार, वीआईटी सहित उसके आस-पास के इलाकों को बारिश के दौरान जलभराव की समस्या से नहीं जूझना पड़ेगा। जगतपुरा आरओबी से हाइटेंशन लाइन तक, 7 नवम्बर चौराहे से हाइटेंशन लाइन तक, एनआरआई चौराहे से हाइटेंशन लाइन तक, अक्षयपात्र चौराहे से हाइटेंशन लाइन तक ड्रेनेज लाइन बनाई जाएगी।

### बीसलपुर और आईओसीएल लाइन के चलते बंद पड़ा काम

ड्रेनेज के काम से जुड़े जोन-9 के अधिकारियों का कहना है कि हाईटेंशन लाइन के पास से गुजर रही बीसलपुर की पाइप लाइन और महिमा पनोरमा के पास आईओसीएल की पाइप के चलते ड्रेनेज का काम बंद पड़ा है। हाल ही में बीसलपुर लाइन को शिफ्ट करने की स्वीकृति मिली है इसके टेंडर लगा दिए गए हैं। बीसलपुर लाइन शिफ्ट होने के बाद यहां पर लाइन को मुख्य लाइन से जोड़ दिया जाएगा, लेकिन आईओसीएल कम्पनी द्वारा स्वीकृति नहीं मिलने पर काम पूरा नहीं हो पाएगा।

# हाईकोर्ट बार के सोगरवाल बने अध्यक्ष, दीपेश महासचिव निर्वाचित

महानगर टाइम्स संवाददाता





**जयपुर।** राजस्थान हाईकोर्ट बार एसोसिएशन के वार्षिक चुनाव में राजीव सोगरवाल अध्यक्ष पद पर विजयी हुए। उन्होंने निवर्तमान अध्यक्ष महेन्द्र शांडिल्य को 532 मतों से हराया। सोगरवाल ने 1741 मत हासिल किए, जबकि शांडिल्य को 1209 मतों से संतोष कराना पड़ा। वहीं महासचिव पद पर दीपेश शर्मा ने रिकॉर्ड 2748 मतों से जीत दर्ज की। इसी तरह उपाध्यक्ष के दो पदों पर अनुराग कलावटिया और सुनील शर्मा ने जीत दर्ज की। इसके अलावा कोषाध्यक्ष पद पर प्रीति शर्मा, पुस्तकालय सचिव के पद पर बॉबी दत्ता, संयुक्त सचिव पद पर हिमांशी मीणा, संयुक्त पुस्तकालय सचिव के पद पर प्रज्ञा पांडे और सांस्कृतिक सचिव पद पर उपासना आर्य विजयी हुई। इसके अलावा कार्यकारिणी के आठ पदों पर कुलदीप शर्मा, शुभम जैन, अनुश्री अग्रवाल, सौरभ तिवाड़ी, अजय सिंह राजावत, नरेन्द्र पारीक, दुष्यंत सिंह नरूका और देवेन्द्र शर्मा निर्वाचित हुए।

दूसरी ओर दी बार एसोसिएशन, जयपुर, के वार्षिक चुनाव के लिए शुक्रवार को मतदान हुआ। कुल 4566 मतदाताओं में से 4119 वकीलों ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। चुनाव में अध्यक्ष पद पर 7, उपाध्यक्ष के दो पदों पर 5, महासचिव पद पर 8 और संयुक्त सचिव पद पर 6 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं। चुनाव संपन्न कराने के लिए करीब 250 वकीलों की टीम बनाई गई थी और सीसीटीवी की निगरानी में चुनाव प्रक्रिया पूरी हुई। मतों की गणना शनिवार को की जाएगी।

## सोयल बने दी फैमिली कोर्ट बार एसोसिएशन के महासचिव



**जयपुर।** दी फैमिली कोर्ट बार एसोसिएशन जयपुर के वार्षिक चुनाव संपन्न हुए। सभी सदस्यों ने सर्वसम्मति से एडवोकेट राजेंद्र कुमार सोयल को दी फैमिली कोर्ट बार एसोसिएशन राजस्थान हाई कोर्ट जयपुर का महासचिव चुना। सोयल फागी, जयपुर के निवासी है और पूर्व में भी दो बार उपाध्यक्ष, संयुक्त सचिव, कार्यकारिणी सदस्य के पदों पर रहकर कार्य कर चुके हैं। सोयल ने बताया कि महासचिव जैसे बड़े पद की जिम्मेदारी बखूबी पूर्वक निभाऊंगा और अधिवक्ता व पक्षकारों के हितों का ध्यान में रखते हुए न्यायालय में विकास के कार्य करवाऊंगा।

### दी जेडीए बार एसोसिएशन के चुनाव परिणाम घोषित

## धर्मेन्द्र शर्मा ने अध्यक्ष पद पर की जीत दर्ज



**जयपुर।** दी जेडीए बार एसोसिएशन के चुनाव शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हुए। अध्यक्ष पद पर त्रिकोणीय मुकाबला देखने को मिला, जिसमें धर्मेंद्र शर्मा ने जीत दर्ज की। उन्होंने अपने निकटतम प्रतिद्वंदी जेएस नारंग पर तीन मतों से त्रिकोणीय मुकाबले में जीत दर्ज की। महासचिव पद पर त्रिकोणीय मुकाबले में संजय कुमार बोयला ने 13 मतों से अपने निकटतम प्रतिद्वन्दी चन्द्रहास से जीत हासिल की। उपाध्यक्ष पद पर मंजुलता शर्मा व लक्ष्मणसिंह विजयी हुए। संयुक्त सचिव विनोद कुमार वर्मा, कोषाध्यक्ष पद पर उपेन्द्र सिंह, पुस्तकालय सचिव भगवानी शारदा एवं सांस्कृतिक सचिव सुन्दर लाल निर्वाचित घोषित किए गए। चुनाव मुख्य चुनाव अधिकारी शीशराम राव एवं सहायक चुनाव अधिकारी मनमोहन अरोड़ा एवं उप चुनाव अधिकारी अभिषेक शर्मा की देखरेख में संपन्न हुए।

# विश्वविद्यालय में गुलदाऊदी प्रदर्शनी शुरू, उद्यानप्रेमी उमड़े

महानगर टाइम्स संवाददाता



**जयपुर।** उद्यान प्रेमी सर्दी में जिसका बेसब्री से इंतजार करते हैं वो 'गुलदाऊदी प्रदर्शनी' शुक्रवार को राजस्थान विश्वविद्यालय के नर्सरी प्रांगण में शुरू हुई। इस 39वीं प्रसून प्रदर्शनी 2025 का उद्घाटन राजस्थान पत्रिका समाचार पत्र समूह के प्रधान संपादक गुलाब कोठारी ने किया।

राजस्थान विश्वविद्यालय के उद्यान विभाग की ओर से हर साल गुलदाऊदी के फूलों की प्रदर्शनी आयोजित की जाती है। इसके लिए शहर भर के उद्यान प्रेमी बेसब्री से इंतजार करते हैं। दिसम्बर में आयोजित होने वाली इस प्रदर्शनी में इस बार 40 प्रकार की किस्मों की प्रदर्शनी लगाई गई है। जबकि डिस्प्ले के तौर पर 7000 हजार गमले रखे गए हैं। गुलदाऊदी के साथ गेंदा और डहलिया की प्रदर्शनी भी लगाई गई है। डहलिया के 1000 गमले तैयार किए गए हैं।

**खरीदे भी जा सकेंगे फूलों सहित गमले:** विश्वविद्यालय उद्यान एवं नर्सरी विभाग के प्रभारी डॉ.योगेश जोशी ने बताया कि 12 और 13 दिसंबर को भी यह प्रदर्शनी जारी रहेगी। इसमें गुलदाऊदी, गेंदा और डहलिया की विभिन्न किस्में प्रदर्शित की जा रही है। 14 दिसम्बर को सुबह 10 बजे से इन फूलों को खरीदा भी जा सकेगा। प्रशासन की ओर से 150 रुपए में गमले सहित गुलदाऊदी जबकि 100 रुपए में गेंदा और डहलिया के गमले सहित पेड़ बेचे जाएंगे। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि गुलाब कोठारी के साथ विशिष्ट अतिथि सिविल लाइंस विधायक और राजस्थान विश्वविद्यालय के सिंडीकेट सदस्य गोपाल शर्मा, कुलगुरु प्रो.अल्पना कटेजा भी उपस्थित रहे।

### निकाय-पंचायत चुनावों को जीतने की रणनीति तेज

# भाजपा की वास्तविक 'फील्ड आर्मी' बनेंगे प्रभारी-सहप्रभारी

### प्रभुलाल सैनी, निहालचंद, भारद्वाज, मटोरिया जैसे नामों पर पार्टी की बड़ी मोहर

महानगर टाइम्स संवाददाता

**जयपुर।** भाजपा ने निकाय और पंचायत चुनावों में फतह सुनिश्चित करने के लिए अपनी रणनीति को धारदार बनाना शुरू कर दिया है। पार्टी ने हाल ही घोषित जिला प्रभारी और सह प्रभारियों की सूची में शामिल दिग्गज नेताओं को अब चुनावी मैदान में सक्रिय रूप से उतारने की तैयारी कर ली है। इन नेताओं को उनके जिलों में संगठन की पकड़ मजबूत करने, स्थानीय समीकरण साधने और बूथ स्तर पर पार्टी की जड़ें गहरी करने का अहम टास्क दिया जा रहा है। आगामी चुनावों को देखते हुए भाजपा नेतृत्व मानता है कि इन अनुभवी नेताओं की सक्रिय भागीदारी से न केवल संगठन मजबूत होगा, बल्कि चुनावी परिणामों पर भी सीधा असर पड़ेगा। सूत्रों की मानें तो प्रत्याशी चयन, बूथ मैनेजमेंट, नाराजगी दूर करना और जमीनी फीडबैक देना, ये सब जिम्मेदारियां सीधे इन्हीं जिलाई प्रभारियों से ली जाएंगी। सूत्र कहते हैं कि पार्टी अब प्रत्याशी चयन में इन्हीं नेताओं पर सबसे ज्यादा भरोसा करेगी और इनका फीडबैक ही चुनावी मैदान में भाजपा के लिए सबसे निर्णायक होगा।



**जिला प्रभारी और सह-प्रभारी की भूमिकाः क्या-क्या जिम्मेदारियां?**

**1. प्रत्याशी चयन में अंतिम रिपोर्टिंग**
- स्थानीय समीकरणों का आकलन
- सर्वे और कार्यकर्ताओं का फीडबैक
- कमजोर-मजबूत सीटों की रिपोर्ट तैयार करना

**2. संगठन और सत्ता के बीच समन्वय**
- नाराज कार्यकर्ताओं को मनाना
- जिलों में सरकार और संगठन के बीच बन रही दूरी को खत्म करना

**3. बूथ प्रबंधन की देखरेख**
- बूथ समितियों की सक्रियता
- पन्ना प्रमुखों की तैनाती और क्रॉस चेक

**4. जिला स्तर पर चुनावी रणनीति तैयार करना**
- विपक्ष की गतिविधियों पर निगरानी
- मीडिया-सोशल मीडिया से जुड़े प्रमुख मुद्दों की चुनावी रिपोर्ट

**5. भाजपा की लाइन पर जिला संगठन को चलाना**
- हर जिले में माहौल तैयार करना
- निकाय-पंचायत चुनावों के लिए 'विजय रोडमैप' तैयार करना

**प्रदेश स्तर पर जल्द होगी प्रभारियों की बड़ी कार्यशाला:** भाजपा की योजना है कि अगले कुछ हफ्तों में जिला प्रभारियों की प्रदेश स्तरीय कार्यशाला आयोजित की जाए, जिसमें मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ मौजूद रहेंगे। यह कार्यशाला आगामी निकाय और पंचायत चुनावों की मास्टर प्लानिंग का मंच होगी।

**कार्यकारिणी से बाहर हुए दिग्गजों की शानदार 'कमबैक एंट्री':** इन नियुक्तियों की सबसे खास बात यह है कि भाजपा ने उन चेहरों को अहम जिम्मेदारी दी है, जो हाल ही में घोषित कार्यकारिणी से बाहर रह गए थे। राजनीतिक गलियारों में चर्चा है कि इन चेहरों का नाम राजनीतिक नियुक्तियों की रेस में सबसे आगे था, ऐसे में पार्टी का इन्हें जिला प्रभार सौंपना बताता है कि भाजपा पंचायत-निकाय चुनावों को राजनीतिक नियुक्तियों जितना ही अहम मान रही है।

**ये नाम शामिल**

**प्रभुलाल सैनी** - जयपुर शहर प्रभारी
**लक्ष्मीकांत भारद्वाज** - प्रमुख जिला प्रभारियों में
**निहालचंद मेघवाल** - महत्वपूर्ण जिले की जिम्मेदारी
**अभिषेक मटोरिया,** रवि नैय्यर, सोमकांत शर्मा, निर्मल कुमावत, नीरज जैनः संगठन के कद्दावर चेहरे, अब चुनावी रणनीति की रीढ़।

**जनप्रतिनिधियों को भी बड़ी जिम्मेदारी**

भाजपा ने दो सक्रिय जनप्रतिनिधियों पर भी भरोसा जताया है, जिनमें विधायक गोवर्धन वर्मा, पूर्व विधायक निर्मल कुमावत को शामिल किया है। इनके अनुभव और क्षेत्रीय पकड़ का फायदा पार्टी निकाय और पंचायत चुनावों में उठाना चाहती है।

**आदिवासी बेल्ट पर विशेष फोकस**

उदयपुर-बांसवाड़ा-डूंगरपुर में नए चेहरे उतारकर भाजपा की ताकत बढ़ाने की तैयारी भी है। भाजपा ने इस सूची के जरिए साफ कर दिया है कि वह आदिवासी क्षेत्रों में अपना जनाधार मजबूत करने के लिए आक्रामक मोड में है। इन चेहरों में मोतीलाल मीणा को उदयपुर देहात की कमान, अनिता कटारा को बांसवाड़ा सह प्रभारी, अनिता गुर्जर को सीकर सह प्रभारी बनाया है। मेवाड़, वागड़ और शेखावाटी के राजनीतिक समीकरणों को देखते हुए इन नियुक्तियों को बेहद महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

## सीएम शर्मा ने वैर विधायक बहादुर सिंह कोली की पूछी कुशलक्षेम



**जयपुर (महानगर टाइम्स संवाददाता)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने शुक्रवार को जयपुर के मानसरोवर स्थित निजी अस्पताल पहुंचकर वहां भर्ती वैर विधायक बहादुर सिंह कोली की कुशलक्षेम पूछी। उन्होंने डॉक्टरों से कोली के स्वास्थ्य की प्रगति की जानकारी भी ली। कोली हृदय संबंधी समस्या से पीड़ित हैं।

## लोकसभा में गूंजा सरकारी भूमि पर अवैध कब्जों का मुद्दा

### जयपुर सांसद मंजू शर्मा ने शून्यकाल में उठाई आवाज, कहा-जयपुर सहित देशभर की रिपोर्ट पेश करे सरकार

महानगर टाइम्स संवाददाता



**जयपुर/नई दिल्ली।** लोकसभा में शुक्रवार को सरकारी भूमि पर बढ़ते अवैध कब्जों और अतिक्रमण का मुद्दा जोरदार तरीके से उठा। जयपुर लोकसभा सांसद मंजू शर्मा ने शून्यकाल में कहा कि देशभर में चरागाह, वन, नगर निगम, नगर पालिका, विकास प्राधिकरण और अन्य विभागों की हजारों बीघा भूमि पर कब्जाधारियों ने अवैध कॉलोनियां बसा दी हैं। कई जगह तो बेधड़क अवैध पट्टे तक काट दिए गए और मकान भी खड़े कर दिए गए।

शर्मा ने केंद्र सरकार से स्पष्ट जानकारी मांगी कि देशभर में कुल कितनी सरकारी भूमि अवैध कब्जों की जद में है। विशेषकर राजस्थान की राजधानी जयपुर में इसका कितना दायरा है। उन्होंने मांग की कि सरकार विस्तृत रिपोर्ट सदन में पेश करे ताकि स्थिति पारदर्शी रूप से सामने आ सके। सांसद ने कहा कि शासन को अवैध कब्जों वाली भूमि को तत्काल चिह्नित कर अतिक्रमण से मुक्त कराना चाहिए, जिससे इन जमीनों का उपयोग जनहित और विकास कार्यों में किया जा सके। उन्होंने कहा कि सरकारी भूमि पर अतिक्रमण न केवल कानून व्यवस्था का सवाल है, बल्कि भविष्य की योजनाओं और बुनियादी ढांचे के विकास में भी बड़ी बाधा है।

### भाजपा मीडिया विभाग की वर्चुअल बैठक सम्पन्न

## सरकार की दो वर्ष की उपलब्धियां जन-जन तक पहुंचाने की रणनीति तैयार



### 200 विकास रथ हर विधानसभा में करेंगे जनसंपर्क, मीडिया विभाग को मिली बड़ी जिम्मेदारी

महानगर टाइम्स संवाददाता

**जयपुर।** भाजपा मीडिया विभाग की शुक्रवार को आयोजित वर्चुअल बैठक में प्रदेश स्तर से लेकर सभी जिलों तक के मीडिया संयोजक जुड़े। बैठक में पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं वित्त आयोग के अध्यक्ष अरुण चतुर्वेदी, प्रदेश मीडिया प्रभारी प्रमोद वशिष्ठ और प्रदेश प्रवक्ता लक्ष्मीकांत भारद्वाज ने आगामी जनसंपर्क कार्यक्रमों पर चर्चा हुई। चतुर्वेदी ने कहा कि भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में लगातार दो वर्षों तक राजस्थान सरकार ने जनसेवा और विकास को सर्वोपरि रखते हुए उल्लेखनीय कार्य किए हैं। उन्होंने बताया कि सरकार की उपलब्धियों को आमजन तक पहुंचाने के लिए 200 विकास रथ सभी 200 विधानसभा क्षेत्रों में भेजे जाएंगे। इन रथों के माध्यम से सरकार की योजनाओं और उपलब्धियों का व्यापक प्रचार-प्रसार होगा। मीडिया विभाग की टीम को इन रथों के साथ समन्वय स्थापित कर अधिकतम जनभागीदारी सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी दी गई है।

प्रदेश मीडिया प्रभारी प्रमोद वशिष्ठ ने कहा कि प्रदेश और जिला मीडिया टीमें मंडल स्तर से लेकर विधानसभा तक विकास रथों के कार्यक्रमों का संयोजन करेंगी। प्रत्येक जिले में प्रभारी मंत्री और स्थानीय नेतृत्व इन जनसंपर्क कार्यक्रमों को गति देंगे और मीडिया के माध्यम से लगातार अपडेट साझा किए जाएंगे। प्रदेश प्रवक्ता लक्ष्मीकांत भारद्वाज ने कहा कि युवाओं के सर्वांगीण विकास और गरीबों के सम्मान को केंद्र में रखकर भजनलाल सरकार ने दो वर्षों में संवेदना और विकास दोनों को साथ लेकर काम किया है। विकास रथ इसी प्रतिबद्धता को जनता तक पहुंचाने का माध्यम बनेंगे।

# राजस्थान फाउंडेशन दिल्ली चैप्टर के प्रतिनिधिमण्डल ने विधानसभा का किया अवलोकन




महानगर टाइम्स संवाददाता

**जयपुर।** प्रथम प्रवासी राजस्थानी दिवस सम्मेलन में भाग लेने आए राजस्थान फाउंडेशन के प्रतिनिधिमण्डल ने राजस्थान विधानसभा का अवलोकन किया। बीकानेरवाला ग्रुप के निदेशक नवरतन अग्रवाल के नेतृत्व में आए प्रतिनिधिमण्डल ने राजस्थान विधानसभा में डिजिटल म्यूजियम में संविधान और वन्दे मातरम् गैलरी तथा विधानसभा परिसर में करगिल शौर्य वाटिका का निर्माण देखा और सराहना की। प्रतिनिधिमण्डल के सदस्यों ने विधानसभा के प्रमुख सचिव भारत भूषण शर्मा से भी शिष्टाचार भेंट की। विधानसभाध्यक्ष के उप सचिव सुनील अग्रवाल ने प्रतिनिधिमण्डल के सदस्यों को विधानसभा सदन के मुख्य हाल और अन्य दीर्घाओं का अवलोकन कराया। प्रतिनिधिमण्डल ने राजस्थान विधानसभा के भव्य और अति सुंदर भवन के साथ ही उसकी स्थापत्य कला को अनूठा बताया।

## भारतीय बीज सहकारी समिति राजस्थान सदस्यता में देश में पहले स्थान पर

### 6120 सहकारी समितियां प्राप्त कर चुकीं सदस्यता

महानगर टाइम्स संवाददाता

**जयपुर।** 'सहकार से समृद्धि' के लिए केंद्र सरकार ने राजस्थान को उच्च प्राथमिकता दी हुई है। राजस्थान भी इसी प्रकार अपनी दक्षता साबित कर रहा है। इसी क्रम में भारतीय बीज सहकारी समिति लिमिटेड (बीबीएसएसएल) की सदस्यता के मामले में राजस्थान ने देश में पहला स्थान हासिल किया है। सहकारिता विभाग की प्रमुख शासन सचिव एवं रजिस्ट्रार, सहकारी समितियां मंजू राजपाल ने इस सफलता पर कहा कि राज्य की सहकारी समितियों को भविष्य में इसका सीधा लाभ मिलेगा और उनकी आय में वृद्धि होगी। राजपाल ने बताया कि देश में अब तक 32 हजार 727 सहकारी समितियों ने बीबीएसएसएल की सदस्यता हासिल की है। प्रदेश में अब तक प्रदेश की लगभग 6,200 सहकारी समितियां इसकी सदस्यता के लिए आवेदन कर चुकी हैं तथा 6120 सहकारी समितियों को सदस्यता प्राप्त हो चुकी है, जो देश में सर्वाधिक है। गुजरात 5524 सहकारी समितियों एवं महाराष्ट्र 4969 सहकारी समितियों की संख्या के साथ क्रमशः दूसरे एवं तीसरे स्थान पर हैं।

उल्लेखनीय है कि सहकारी समितियों एवं किसानों की आय में वृद्धि को देखते हुए केंद्र सरकार की ओर से राष्ट्रीय स्तर की तीन सहकारी समितियों भारतीय बीज सहकारी समिति लिमिटेड, राष्ट्रीय सहकारी ऑर्गेनिक्स लिमिटेड एवं राष्ट्रीय सहकारी निर्यात लिमिटेड का गठन किया गया है। अब तक राज्य की 1038 समितियां एनसीओएल एवं 1045 समितियां एनसीईएल की सदस्यता के लिए आवेदन कर चुकी हैं।

## प्रदेशवासी त्राहिमाम कर रहे, सरकार हर जगह विफलः जूली

### अफसरों की मनमानी हावी, भाजपा विधायकों की भी नहीं सुनी जा रहीः डोटासरा

महानगर टाइम्स संवाददाता



**जयपुर।** प्रदेश भाजपा सरकार के दो साल पूरे होने के उपलक्ष्य में आयोजित समारोह को लेकर विपक्ष ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा को घेरते हुए कहा कि जनता परेशान हो रही है और सरकार जलसे कर रही है। नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने सरकार के दो साल के कार्यकाल पर तंज कसते हुए कहा कि भाजपा का यह दावा कि उसने 70 फीसदी वादे पूरे कर दिए, सदी का सबसे बड़ा झूठ है। जनता अब समझ चुकी है कि यह जुमलों की सरकार है। प्रदेशवासी त्राहिमाम कर रहे हैं और इस सरकार को उखाड़ फेंकने का मन बना चुके हैं।

जूली ने कहा कि ट्रेलर अंता उपचुनाव में दिखा और टीजर पंचायतीराज और नगरीय निकाय चुनावों में दिख जाएगा। मुख्यमंत्री खुद को पूर्व सरपंच बताते हैं, लेकिन पंचायती राज के चुनावों पर रोक लगाकर उन्होंने लोकतंत्र को ब्यूरोक्रसी में बदल दिया है। जूली ने कहा कि चुनाव के समय भाजपा नेताओं ने पेट्रोल-डीजल के दाम कम करने के बड़े-बड़े दावे किए थे। वादा था कि वैट की समीक्षा कर दाम कम किए जाएंगे।

वहीं कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष गोविंद डोटासरा ने कहा कि मंत्रियों की तो सुनी नहीं जा रही और जनता को उलझन डाल रहे हैं।

पिछले दो साल में इस सरकार की एकमात्र उपलब्धि यही रही है कि भाजपा के भीतर तमाम अंतर्विरोधों के बावजूद मुख्यमंत्री अपनी कुर्सी बचाने में सफल रहे हैं। सरकार आपसी खींचतान में उलझी है और इनके पास गिनाने के लिए सिर्फ झूठी आंकड़ेबाजी है, जबकि धरातल पर संकल्प पत्र के वादे धूल फांक रहे हैं। आज युवा पूछ रहा है कि वो कैलेंडर कहां है? भर्तियां अटकी पड़ी हैं, परिणाम आ नहीं रहे और 1.5 लाख से ज्यादा पद शिक्षा विभाग में खाली पड़े हैं, जबकि वादा किया गया था कि एक साल में शिक्षा विभाग के सभी खाली पद भरे जाएंगे।

# मदार-रेवाड़ी-मदार एक्सप्रेस स्पेशल ट्रेन का संचालन

महानगर टाइम्स संवाददाता

**जयपुर।** रेलवे द्वारा अतिरिक्त यात्री यातायात को देखते हुए यात्रियों की सुविधा के लिए मदार-रेवाड़ी-मदार एक्सप्रेस स्पेशल ट्रेन का संचालन किया जा रहा है।

उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी शशि किरण के अनुसार गाड़ी संख्या 09639, मदार-रेवाड़ी एक्सप्रेस स्पेशल ट्रेन 24 दिसंबर से 2 जनवरी तक (10 ट्रिप) मदार से 04.30 बजे रवाना होकर 10.40 बजे रेवाड़ी पहुंचेगी। इसी प्रकार गाड़ी संख्या 09640, रेवाड़ी-मदार एक्सप्रेस स्पेशल ट्रेन 24 दिसंबर से 2 जनवरी तक (10 ट्रिप) रेवाड़ी से 15.30 बजे रवाना होकर 22.35 बजे मदार पहुंचेगी। यह मार्ग में किशनगढ़, नरैना, फुलेरा, रेनवाल, बधाल, रींगस, श्रीमाधोपुर, कांवट, भागेगा, नीमकाथाना, मावंडा, डाबला, निजामपुर, नारनौल, अटेली व कुंड स्टेशनों पर ठहराव करेगी। इसमें 7 साधारण श्रेणी व 2 गार्ड डिब्बों सहित कुल 9 डिब्बें होंगे।

**दिल्ली सराय-साबरमती एक्सप्रेस स्पेशल रेलसेवा का संचालनः** गाड़ी संख्या 04062, दिल्ली सराय-साबरमती एक्सप्रेस स्पेशल रेलसेवा 21, 24, 27 व 30 दिसंबर को (4 ट्रिप) दिल्ली सराय से 08.10 बजे रवाना होकर जयपुर स्टेशन पर 13.05 बजे आगमन व 13.15 बजे प्रस्थान कर रात्रि 00.30 बजे साबरमती पहुंचेगी। इसी प्रकार गाड़ी संख्या 04061, साबरमती-दिल्ली सराय एक्सप्रेस 22, 25, 28 व 31 दिसंबर को (4 ट्रिप) साबरमती से 05.30 बजे रवाना होकर जयपुर स्टेशन पर 16.30 बजे आगमन व 16.40 बजे प्रस्थान कर 23.00 बजे दिल्ली सराय पहुंचेगी।

यह रेलसेवा मार्ग में रेवाड़ी, अलवर, बांदीकुई, गांधीनगर जयपुर, किशनगढ़, अजमेर, ब्यावर, मारवाड़ जं., फालना, आबूरोड व पालनपुर स्टेशनों पर ठहराव करेंगी। इस गाड़ी में 1 फर्स्ट मय सैकंड एसी, 1 सैकंड एसी, 3 थर्ड एसी, 5 द्वितीय शयनयान, 6 साधारण श्रेणी व 2 गार्ड डिब्बो सहित कुल 18 डिब्बें होंगे।

**रेवाड़ी-रींगस स्पेशल ट्रेन की संचालन अवधिमें 3 ट्रिप का विस्तार**

रेलवे प्रशासन की ओर से अतिरिक्त यात्री यातायात को देखते हुए रेवाड़ी-रींगस-रेवाड़ी स्पेशल रेलसेवा की संचालन अवधि में 3 ट्रिप का विस्तार किया है। उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी शशि किरण के अनुसार गाड़ी संख्या 09637/09638, रेवाड़ी-रींगस-रेवाड़ी स्पेशल ट्रेन की संचालन अवधि में 26, 29 व 30 दिसंबर (3 ट्रिप) का विस्तार किया गया है।

## जवाहर नगर कच्ची बस्ती में सीवर लाइन जाम से परेशानी

महानगर टाइम्स संवाददाता



**जयपुर।** जवाहर नगर कच्ची बस्ती टीला नं 1 पर सीवर लाइन जाम होने से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। कच्ची बस्ती विकास संघर्ष समिति के अध्यक्ष युगल खोड़ा ने बताया कि पिछले 5 दिन से सीवर लाइन जाम है। नगर निगम के अधिकारियों को सूचना देने के बावजूद भी कोई सुनवाई नहीं हो रही है। स्थानीय निवासी सागर बडगूजर, दीपक, बाबूलाल, राजू और कविता ने भी निगम प्रशासन पर अनदेखी का आरोप लगाया। लोगों का कहना है कि यदि हालात ऐसे ही रहे तो वे आने वाले नगर निगम चुनावों का बहिष्कार करने पर मजबूर होंगे। क्षेत्रवासियों ने नगर निगम से तत्काल सीवर लाइन की सफाई करवाने और स्थाई समाधान की मांग की है।

# 'यमुना नहर का पानी लाने के किए जा रहे सार्थक प्रयास'

## जनप्रतिनिधियों ने बताई राज्य सरकार के 2 वर्ष के कार्यकाल की महत्वपूर्ण उपलब्धियां

महानगर टाइम्स संवाददाता

**झुंझुनूं।** जिले के प्रभारी मंत्री अविनाश गहलोत शुक्रवार को एक दिवसीय दौरे पर झुंझुनूं आए। उन्होंने यहां पर राज्य सरकार के 2 वर्ष के कार्यकाल पूर्ण होने के उपलक्ष्य में सूचना केंद्र सभागार में आयोजित सभा में शिरकत की। इस दौरान प्रभारी मंत्री गहलोत ने कहा कि राज्य सरकार के 2 वर्ष के कार्यकाल में महत्वपूर्ण उपलब्धियां हासिल की है। उन्होंने बताया कि देश की 9 राष्ट्रीय परियोजनाओं में राजस्थान राज्य प्रथम स्थान पर रहा। वहीं 5 परियोजनाओं में द्वितीय व 11 परियोजना में तृतीय स्थान पर रहा। उन्होंने बताया कि जिले में इन दो वर्षों में उन कार्यों को पुनः प्रारंभ किया है, जिनका पिछली सरकार ने केवल वादा ही किया था। जिले की सबसे बड़ी मांग यमुना नहर के पानी को लाने के भी सार्थक प्रयास किए जा रहे है। उन्होंने बंद पड़े ओवर ब्रिज के कार्य पुनः प्रारंभ होने की जानकारी देते हुए बताया कि इसके लिए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने निजी तौर पर रुचि लेते हुए 51.81 करोड़ रुपए स्वीकृत



करवाए हैं। उन्होंने जिले में विभिन्न विभागों की योजनाओं की प्रगति से भी अवगत कराया। प्रभारी मंत्री ने बताया कि आज से प्रत्येक विधानसभा के प्रत्येक गांव व वार्डो में जागरूकता रथ ले जाकर लोगों को राज्य सरकार की योजनाओं से अवगत कराएगा। उन्होंने बताया कि इस रथ के माध्यम से आमजन के सुझाव, उनकी शिकायतें व उपलब्धियों के संबंध में जानकारी संकलित की जाएगी। सभा को संबोधित करते हुए झुंझुनूं विधायक राजेंद्र भांबू ने बताया कि झुंझुनूं जिले के विकास के लिए सीएम भजनलाल शर्मा विशेष रूप से चिंतित रहते हैं। उन्होंने कहा कि सरकार ने 2 साल में अनेक ऐतिहासिक कार्य किए हैं, जिससे सीधे आमजनता को लाभ मिला है। इससे पहले जिला कलेक्टर डॉ. अरुण गर्ग ने भी अपने संबोधन में जिला प्रशासन की राज्य सरकार की योजना के क्रियान्वयन के लिए प्रतिबद्धता जाहिर करते हुए उपलब्धियों की जानकारी दी। जिला कलेक्टर ने बताया कि राज्य सरकार के 2 वर्ष के कार्यकाल पूर्ण होने के उपलक्ष्य में प्रत्येक दिवस जिले में विभिन्न गतिविधियों व कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। मुख्य कार्यकारी अधिकारी कैलाश चंद्र यादव ने बताया कि शनिवार को झुंझुनूं सहित विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों में रथ पहुंचकर सरकार की योजनाओं व उपलब्धियों से अवगत कराएंगे। अभियान के दौरान विकास रथों के माध्यम से वीडियो, ऑडियो संदेशों, प्रदर्शनी व जनसंवाद के जरिए नागरिकों को राज्य सरकार की विकासात्मक पहलों का विस्तृत विवरण उपलब्ध कराया जाएगा। इस अवसर पर पूर्व सांसद नरेन्द्र खींचड़, पूर्व सांसद संतोष अहलावत, पूर्व विधायक शुभकरण चौधरी, पूर्व विधायक सुभाष पूनिया, पूर्व उप जिला प्रमुख बनवारी लाल सैनी, राज्य ओबीसी आयोग सदस्य पवन मावंडिया सहित जिला स्तरीय अधिकारी व जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## राज्य स्तरीय कब-बुलबुल प्रशिक्षण शिविर के लिए दल रवाना



महानगर टाइम्स संवाददाता

**रामगढ़ पचवारा।** उपखंड मुख्यालय स्थित हिंदुस्तान स्काउट्स एंड गाइड्स की ओर से राज्य स्तरीय कब-बुलबुल आवासीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन 12 से 16 दिसम्बर तक जिला दौसा में किया जा रहा है।

ब्लॉक सचिव नवीन शर्मा ने बताया कि शिविर में भाग लेने के लिए ब्लॉक से चयनित 30 बच्चों के दल को स्काउट आजीवन सदस्य व उपाध्यक्ष रमेश महर, धीरज फाउंडेशन के अजय शर्मा व भामाशाह रामखिलाड़ी मीना ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। शिविर के दौरान बच्चों का सर्वांगीण विकास, नेतृत्व क्षमता, अनुशासन, टीम भावना व व्यक्तित्व निर्माण से जुड़ी विभिन्न गतिविधियों में दक्ष बनाया जाएगा। रवानगी कार्यक्रम के दौरान राजेश शर्मा, सतीश सैनी, ज्ञानचंद मीना, आजीवन सदस्य बाबूलाल महावर व कन्हैयालाल महावर सहित कई पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# संसद में भी गूंजी नवलगढ़ रेलवे स्टेशन के विकास की मांग

## सांसद ओला ने कहा- अमृत भारत स्टेशन योजना में किया जाए शामिल

महानगर टाइम्स संवाददाता

**झुंझुनूं।** लोकसभा में नियम 377 के तहत बोलते हुए सांसद बृजेंद्र सिंह ओला ने नवलगढ़ रेलवे स्टेशन को अमृत भारत स्टेशन योजना में शामिल कर इसका विकास करने की मांग उठाई। झुंझुनूं से सांसद ओला ने शुक्रवार को संसद में कहा कि नवलगढ़ रेलवे स्टेशन झुंझुनूं सहित पूरे शेखावाटी क्षेत्र का हैरिटेज सिटी स्टेशन है, जिसका धार्मिक, सांस्कृतिक और पर्यटन की दृष्टि से अत्यधिक महत्व है। लोहार्गल में अस्थि विसर्जन, लोहार्गल मेला, मालकेतु परिक्रमा और



रामदेवजी का लक्खी मेला जैसे प्रमुख आयोजनों के दौरान लाखों श्रद्धालु और पर्यटक देश-विदेश से यहां पहुंचते हैं। सांसद ने कहा कि नवलगढ़ तेजी से सीमेंट उत्पादन हब के रूप में विकसित हो रहा है, जिससे आने वाले समय में यात्री व माल परिवहन दोनों की आवश्यकता और बढ़ेगी। इसके बावजूद स्टेशन पर अभी भी बुनियादी सुविधाओं का अभाव है। स्टेशन में केवल दो प्लेटफॉर्म हैं, जिनके बीच आवागमन के लिए फुट ओवरब्रिज तक नहीं है, जिससे यात्रियों को पटरियों को पार करना पड़ता है। साथ ही प्लेटफॉर्म लंबी ट्रेनों के लिए भी छोटे हैं, जो यात्रियों के लिए असुविधा व सुरक्षा दोनों की दृष्टि से चिंताजनक है। सांसद ने कहा कि श्रद्धालुओं, पर्यटकों व व्यापारियों को सुरक्षित, सुविधाजनक व आधुनिक रेल सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए नवलगढ़ रेलवे स्टेशन को तत्काल अमृत भारत स्टेशन योजना में शामिल कर इसे हैरिटेज लुक के साथ आधुनिक सुविधाओं के साथ विकसित किया जाए।

## भामाशाहों का सम्मान, विद्यार्थियों को वितरित किए कपड़े-जूते



महानगर टाइम्स संवाददाता

**नीमकाथाना।** राजकीय वरिष्ठ उपाध्याय संस्कृत महाविद्यालय में भामाशाह और सेवानिवृत्ति पर नीरजा राठौड़ प्रयोगशाला सहायक का सम्मान समारोह आयोजन किया गया, जिसमें प्रधानाचार्य किशोरी लाल सिंघल व संस्था कार्मिकों ने सभी भामाशाहों का माला-साफा पहनाकर व प्रतीक चिन्ह भेंटकर सम्मान किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्था के प्रधानाचार्य किशोरी लाल सिंघल ने की, जबकि मुख्य अतिथि पंडित विनोद कुमार शर्मा रहे। वहीं विशिष्ठ अतिथि कपिल देव, पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष विजेंद्र झाझड़िया व समाजसेवी नाथूलाल शर्मा रहे। इस दौरान सभी विद्यार्थियों को कोट, जूते, जुराब व आईडी वितरित किए गए।

कार्यक्रम का संचालन नेमीचंद वर्मा ने किया। कार्यक्रम में कृष्ण कुमार यादव, भाजयुमो पूर्व अध्यक्ष हरिप्रसाद सैनी, इंद्राज सैनी भाजपा शहर मंडल अध्यक्ष, महाविद्यालय के प्राचार्य कृष्ण गोपाल स्वामी सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

## क्रिकेट प्रतियोगिता में एसबीएन कॉलेज की शानदार जीत

महानगर टाइम्स संवाददाता

**श्रीमाधोपुर।** अंतर महाविद्यालयी क्रिकेट प्रतियोगिता के मैच में एसबीएन कॉलेज ने ऐतिहासिक जीत अपने नाम दर्ज की। वहीं लक्ष्य का पीछा करने उतरी केशवानंद कॉलेज की टीम ने भी लाजवाब खेल दिखाया। मैच अंतिम ओवर तक रोमांच से भरा रहा और अंत में निर्धारित 15 ओवरों में विरोधी टीम भी 122 रन बनाकर मैच को टाई कराने में सफल रही।

इसके बाद एसबीएन कॉलेज की ओर से कप्तान रोहिला ने सुपर ओवर को एक तरफा बना दिया और एसबीएन कॉलेज ने



ऐतिहासिक जीत अपने नाम कर ली। मुख्य कोच बनवारी लाल जितरवाल, असिस्टेंट कोच धर्मेंद्र जितरवाल, टीम मैनेजर प्रवीण शर्मा व टीम सहयोगी श्रवण कुमार महला ने खिलाड़ियों को मानसिक मजबूती, रणनीतिक कौशल व टीमवर्क का जो पाठ पढ़ाया, वह सुपर ओवर में खुलकर नजर आया। मैच में हर मोड़ पर उनका मार्गदर्शन टीम के लिए निर्णायक साबित हुआ। एसबीएन कॉलेज की इस ऐतिहासिक जीत के बाद श्रीमाधोपुर कस्बे में खुशी की लहर दौड़ गई। कॉलेज परिसर में छात्रों का उत्साह देखने लायक था। उन्होंने टीम के खिलाड़ियों का फूलों से स्वागत किया और फाइनल में जीत की अग्रिम शुभकामनाएं दी गईं।

# टांटिया युवा शक्ति विकास सहकारी समिति का गठन

## युवाओं व महिलाओं को सहकारी क्षेत्र के लिए किया जाएगा प्रोत्साहित

महानगर टाइम्स संवाददाता

**श्रीगंगानगर।** अंतरराष्ट्रीय स्तर पर श्रीगंगानगर को ख्याति दिलाने वाले टांटिया समूह की ओर से भारत सरकार की सहकारिता नीति के अनुरूप युवाओं व महिलाओं को सहकारी क्षेत्र में आगे बढ़ाने के सार्थक उद्देश्य से राज्य में पहली बार युवाओं पर आधारित टांटिया युवा शक्ति विकास सहकारी समिति का गठन किया गया है। टांटिया समूह के वाइस चेयरपर्सन मोहित टांटिया के मार्गदर्शन में गठित इस यूनिक कोऑपरेटिव सोसायटी के माध्यम से भारत सरकार की नई सहकारिता नीति के अनुरूप युवाओं व महिलाओं को सहकारी क्षेत्र में



कॅरियर बनाने के लिए प्रोत्साहन व गाइडेंस दिया जायेगा। टांटिया समूह के महाप्रबंधक विकास सचदेवा व उप रजिस्ट्रार श्रीगंगानगर दीपक कुक्कड़ ने सहकारिता विभाग की प्रमुख शासन सचिव व सहकारिता रजिस्ट्रार मंजू राजपाल से शासन सचिवालय स्थित उनके कक्ष में मुलाकात कर टांटिया युवा शक्ति विकास सहकारी समिति के गठन व उद्देश्यों की जानकारी दी और आगामी कार्यों व कार्यक्रमों के लिए मार्गदर्शन प्राप्त किया। प्रमुख शासन सचिव ने युवाओं व महिलाओं पर केंद्रीत सहकारी समिति के गठन के लिए शुभकामनाएं देते हुए सरकार की ओर से हर संभव सहयोग देने के प्रति आश्वस्त किया। महाप्रबंधक विकास सचदेवा ने बताया कि टांटिया समूह के अंतर्गत शैक्षणिक व सह-शैक्षणिक संकायों में सात हजार से अधिक विद्यार्थी अध्ययनरत हैं। इस सबको चरणबद्ध ढंग से टांटिया युवा शक्ति विकास सहकारी समिति से जोड़ा जाएगा और उन्हें कोऑपरेटिव सेक्टर में कॅरियर बनाने के लिए सकारात्मक वातावरण उपलब्ध कराया जाएगा। महिलाओं व युवाओं को सहकारी क्षेत्र में प्रोत्साहित करने और सहकारी क्षेत्र में व्यवसाय आरंभ करने के लिए विविध स्तर पर कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा।

## नगर पालिका के शहरी समस्या समाधान शिविर 17 से

महानगर टाइम्स संवाददाता

**सीकर।** नगर पालिका दांता की ओर से शहरी समस्या समाधान शिविर-2025 का आयोजन 17 से 24 दिसम्बर तक प्रातः 9.30 से सांय 6 बजे तक किया जाएगा। अधीशाषी अधिकारी भूपेश कुमार शर्मा ने बताया कि शिविर में साफ-सफाई, स्ट्रीट लाइट रिपेयर, टूटे फेरोकवर, ब्लैक स्पॉट सही करवाना, पेच वर्क, सार्वजनिक पार्कों व शौचालयों की साफ-सफाई व रिपेयर, सीवरेज कनेक्शन व रिपेयर, कार्यालय में पेंडिंग पत्रावलियों का निस्तारण, विभिन्न प्रकार के पट्टे, भू-उपयोग परिवर्तन, खाचां भूमि, नामान्तरण, भवन निर्माण मंजूरी, ट्रेड लाइसेंस, फायर एनओसी, जन्म-मृत्यु व विवाह पंजीयन आदि कार्य किए जाएंगे। शहरी सेवा शिविर के अन्तर्गत दी गई छूट व शिथिलताएं यथावत रहेगी। उन्होंने बताया कि 17 दिसम्बर को वार्ड नम्बर 1 से 4, 18 को वार्ड नम्बर 5 से 8, 19 को वार्ड नम्बर 9 से 12, 20 को वार्ड नम्बर 13 से 17, 22 को वार्ड नम्बर 18 से 21, 23 को वार्ड नम्बर 22 से 25 और 24 दिसम्बर को वार्ड नम्बर 26 से 29 में शिविर आयोजित किए जाएंगे। इसी प्रकार नगर पालिका खण्डेला के अधीशाषी अधिकारी रघुवीर वर्मा ने बताया कि 17 दिसम्बर को वार्ड नम्बर 1, 5, 8, 9, 18 को वार्ड नम्बर 2, 3, 4, 10, 19 दिसम्बर को वार्ड नम्बर 6, 7, 11, 12, 13, 20 दिसम्बर को वार्ड 14, 15, 16, 18, 19, 22 दिसम्बर को वार्ड 17, 20, 21, 22, 23 दिसम्बर को वार्ड 23, 24, 25 और 24 दिसम्बर को दायरा व मेंहरो की ढाणी में शिविर आयोजित किए जाएंगे।

## भूमि की दोहरी रजिस्ट्री की शिकायत पर जांच पड़ताल शुरू

महानगर टाइम्स संवाददाता

**नीमकाथाना।** क्षेत्र के पाटन तहसील अंतर्गत ग्राम में भूमि की दोहरी रजिस्ट्री कर धोखाधड़ी करने के गंभीर आरोप सामने आए हैं। सोहनपुरा निवासी कजूलचन्द पुत्र मूलचन्द व ढाणी बणी की तन किशोरपुरा निवासी जगदीश प्रसाद पुत्र मक्खनलाल ने पृथक-पृथक प्रकरणों में वर्ष 2012 में खरीदी गई भूमि को 2021 में दोबारा अन्य व्यक्ति के नाम रजिस्ट्री कराने का आरोप लगाते हुए पाटन पुलिस थाना में रिपोर्ट दर्ज करवाई है। पुलिस को दी रिपोर्ट में

कजूल चन्द ने बताया कि उसने राजस्व ग्राम डूंगा की नांगल स्थित भूमि वर्ष 2012 में विधिवत रजिस्ट्री कर खरीदी थी, लेकिन विक्रेता पक्ष के मदनलाल, महावीर प्रसाद, ताराचन्द, बाबूलाल और कथित गवाहों ने मिलीभगत से इसी भूमि की दोबारा रजिस्ट्री वर्ष 2021 में रघुवीर प्रसाद के नाम करा दी। इसी तरह प्रार्थी जगदीश प्रसाद ने भी आरोप लगाया कि उसने डूंगा की नांगल की भूमि 2012 में खरीदकर रजिस्ट्री करवाई थी, लेकिन विक्रेता व गवाहों ने उसी भूमि की पुनः रजिस्ट्री 2021 में रघुवीर प्रसाद के नाम करवा दी। उसने मूल व कथित दोहरी रजिस्ट्री की प्रतियां भी पुलिस को उपलब्ध करवाई है। थाना पाटन पुलिस ने प्रकरणों में आईपीसी की विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस अब दस्तावेजों की पड़ताल कर आरोपितों से पूछताछ की तैयारी कर रही है।

## अभिभाषक संघ के देवेंद्र अध्यक्ष और हंसराज उपाध्यक्ष निर्वाचित

महानगर टाइम्स संवाददाता

**नीमकाथाना।** अभिभाषक संघ चुनाव के लिए शुक्रवार को शांतिपूर्ण तरीके से मतदान संपन्न हुए। चुनाव निवार्चन अधिकारी कार्यालय की ओर से घोषित किए गए परिणाम में अध्यक्ष पद पर देवेंद्र चौधरी ने 33 मतों से जीत हासिल की। इसके साथ उपाध्यक्ष



पद पर हंसराज तंवर 15 वोटों से विजयी रहे। महासचिव पद पर गिरधारी लाल बागड़ी 55 मतों से, कोषाध्यक्ष पद पर राजू सैनी 38 मतों से, संयुक्त सचिव पद पर पुष्पेंद्र मीणा 1 वोट से, सामाजिक सचिव दुर्गेश कंवर 18 मतों से विजयी हुई। वहीं पुस्तकालय सचिव प्रवीण यादव पूर्व में निर्विरोध निर्वाचित हो चुके हैं। इस दौरान सभी जीते हुए प्रत्याशियों का अधिवक्ताओं सहित अनेक संगठन के लोगों ने मिठाई व माला पहनाकर स्वागत किया। इस दौरान मुख्य चुनाव अधिकारी जितेंद्र कुमार ने शांति पूर्ण चुनाव होने पर सभी अधिवक्ताओं का आभार जताया। नव निर्वाचित अध्यक्ष देवेंद्र चौधरी ने भी अधिवक्ताओं का सहयोग के लिए आभार जताया और कहा कि वे अधिवक्ताओं की जायज मांगों को लेकर हमेशा आगे रहेंगे।

## राज्य सरकार के 2 वर्ष पूरे होने पर भाजपाइयों ने किया रक्तदान

महानगर टाइम्स संवाददाता

**नीमकाथाना।** राज्य सरकार के सफलता पूर्वक 2 साल पूरे होने उपलक्ष्य में शहर में कोतवाली पुलिस थाने के सामने स्थित जाखड़ हॉस्पिटल में रक्तदान शिविर आयोजित किया गया, जिसमें भाजपा जिला अध्यक्ष मनोज बाटड, उदयपुरवाटी पूर्व विधायक शुभकरण चौधरी, पूर्व आईएएस रामस्वरूप जाखड़ सहित क्षेत्र के



गणमान्य प्रबुद्ध लोगों ने शिरकत कर प्रेरणादायक मार्गदर्शन दिया। भाजपा जिलाध्यक्ष बाटड ने कहा कि प्रदेश में मुख्यमंत्री भजनलाल सरकार के दो वर्ष के दौरान क्षेत्र व प्रदेश में अनेक जन कल्याणकारी योजनाएं संचालित हुई हैं और बड़ी संख्या में जरूरतमंद प्रदेश वासियों को योजनाओं से लाभान्वित किया गया। उदयपुरवाटी पूर्व विधायक ने कहा कि रक्तदान से बढ़कर कोई पुण्य काम नहीं हो सकता। यह रक्तदान शिविर भाजपा नेता व समाजसेवी वरिष्ठ चिकित्सा विशेषज्ञ डॉ. रंजीत सिंह जाखड़ के संयोजन में आयोजित हुआ। इस पुनीत आयोजन को लेकर उन्होंने डॉ. जाखड़ हॉस्पिटल परिवार को धन्यवाद देते हुए आयोजन की प्रशंसा की। कार्यक्रम में किसान नेता व समाजसेवी दयाराम चाहर, धर्मपाल भाकर, मालाराम जाखड़, सुरेश जाखड़, गोकुल यादव, राजपुरा सरपंच मालीराम सहित क्षेत्र के कई प्रबुद्ध गणमान्यजन, रक्तदाता व आमजन की मौजूदगी रही।

## तहसीलदार पद पर पदोन्नत सुभाष मीणा ने ग्रहण किया कार्यभार



महानगर टाइम्स संवाददाता

**सीकर।** राजस्व मंडल अजमेर की ओर से आयोजित डीपीसी में जिला कलेक्ट्रेट कार्यालय में कार्यरत सुभाष चंद्र मीणा की तहसीलदार पद पर पदोन्नति होने पर शुक्रवार को मीणा ने जिला कलेक्टर मुकुल शर्मा को तहसीलदार पद पर उपस्थित रिपोर्ट प्रस्तुत की। इस दौरान जिला कलेक्टर ने पदोन्नत तहसीलदार मीणा को शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर कलेक्ट्रेट के संस्थापक अधिकारी लोकेश चंद्र माथुर, राजस्व मंत्रालय कर्मचारी संघ के जिला अध्यक्ष जयदीप सिंह व रविंद्र कुमार मीणा सहित कलेक्ट्रेट अधिकारी व कार्मिक उपस्थित थे, जिन्होंने नव पदोन्नत मीणा को मिठाई खिलाकर बधाई प्रेषित की।

## सड़क सीमा में आ रहे अतिक्रमण हटाने के निर्देश

महानगर टाइम्स संवाददाता

**सीकर।** नगर विकास न्यास की ओर से रामू का बास तिराहे से रीको तिराहे तक सर्विस लेन, फुटपाथ, डिवाईडर व अन्य विकास कार्य किया जा रहा है। नगर विकास न्यास सचिव सीकर जगदीश प्रसाद गौड़ ने बताया कि इस सड़क की सीमा 150 फीट है। इस निर्माणाधीन सड़क निर्माण कार्य में आ रहे अतिक्रमणों को हटाने के लिए जिला कलेक्टर मुकुल शर्मा ने उप खण्ड अधिकारी को मौका मजिस्ट्रेट और तहसीलदार को सहायक मौका मजिस्ट्रेट नियुक्त कर 19 दिसम्बर को समस्त अतिक्रमण हटाने के लिए आदेश दिया है। सार्वजनिक निर्माण विभाग, नगर परिषद व न्यास की ओर से संयुक्त रूप से सड़क मार्ग से अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की जाएगी, जिससे निर्माण कार्य शीघ्र पूर्ण किया जा सके। उन्होंने आम-जन से अपील है कि प्रशासन की कार्रवाई से पूर्व ही सड़क अधिकार क्षेत्र में किए गए अतिक्रमण स्वयं के स्तर पर ही हटा लें अन्यथा अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई के दौरान दुकान, प्रतिष्ठान, मकान आदि में अतिरिक्त नुकसान होता है तो प्रशासन की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

## निशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर में 278 रोगी लाभान्वित



महानगर टाइम्स संवाददाता

**नवलगढ़।** शारदा क्रोपकेम मुंबई के आर्थिक सौजन्य से सामाजिक विकास हेरिटेज एंड वाइल्ड लाइफ कंजर्वेशन फाउण्डेशन, जिला अंधता निवारण समिति झुंझुनूं, डॉ. विमलेश आई केयर मेडिको सोसासटी व अलायन्स क्लब नवलगढ़ लार्ड कृष्णा की ओर से कस्बे के जांगिड़ हॉस्पिटल के पास छावसरिया धर्मशाला में 224वां निशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर आयोजित किया गया। चिकित्सा शिविर में 278 रोगी लाभान्वित हुए, जिनमें 67 रोगियों का ऑपरेशन के लिए चयन किया गया। जिनका ऑपरेशन जांगिड़ अस्पताल में डॉ. अविनाश पुरोहित की टीम द्वारा किए जाएंगे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सेवानिवृत ब्लॉक शिक्षा अधिकारी नेकीराम पूनिया ने लाभार्थियों की संख्या देखकर प्रसन्नता जताई और बताया कि डॉ. दयाशंकर जांगिड़ व उनकी टीम साधुवाद की पात्र है।

# समायोजन की मांग को लेकर सहायक आचार्य संघ ने सौंपा ज्ञापन

महानगर टाइम्स संवाददाता

**श्रीमाधोपुर।** उच्च शिक्षा विभाग के अंतर्गत संचालित 374 राजसेस कॉलेज और नोडल कॉलेज में कार्यरत 2700 गेस्ट फैकल्टी सहायक आचार्यों के सामने रोजगार का संकट खड़ा हो गया है।

राज्य सरकार द्वारा राजसेस अधीन महाविद्यालयों में शैक्षणिक पदों पर 5 वर्ष की अस्थाई संविदा भर्ती की घोषणा और संभावित नोटिफिकेशन की सूचना के बाद शिक्षकों ने राजस्थान कॉलेज एजुकेशन सोसाइटी हायरिंग ऑफ मैनपॉवर रूल्स-2025 के तहत समायोजन की मांग उठाई और शुक्रवार को श्रीमाधोपुर एसडीएम अनिल कुमार को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन



सौंपा। ज्ञापन में बताया कि अगर भर्ती परीक्षा होती है तो लगभग 25 फीसदी फैकल्टी ओवरएज के कारण बाहर हो जाएगी। इस उम्र में बेरोजगारी के कारण पारिवारिक संकट आ जाएगा। महाविद्यालय में कार्यरत सभी शिक्षकों का चयन यूजीसी के नियमानुसार एपीआर स्कोर व मेरिट के आधार पर हुआ है। यह शिक्षक ग्रामीण व सुदूर क्षेत्रों में अध्यापन कार्य कर रहे हैं। संविदा भर्ती में राज्य समिति के हायरिंग नियम के तहत राज्य सरकार द्वारा गठित समिति द्वारा उनकी स्क्रीनिंग हरियाणा राज्य की तर्ज पर यथावत रखते हुए स्थाई रोजगार सुनिश्चित किया जाए।

उनका कहना है कि समायोजन के बाद ही शेष रिक्त पदों पर भर्ती की जाए। वहीं उच्च न्यायालय की जोधपुर पीठ ने 2021 में निर्णय दिया था कि गेस्ट फैकल्टी सहायक आचार्य को राजस्थान कॉलेज एजुकेशन हायरिंग ऑफ मैनपॉवर रूल्स के तहत सभी नियमों का लाभ दिया जाएगा। इस मौके पर सहायक आचार्य डॉ. सुरेश कुमार, डॉ. दामोदर प्रसाद यादव, डॉ. श्रवण नोगिया, डॉ. राजेंद्र कुमावत, डॉ. अनिता चौधरी, उर्मिला कुमारी व नीतू अम्बेश आदि उपस्थित रहे।

### राजापार्क में मां बगलामुखी महायज्ञ 17 से

# सवा पांच फीट लंबे वर्गाकार हवन कुंड में आहुतियां देंगे यजमान

**महानगर टाइम्स संवाददाता**

**जयपुर।** मां बगलामुखी महायज्ञ एवं गीता महाकुंभ आयोजन समिति, जयपुर की ओर से 17 से 25 दिसम्बर तक राजापार्क के श्रीराम मंदिर में नौ दिवसीय मां बगलामुखी महायज्ञ का आयोजन किया जाएगा। डासना देवी पीठ, गाजियाबाद के महामंडलेश्वर यति नरसिंहानन्द गिरी महाराज के सान्निध्य में होने वाले



महायज्ञ की तैयारियां जोरों पर है। समिति के मुख्य मार्गदर्शक चन्द्रप्रकाश भाड़ेवाला ने बताया कि इस आध्यात्मिक अनुष्ठान में गौऋषि प्रकाश दास महाराज, विधायक स्वामी बालमुकुंदाचार्य सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहेंगे। महायज्ञ के लिए सवा पांच फीट लम्बाई एवं सवा पांच फीट चौड़ाई वाले विशाल वर्गाकार यज्ञ कुंड का निर्माण किया जा रहा है।

इसमें यजमान गौ घी एवं हवन सामग्री से वैदिक विधि अनुसार आहुतियां प्रदान करेंगे। प्रवक्ता चन्द्रप्रकाश खेतानी ने बताया कि मां बगलामुखी विजय, सद्बुद्धि और शत्रुओं के समूल विनाश की दात्री हैं। ये महादेव की अष्टम महाविद्या मानी गई हैं। शास्त्रों में सनातन धर्म की रक्षा के लिए देवताओं द्वारा मां बगलामुखी की उपासना का विस्तृत उल्लेख मिलता है।

#### झूलेलाल मंदिर से निकलेगी कलश यात्रा

**17 दिसम्बर सुबह** नौ बजे करीब 500 महिलाओं की कलश यात्रा सिंधी कॉलोनी स्थित श्री झूलेलाल मंदिर से गाजेबाजे के साथ कलश यात्रा निकाली जाएगी। विभिन्न मार्गों से होते हुए कलश यात्रा यज्ञ स्थल पहुंचेगी। महायज्ञ प्रतिदिन सुबह 10 से दोपहर एक बजे तक तथा शाम 6 बजे से रात्रि 9 बजे तक दो पारियों में वैदिक मंत्रोच्चार के साथ सम्पन्न होगा। इस आयोजन के निमित्त सर्वसमाज के प्रमुखों, संत, महोत्सव प्रेमियों एवं श्रद्धालुओं को आमंत्रित किया जा रहा है। आयोजन की सुचारु व्यवस्था के लिए विभिन्न उपसमितियां गठित की गई हैं।

#### आयोजन समिति के प्रमुख सदस्य

**चन्द्रप्रकाश भाड़ेवाला,** शंकर शर्मा, चन्द्रप्रकाश खेतानी (एडवोकेट), राज किशोर, सरदार गुरवीर सिंह सूरी, विजय कौशिक, सरदार राजन सिंह, तुलसी त्रिलोकानी, नीरज अग्रवाल, सुमित गुप्ता, मनमोहन जयसवाल, पं. नरेंद्र शर्मा, प्रेम प्रजापत, सुनील दत्ता, सरदार राजन, सुनील जैन, पदम जैन, प्रवीण अग्रवाल, रामानुज शर्मा, संतोष गुरिया, सुनील शेखावत, महावीर नाटाणी, राजबिहारी शर्मा, श्यामबाबू अग्रवाल, आशीष सैनी सहित अनेक सदस्य सेवा प्रदान कर रहे हैं।

---

## घूमन्तु जाति बस्ती स्वच्छता पुरस्कार योजना की शुरुआत

**महानगर टाइम्स संवाददाता**

**जयपुर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्वच्छ भारत अभियान से प्रेरित होकर, राजस्थान एसोसिएशन ऑफ नॉर्थ अमेरिका के अध्यक्ष और प्रवासी भारतीय प्रेम भंडारी ने एक महत्वपूर्ण पहल की है। उन्होंने जयपुर के जयसिंहपुरा स्थित घूमन्तु जाति बस्ती में घूमन्तु जाति स्वच्छता पुरस्कार योजना का शुभारंभ किया है। इस योजना का उद्देश्य बस्ती में नियमित रूप से स्वच्छता को बढ़ावा देना और स्वच्छ घर रखने वाले परिवारों को प्रोत्साहित करना है।

**10 परिवारों को मिलेगा पुरस्कार:** यह योजना आगामी 2026 पूरे वर्ष तक चलेगी, जिसके तहत हर महीने स्वच्छतम घर रखने वाले 10 परिवारों को पुरस्कार प्रदान किया जाएगा। इस योजना को सुचारू रूप से चलाने की जिम्मेदारी घूमन्तु जाति उत्थान न्यास को सौंपी गई है। घूमन्तु कार्य के महानगर संयोजक राकेश कुमार शर्मा ने बताया कि सर्वेश्वर शर्मा, महान शर्मा, प्रवीण शर्मा,शरद खंडेलवाल की टोली पुरस्कार के लिए परिवार का चयन करेगी।

---

### 28वां संयम दीक्षा महोत्सव कल

# विनिश्चय सागर महाराज का जुलूस के साथ पदमपुरा में मंगल प्रवेश

**महानगर टाइम्स संवादाता**

**जयपुर।** समाधिस्थ गणाचार्य विराग सागर महाराज के परम प्रभावक शिष्य वाक्केशरी श्रमणाचार्य विनिश्चय सागर महाराज का शुक्रवार को दिगम्बर जैन अतिशय क्षेत्र पदमपुरा में जुलूस के साथ सुबह दस बजे मंगल प्रवेश हुआ। पूरे क्षेत्र में भगवान पदमप्रभू के जयकारों से वातावरण गुंजायमान हो उठा। इससे पूर्व पदम ज्योति नेत्र चिकित्सालय से गाजे-बाजे के साथ मंगल प्रवेश जुलूस रवाना हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। आचार्य विनिश्चय सागर महाराज जयपुर प्रवास समिति के महामंत्री विनोद जैन कोटखावदा के अनुसार पदम ज्योति नेत्र चिकित्सालय पर सकल दिगम्बर जैन समाज द्वारा आचार्य श्री ससंघ की भव्य अगवानी की गई। जुलूस विभिन्न मार्गों से होता हुआ दिगंबर जैन



मंदिर अतिशय क्षेत्र पहुंचा। यहां धर्मसभा में आचार्य के मंगल प्रवचन हुए।

मार्ग में श्रद्धालुओं ने जगह-जगह पाद पक्षालन एवं मंगल आरती की। मुख्य संयोजक प्रदीप जैन एवं चेतन जैन निमोडिया ने बताया कि आचार्य संघ ने शिवदासपुरा से मंगल विहार किया और स्थानीय दिगम्बर जैन मंदिर के दर्शन करते हुए पदमपुरा पहुंचे। यहां गुलाब कौशल्या चेरिटेबल ट्रस्ट के मुख्य ट्रस्टी नरेश मेहता, पदमपुरा क्षेत्र कमेटी सदस्यों द्वारा पाद पक्षालन एवं मंगल आरती कर स्वागत किया। मार्ग में जयकारों के मध्य गणिनी आर्यिका सरस्वती माताजी ससंघ से भी मंगल मिलन हुआ। पदमपुरा अतिशय क्षेत्र कमेटी के अध्यक्ष सुधीर जैन एवं मानद् मंत्री हेमंत सोगानी ने बताया कि आचार्य श्री का 28वां संयम दीक्षा महोत्सव 14 दिसम्बर को धूमधाम से मनाया जाएगा। महोत्सव की सभी तैयारियां पूर्ण हो चुकी हैं तथा विभिन्न आयोजन समितियां गठित की गई हैं।

मुख्य संयोजक पदम बिलाला, डॉ. विमल कुमार जैन ने बताया कि इस अवसर पर नरेश मेहता, ज्ञानचंद झांझरी, महावीर अजमेरा, राज कुमार कोठ्यारी, प्रदीप जैन, अशोक बाकलीवाल, सतीश खण्डाका, अशोक खण्डाका, सुभाष बज, निर्मल पाटोदी, सुरेन्द्र जैन, प्रकाश बाकलीवाल, कुलदीप सोनी, पुलकित जैन, शुभम जैन हल्देनिया, नितिन जैन हल्देनिया, अंकित जैन, गजानन्द काला, नरेश बाकलीवाल, दीपिका जैन कोटखावदा, प्रेम लता बाकलीवाल, पुष्पा सोनी, कुसुम साखूनियां, सुनिता हल्देनियां, अंजना बाकलीवाल, बबीता सोगानी, अनिता लुहाड़िया, रेखा पाटनी, श्रुति सोनी, मीनू निमोडिया, वैशाली सोनी, तन्वी जैन आदि बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

#### बंधनों को काटकर जीवन का कल्याण करना चाहिए

**आचार्य विनिश्चय** सागर महाराज ने कहा कि भूगर्भ से प्रकटित भगवान पदमप्रभू का अतिशय निराला है। यहां साधकों को अपने कर्मों की निर्जरा के लिए विशेष अवसर प्राप्त होता है। उन्होंने पद्म पुराण का उल्लेख करते हुए कहा कि सीता ने राम से कहा जैसे मुझे छोड़ा है वैसे धर्म को मत छोड़ना। आचार्य श्री ने श्रद्धालुओं को प्रेरित करते हुए कहा कि सिद्धालय में विराजमान महान सिद्धों जैसा बनने का संकल्प करना चाहिए। जैसे भगवान पदमप्रभु ने हाथी को बंधा देखकर वैराग्य धारण किया, उसी प्रकार हमें भी अपने बंधनों को काटकर जीवन का कल्याण करना चाहिए। दोपहर में आचार्य श्री ससंघ के सान्निध्य में श्री शांतिनाथ पूजा विधान का संगीतमय आयोजन हुआ। शाम को गुरु भक्ति एवं आरती की गई। दोपहर 2 बजे गणिनी आर्यिका सरस्वती माताजी ससंघ का जयपुर के लिए मंगल विहार हो गया।

---

### रेलवे कर्मचारियों को मिलेगा विश्व स्तरीय प्रशिक्षण

# तेज स्पीड के साथ सेफ्टी पर पूरा फोकस

**महानगर टाइम्स संवाददाता**

**जयपुर।** यात्रियों को सुरक्षित, विश्वसनीय और उन्नत यात्रा अनुभव प्रदान करने के उद्देश्य से रेलवे ने अपने कर्मचारियों की ट्रेनिंग को पूर्णतः विश्वस्तरीय बनाने का निर्णय लिया है। इस दिशा में ट्रैक, सिग्नलिंग, रोलिंग स्टॉक से लेकर कर्मचारियों की स्किल डेवलपमेंट तक सभी क्षेत्रों में उच्चतम मानक अपनाए जा रहे हैं। भारतीय रेलवे 160 से 180 किमी प्रति घंटे की गति से चलने वाली हाई-स्पीड ट्रेनों के नए युग में प्रवेश की तैयारी कर रहा है। इसलिए इस दिशा में ऐसा करना बहुत जरुरी हो गया है। स्वदेशी एंटी-कोलिजन सिस्टम 'कवच', आधुनिक इलेक्ट्रॉनिक सिग्नलिंग, भीड़ प्रबंधन, यात्री सुविधा और सुरक्षा जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में रेलकर्मियों को उन्नत प्रशिक्षण दिया जाएगा। रेलवे बोर्ड ने सभी प्रशिक्षण संस्थानों, ट्रेनिंग सेंटर्स और रेलवे स्कूलों की गुणवत्ता को विश्वस्तर तक ले जाने के लिए 30 बिंदुओं की चेकलिस्ट जारी की है। रेलवे बोर्ड के ने सभी जोनल रेलवे के प्रधान मुख्य इंजीनियरों को निर्देश दिए हैं कि हर छह महीने में कम से कम एक बार मुख्य ट्रैक इंजीनियर तथा मुख्य इंजीनियर इन संस्थानों का गहन निरीक्षण करेंगे। निरीक्षण की विस्तृत रिपोर्ट रेलवे बोर्ड को अनिवार्य रूप से भेजी जाएगी।

#### 30-बिंदु मानक सूची

**बुनियादी ढांचा (13 बिंदु)** भवन, कक्षाओं की गुणवत्ता, हॉस्टल, स्वच्छ शौचालय, मेस-कैंटीन की साफ-सफाई, सुरक्षित पेयजल, फायर एक्सटिंग्विशर, आपातकालीन निकास, फर्स्ट एड किट आदि सुविधाएं।

**शिक्षण सुविधाएं (11 बिंदु)** अपडेटेड मैनुअल एवं कोड, ऑडियो-विजुअल सिस्टम, कंप्यूटर लैब, हाई-स्पीड इंटरनेट, डेमो रूम, मॉडल यार्ड, तथा योग्य प्रशिक्षकों की उपलब्धता।

#### अन्य सुविधाएं

**खेल एवं** मनोरंजन व्यवस्था, शिकायत निवारण तंत्र, सीसीटीवी, सुरक्षा गार्ड आदि। रेलवे अधिकारियों के अनुसार आने वाला रेल युग केवल तेज गति वाली ट्रेनों का नहीं, बल्कि विश्वस्तरीय सुरक्षा, प्रशिक्षण और सेवाओं का युग होगा, जिसमें भारतीय रेलवे वैश्विक मानकों पर नए स्तर स्थापित करेगा।

---

## कायस्थ समाज का युवक-युवती परिचय सम्मेलन कल

**महानगर टाइम्स संवाददाता**

**जयपुर।** मानसरोवर के अग्रवाल फार्म, एसएफएस सामुदायिक भवन में श्री चित्रगुप्त नवयुवक समिति के तत्वावधान में कायस्थ समाज का 41वां युवक-युवती परिचय सम्मेलन सुबह 10 से शाम 5 बजे तक आयोजित होगा। परिचय सम्मेलन में राजस्थान, यूपी, एमपी, गुजरात, बिहार व विदेश से भी युवक-युवती ऑन लाइन शामिल होंगे। सम्मेलन के सफल आयोजन के लिए रजिस्ट्रेशन, स्वागत, टेन्ट, भोजन प्रसादी, स्टेज, आदि कमेटी बनाई गई है। करीब 1000 से 1500 युवक-युवती का परिचय सम्मेलन में शामिल होंगे। जयपुर व राजस्थान की सभी कायस्थ समाज की संस्थान पदाधिकारी परिचय सम्मेलन में भाग लेंगे।

## श्री प्रेमभाया सरकार का सत्संग-पौष बड़ा प्रसादी कल

**महानगर टाइम्स संवाददाता**

**जयपुर।** श्री प्रेमभाया मंडल समिति की ओर से 14 दिसंबर को श्री प्रेमभाया सरकार का सत्संग एवं पौष बड़ा प्रसादी महोत्सव कालवाड़ रोड झोटवाड़ा के खांडल कृषि फार्म हाउस में शाम चार से रात्रि आठ बजे तक बड़े हर्षोल्लास के साथ आयोजित किया जाएगा। संयोजक रमेश खंडेलवाल ने बताया कि आयोजन की तैयारियां जोरों पर है। ढूंढ़ाड़ी भक्त शिरोमणि युगल सरकार की भक्ति रचनाओं से दरबार में विशेष हाजिरी लगाई जाएगी।

---

### संस्कृति, सभ्यता, खान-पान और समाज को समझने में मिलेगी मदद

# स्थानीय भाषाओं को जोड़ेगा भाषा सागर एप

**महानगर टाइम्स संवाददाता**

**जयपुर।** क्षेत्रीय भाषाओं के अस्तित्व और उनके संवर्धन को लेकर चल रही चिंता के बीच अब एक बड़ी पहल का शुभारंभ हुआ है। केंद्रीय भारतीय भाषा संस्थान तथा भारतीय विज्ञान संस्थान, बेंगलुरु के संयुक्त प्रयास से विकसित 'भाषा सागर एप' और 'स्वयं पोर्टल' भारतीय भाषाओं को एक सूत्र में पिरोने का महत्वपूर्ण माध्यम बनते जा रहे हैं। केंद्रीय भारतीय भाषा संस्थान के निदेशक प्रो. शैलेंद्र मोहन ने बताया कि देश को सांस्कृतिक रूप से जोड़ने के लिए क्षेत्रीय भाषाओं का संरक्षण अत्यंत आवश्यक है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा 'एक भारत-श्रेष्ठ भारत' की परिकल्पना के अंतर्गत भाषाई एकता को विशेष महत्व दिया जा रहा है। इसी दिशा में केंद्र सरकार द्वारा भारतीय भाषाओं में शिक्षा, प्रशिक्षण और व्यावसायिक विकास को नए स्तर पर ले जाने के प्रयास हो रहे हैं।

**लुप्तप्राय भाषाओं के लिए भी प्रयास:** संस्थान लुप्तप्राय एवं जनजातीय भाषाओं के संरक्षण-संवर्धन के लिए पाठ्यक्रम, पोर्टल, बाल पुस्तिकाएं और मशीन लर्निंग आधारित टूल विकसित कर रहा है। 'भाषा सागर एप' की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि कोई भी व्यक्ति अपनी मातृभाषा को आधार बनाकर दूसरी भारतीय भाषा पढ़ना, लिखना और बोलना सीख सकता है। एप में प्रत्येक भाषा के लिए 30-40 व्यावहारिक अध्याय उपलब्ध हैं, जिनमें लगभग 1500-1600 शब्दों की सामग्री दी गई है। साथ ही फोनेटिक रिकॉर्डर की सुविधा भी शामिल है, जिससे उच्चारण का अभ्यास आसानी से किया जा सकता है।

**शिक्षा और करियर में भी बढ़ावा:** सरकार पांचवीं कक्षा तक मातृभाषा में शिक्षा को प्रोत्साहित कर रही है। इसके साथ ही कॉलेजों, विश्वविद्यालयों तथा विभिन्न व्यवसायों से जुड़े युवाओं को मातृभाषा के साथ कम से कम एक अन्य भारतीय भाषा सीखने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। इसी पहल का परिणाम है कि मेडिकल, इंजीनियरिंग और उच्च शिक्षा के कई पाठ्यक्रम अब विभिन्न भारतीय भाषाओं में भी उपलब्ध करवाए जा चुके हैं।

**स्वयं पोर्टल पर क्रेडिट कोर्स:** कई उच्च शिक्षण संस्थानों ने अपने पाठ्यक्रम में एक अतिरिक्त भारतीय भाषा सीखना अनिवार्य कर दिया है। इसी को ध्यान में रखते हुए संस्थान ने भारतीय विज्ञान संस्थान के सहयोग से स्वयं पोर्टल पर 8 भाषाओं में 12 सप्ताह के क्रेडिट कोर्स तैयार किए हैं। इन कोर्स में विद्यार्थी भाषा की मूल संरचना, पढ़ना-लिखना तथा बोलचाल कौशल सीखते हैं। वर्तमान में कन्नड़, मलयाली, उड़िया, बांग्ला, मराठी और पंजाबी के कोर्स उपलब्ध हैं। जनवरी से तमिल, संस्कृत तथा अन्य भाषाएं भी शामिल की जाएंगी।

**22 भाषाओं को जोड़ता 'भाषा सागर':** 'भाषा सागर एप' हिंदी, असमिया, बांग्ला, गुजराती, कन्नड़, उर्दू, कश्मीरी, कोंकणी, मलयाली, मणिपुरी, मराठी, नेपाली, उड़िया, पंजाबी, संस्कृत, सिंधी, तमिल, तेलुगु, डोगरी, मैथिली, संथाली समेत 22 भारतीय भाषाओं के लिए तैयार किया गया है। किसी भी राज्य की संस्कृति, सभ्यता, खान-पान और समाज को समझने के लिए उसकी भाषा का ज्ञान आवश्यक है। यह एप भाषाई और सांस्कृतिक एकता को मजबूत करने की दिशा में अत्यंत प्रभावी होगा।

---

## सीएम भजनलाल ने पश्चिमी राजस्थान उद्योग हस्तशिल्प उत्सव के पोस्टर का किया विमोचन




**महानगर टाइम्स संवाददाता**

**जयपुर।** लघु उद्योग भारती के प्रतिनिधिमंडल ने अखिल भारतीय संगठन मंत्री प्रकाशचन्द एवं निवर्तमान राष्ट्रीय अध्यक्ष घनश्याम ओझा के नेतृत्व में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा से शिष्टाचार भेंट की। प्रतिनिधिमंडल में लघु उद्योग भारती के अखिल भारतीय संयुक्त महासचिव नरेश पारीक, निवर्तमान प्रदेश अध्यक्ष शांतिलाल बालड, राजस्थान प्रदेश उपाध्यक्ष महावीर चौपड़ा, नटवरलाल अजमेरा, प्रदेश महामंत्री सुधीर कुमार गर्ग एवं जोधपुर महानगर सचिव राकेश कुमार चौरडिया उपस्थित रहे। प्रतिनिधिमंडल ने प्रवासी राजस्थानी सम्मेलन की शानदार सफलता के लिए मुख्यमंत्री शर्मा को बधाई दी। इस अवसर पर मुख्यमंत्री शर्मा ने पश्चिमी राजस्थान उद्योग हस्तशिल्प उत्सव 2026 के पोस्टर का विमोचन किया। शर्मा ने उत्सव 2026 में उद्योगों से संबंधित विभाग को राज्य सरकार व केंद्र सरकार की योजनाओं की जानकारी देने के लिए उत्सव में सक्रिय सहभागिता निभाने के निर्देश दिए।

---

### व्यापारिक संगठनों ने जताई प्रसन्नता

# अर्थव्यवस्था को नई उछाल देगा दीपावली को विश्व विरासत का तमगा

**महानगर टाइम्स संवाददाता**

**जयपुर।** यूनेस्को द्वारा दीपावली को मानवता की अमूर्त सांस्कृतिक विरासत की सूची में शामिल किए जाने के बाद गुलाबी नगरी जयपुर में हर्ष और उत्साह का माहौल है। दीपावली की विश्व-प्रसिद्ध रोशनी, पारंपरिक बाजारों की चमक, अनूठी राजस्थानी कलात्मकता और कारीगरों की पीढ़ियों पुरानी परंपराओं को अब वैश्विक स्तर पर जो मान्यता मिली है, उसे यहां के व्यापारियों, शिल्पकारों, उद्योग प्रतिनिधियों और सांस्कृतिक संगठनों ने ऐतिहासिक बताया है। जयपुर की दीपावली देश में ही नहीं, बल्कि दुनिया भर में अपनी भव्यता, रंग-बिरंगे भवनों, गुलाबी दीवारों की रोशनी, सजे-धजे बाजारों और पारंपरिक दीपोत्सव कार्यक्रमों के लिए जानी जाती है। हर वर्ष लाखों देसी-विदेशी पर्यटक इस रोशनी को देखने के लिए जयपुर पहुंचते हैं। विशेषज्ञों का मानना है कि अब यूनेस्को का दर्जा मिलने के बाद यह संख्या दोगुनी-तिगुनी हो सकती है, जिससे पर्यटन, होटल, परिवहन, हस्तशिल्प, इलेक्ट्रॉनिक्स, आभूषण, पूजा-सामग्री और सजावटी उद्योगों में भारी बढ़ोतरी होगी। जयपुर के प्राचीन बाजार– चांदपोल, जौहरी बाजार, बापू बाजार, त्रिपोलिया और किशनपोल- दीपावली पर जिस सजावट और रौनक से जगमगाते हैं, उसे देखने दुनिया भर के पर्यटक आते हैं। यहां के कारीगरों द्वारा बनाए गए मिट्टी के दीये, पारंपरिक कंदील, गणेश-लक्ष्मी की मूर्तियां, रंगोली सामग्री और राजस्थानी सजावटी वस्तुएं अब वैश्विक मांग में और अधिक वृद्धि दर्ज करेंगी। जयपुर व्यापार महासंघ के अध्यक्ष सुभाष गोयल ने बताया कि यूनेस्को का यह फैसला पूरे गुलाबी शहर के लिए गौरवशाली है। यहां दीपावली सिर्फ त्योहार नहीं बल्कि सांस्कृतिक उत्सव है, जिसमें कारीगरों, महिलाओं के स्वयं सहायता समूहों, छोटे दुकानदारों और पारंपरिक शिल्प को नया जीवन मिलता है। अब अंतरराष्ट्रीय पहचान मिलने के बाद जयपुर के उत्पादों की वैश्विक ब्रांड वैल्यू कई गुना बढ़ेगी। राष्ट्रीय व्यापारी कल्याण बोर्ड के सदस्य सुरेश सैनी ने कहा जयपुर की गलियां दीपावली पर जिस तरह जगमगाती हैं, वह किसी अंतरराष्ट्रीय फेस्टिवल से कम नहीं। यूनेस्को की मान्यता के बाद इलेक्ट्रिकल, लाइटिंग और सजावटी सामान की बिक्री में इस बार रिकॉर्ड वृद्धि की उम्मीद है।



#### यातायात सुधारे-पार्किंग की व्यवस्था हो

**व्यापार मंडलों** ने यह भी कहा कि दीपावली के दौरान चारदीवारी क्षेत्र में अत्यधिक भीड़ और ट्रैफिक अव्यवस्था बड़ी समस्या बन जाती है। पिछले कुछ वर्षों से दीपावली के दौरान चारदीवारी में वाहनों का दबाव इतना बढ़ जाता है कि कई घंटों तक जाम की स्थिति बन जाती है। अब दीपावली को वैश्विक पहचान मिल चुकी है, तो प्रशासन को ट्रैफिक प्रबंधन, पार्किंग, सुरक्षा और भीड़ नियंत्रण पर विशेष योजनाएं लागू करनी चाहिए। इससे पर्यटकों का अनुभव और बेहतर होगा तथा शहर की छवि और निखरेगी।

#### धार्मिक पर्यटन को मिलेगा बूम

संस्कृति विशेषज्ञों के अनुसार यूनेस्को की यह उपलब्धि दुनिया को वसुधैव कुटुंबकम की भावना और भारतीय परंपराओं की मूल आत्मा से परिचित कराएगी। जयपुर की दीपावली का आकर्षण- लक्ष्मी पूजन, दीपदान, हवेलियों की रोशनी, मंदिरों की सजावट, बाजारों की पारंपरिक झांकियां और राजस्थानी लोक कलाओं अब वैश्विक सांस्कृतिक अर्थव्यवस्था में नई भूमिका निभाएंगे। व्यापारियों ने संयुक्त रूप से कहा कि यह उपलब्धि केवल त्योहार की मान्यता भर नहीं, बल्कि जयपुर की सांस्कृतिक विरासत, शिल्प कौशल और आर्थिक समृद्धि के नए दौर की शुरुआत है। आने वाले समय में जयपुर की दीपावली वैश्विक पर्यटन का सबसे बड़ा आकर्षण साबित होगी।

---

## निर्मला रावत उत्कृष्ट कार्यों के लिए सम्मानित



**महानगर टाइम्स संवाददाता**

**जयपुर।** वर्ल्ड पैरा थ्रोबॉल फैडरेशन की अध्यक्ष निर्मला रावत को उल्लेखनीय कार्यों के लिए सम्मानित किया गया है। निर्मला रावत का यह सम्मान श्रीलंका के रतनपुरा जैम टाउन में आयोजित साउथ एशियन पैरा थ्रोबॉल प्रतियोगिता के दौरान किया गया।

श्रीलंका पैरा थ्रोबॉल संघ की संरक्षक एवं सबरागमुवा प्रांतीय परिषद की मुख्य सचिव ईएए सुनिता ने उन्हें सम्मानित किया।

# 10 फीसदी कटौती फिर भी हालात बेकाबू!

## इंडिगो की उड़ानें रदद, महंगा किराया सरकारी नियंत्रण से बाहर

**पिछले** कई दिनों से राजधानी दिल्ली समेत देश की दूसरी जगहों में हवाई अड्डों पर हजारों यात्री जिस तरह परेशान हैं, वह बहुत दुर्भाग्यपूर्ण है। देश की सबसे बड़ी एयरलाइन इंडिगो का पूरा सिस्टम बैठ गया और हवाई अड्डों पर अफरातफरी मच गई। इस परेशानी से 10 लाख से ज्यादा यात्री प्रभावित हुए हैं। शुक्रवार को इंडिगो की एक हजार से ज्यादा, तो शनिवार को आठ सौ से अधिक उड़ानें रद्द हुईं। इस स्थिति से बचा जा सकता था। सबसे दुर्भाग्यपूर्ण यह कि रूसी राष्ट्रपति पुतिन की भारत यात्रा के दौरान स्थिति बिगड़ गई। इससे देश की छवि खराब हुई है। ऐसे में यह सवाल मौजू हो गया कि क्या इंडिगो ने जानबूझ कर यह स्थिति पैदा की! वह नियमों का अनुपालन करने वाली कंपनी रही है, पर पता नहीं, इस बार उसने ऐसा क्यों किया। उसे शायद लगा होगा कि घरेलू विमानन क्षेत्र की सबसे बड़ी एयरलाइन होने के कारण वह मनमानी कर सकती है, तथा डीजीसीए (नागरिक उड्डयन महानिदेशालय) और सरकार को झुका सकती है। इंडिगो के इस लापरवाह रवैये के निहितार्थ भीषण हो सकते हैं और सरकार सख्त कदम उठा सकती है। इंडिगो के सीइओ को दिया गया नोटिस और चार अधिकारियों का निलंबन इसी दिशा में संकेत कर रहा है। विमानन कंपनी इंडिगो में उड़ान परिचालन का संकट अभी थमा नहीं है। अब तक हजारों उड़ानें रद्द की जा चुकी हैं, जिसका सीधा असर यात्रियों पर पड़ा है। सरकार ने इस मामले की तहकीकात शुरू कर दी है और साथ ही स्पष्ट किया है कि जांच निष्कर्षों के आधार पर उचित कार्रवाई की जाएगी। इसी क्रम में स्थिति को संभालने के लिए सरकार ने इंडिगो की उड़ानों में दस फीसद की कटौती कर दी है। इस बात से भी इनकार नहीं किया जा सकता है कि पायलटों की समस्याएं काफी हैं। इससे राहत देने के लिए डीजीसीए ने आठ घंटे ड्यूटी तथा दो लैंडिंग का नया नियम तय किया था। पायलटों के लिए टेकऑफ तथा लैंडिंग का काम बहुत चुनौती भरा होता है। दो लैंडिंग में तीन घंटे भी लगे, तो काम के कुल ग्यारह घंटे हो जाते हैं। फिर घर जाने-आने का भी समय जोड़ लें, तो एक पायलट बारह-तेरह घंटे काम करता है। इसी को देखते हुए डीजीसीए ने पायलटों के आराम के नए नियम-यानी एफटीडीएल की शुरुआत की थी। इसके तहत मुख्य बदलाव एक नवंबर से लागू हुए थे। ये बदलाव हैं-हर पायलट को हर सप्ताह 48 घंटे का आराम, जो पहले 36 घंटे था। इसे किसी दूसरी छुट्टी से नहीं बदला जा सकता। इसके अलावा रात की ड्यूटी का समय बदला-अब रात 12 बजे से सुबह छह बजे की ड्यूटी रात की ड्यूटी है। रात में अब पायलटों को दो लैंडिंग की ही इजाजत है, जबकि पहले छह लैंडिंग की इजाजत थी। लगातार दो रात से ज्यादा ड्यूटी नहीं लग सकती। लंबी उड़ानों के बाद 24 घंटे का आराम भी अनिवार्य है। पर इंडिगो के संकट के बाद डीजीसीए ने प्रति सप्ताह 48 घंटे आराम करने वाले सख्त नियम को फिलहाल वापस ले लिया है। साफ है कि इंडिगो को मुख्य दिक्कत एफटीडीएल-यानी फ्लाइट ड्यूटी टाइम लिमिटेशन नियमों के कारण आई। शायद कंपनी ने इसके लिए पहले से पर्याप्त तैयारी नहीं की थी। उसकी क्रू प्लानिंग तथा रोस्टरिंग कमजोर थी। इसका असर विमान सेवाओं पर पड़ा, जिसकी जिम्मेदारी एयरलाइन की है। इंडिगो ने कहा है कि वह आने वाले दिनों में नए क्रू की भर्ती करेगी, ताकि नियमों का पालन हो सके। इस स्थिति को देखते हुए और हवाई सेवाओं को सामान्य बनाने के लिए डीजीसीए ने सार्वजनिक हित में एक बार के लिए अस्थाई छूट देने का फैसला किया। जाहिर है कि इस स्थिति के लिए सिर्फ इंडिगो जिम्मेदार है। उसे लगा होगा कि एफटीडीएल के नए नियम लागू होने पर भी अपने मौजूदा पायलटों और क्रू की संख्या से वह काम चला लेगी, पर ऐसा नहीं हुआ। नए नियमों के हिसाब से इंडिगो को और पायलटों की आवश्यकता थी, लेकिन उसने समय रहते भर्ती नहीं की। इंडिगो के बेड़े में 400 से अधिक विमान हैं। इस नाते उसे ध्यान रखना चाहिए था, जो कि उसने नहीं रखा। उसकी गलती यहीं तक सीमित नहीं है। नवंबर के अंत में जब उसे लगा था कि उसका सिस्टम गड़बड़ाने लगा है, तब उसे कंट्रोल रूम की क्षमता बढ़ानी चाहिए थी, ताकि ऐसी हालत पैदा होने पर यात्रियों को रियल टाइम जानकारी दी जाती। उससे यात्री घर बैठे ही यह जान पाते कि उनकी उड़ानों की क्या स्थिति है। यात्रियों की परेशानी इसलिए भी बढ़ी, क्योंकि उन्हें अपनी उड़ानों के बारे में सही जानकारी प्राप्त नहीं हो पाई। इस बात को तो सरकार ने भी माना है कि व्यवस्थागत खामियों की वजह से यह संकट पैदा हुआ है, लेकिन किस स्तर पर चूक हुई है, इसका पता जांच पूरी होने के बाद ही चल पाएगा। मगर सवाल है कि यह संकट खड़ा होने से पहले ही इसका समाधान तलाशने की जरूरत क्यों महसूस नहीं की गई... और इस अव्यवस्था का खमियाजा यात्रियों को क्यों भुगतना पड़ रहा है! दिल्ली उच्च न्यायालय ने भी बुधवार को इस पर चिंता जताते हुए केंद्र सरकार से पूछा कि आखिर ऐसी स्थिति क्यों उत्पन्न होने दी गई। साथ ही कहा कि यह यात्रियों को हुई परेशानी और उत्पीड़न के अलावा देश की अर्थव्यवस्था को होने वाले नुकसान का भी सवाल है। हैरत की बात है कि जिन नए नियमों की वजह से इंडिगो में उड़ान परिचालन का संकट उपजा, उस आदेश को वापस लेने के बाद भी स्थिति सामान्य नहीं हो पा रही है। मसला सिर्फ यह नहीं है कि उड़ान रद्द होने से यात्रियों को अपने गंतव्य तक पहुंचने में परेशानी हुई, बल्कि उन्हें दूसरी कंपनियों की उड़ान का सहारा लेने के लिए सामान्य से कई गुना अधिक किराए का भुगतान करना पड़ा। यही वजह है कि उच्च न्यायालय ने इस पर कड़ा संज्ञान लेते हुए सवाल किया कि ऐसी संकटपूर्ण स्थिति में अन्य विमानन कंपनियां हालात का फायदा उठाकर यात्रियों से टिकटों के लिए भारी कीमत कैसे वसूल सकती हैं! हालांकि, इस समस्या के उजागर होने के बाद सरकार ने फिलहाल दूरी के आधार पर हवाई किराए की सीमा तय कर दी है, लेकिन सवाल यह है कि स्थाई तौर पर व्यवस्था क्यों नहीं की जाती है!




**विमानन कंपनी इंडिगो में उड़ान परिचालन का संकट अभी थमा नहीं है। अब तक हजारों उड़ानें रद्द की जा चुकी हैं, जिसका सीधा असर यात्रियों पर पड़ा है। सरकार ने इस मामले की तहकीकात शुरू कर दी है और साथ ही स्पष्ट किया है कि जांच निष्कर्षों के आधार पर उचित कार्रवाई की जाएगी। इस बात को तो सरकार ने भी माना है कि व्यवस्थागत खामियों की वजह से यह संकट पैदा हुआ है, लेकिन किस स्तर पर चूक हुई है, इसका पता जांच पूरी होने के बाद ही चल पाएगा। मगर सवाल है कि यह संकट खड़ा होने से पहले ही इसका समाधान तलाशने की जरूरत क्यों महसूस नहीं की गई... और इस अव्यवस्था का खमियाजा यात्रियों को क्यों भुगतना पड़ रहा है!**

# बेटियांः जन्म से ही घटती गिनती, बढ़ती चिंता

## राजस्थान में बेटियों की संख्या लगातार कम हो रही है। जनगणना, स्वास्थ्य विभाग और सर्वेक्षणों के आंकड़े बताते हैं कि समाज की सोच, भेदभाव और असमान अवसर इस असंतुलन को और गहरा कर रहे हैं।

मणिमाला शर्मा



**राजस्थान** की 2011 की जनगणना बताती है कि राज्य में हर 1000 पुरुषों पर केवल 928 महिलाएं थीं। यह राष्ट्रीय औसत से भी कम था। लेकिन इससे भी अधिक चिंताजनक आंकड़ा बाल-लिंगानुपात का है, जो 0 से 6 वर्ष की आयु के बच्चों का अनुपात दर्शाता है। इस श्रेणी में राजस्थान का अनुपात मात्र 888 लड़कियां प्रति 1000 लड़कों था।

ये दोनों आंकड़े बताते हैं कि समस्या केवल जन्म के बाद की असमानता नहीं है, बल्कि जन्म से पहले ही बेटी के जीवन के अवसर सीमित कर दिए जाते हैं। यदि किसी समाज में बच्चियों की संख्या इस हद तक कम हो रही हो, तो यह केवल आर्थिक या सांस्कृतिक मुद्दा नहीं रह जाता बल्कि यह सामाजिक संरचना की जड़ों तक पहुंचने वाली चुनौती बन जाता है।

समय के साथ स्थिति में हल्का सुधार जरूर दर्ज हुआ है। स्वास्थ्य विभाग के पीसीटीएस (प्रेग्नेंसी एंड चाइल्ड ट्रैकिंग सिस्टम) के हालिया डेटा के अनुसार राजस्थान में जन्म के समय लिंगानुपात लगभग 940-948 लड़कियां प्रति 1000 लड़कों के बीच तक पहुंचा है। यह उछाल सकारात्मक है लेकिन यह सुधार सभी जिलों में समान रूप से दिखाई नहीं देता। कई जिलों की स्थिति अब भी राष्ट्रीय चिंताओं के अनुरूप ही बनी हुई है।

### जिले जो उम्मीद जगाते हैं और वे जो चिंता बढ़ाते हैं

राजस्थान भौगोलिक रूप से विशाल और सांस्कृतिक रूप से विविध राज्य है। इसी कारण यहां लिंगानुपात में जिले-दर-जिले भारी अंतर दिखता है। कुछ जिले, जैसे बांसवाड़ा, प्रतापगढ़ और भीलवाड़ा, बाकी राज्य की तुलना में बेहतर दिखाई दे रहे हैं। यहां आदिवासी समुदायों की उपस्थिति और पारिवारिक संरचना के कुछ सकारात्मक पक्ष बेटियों की संख्या पर असर डालते हैं। चूंकि इन समुदायों की संरचना में महिलाओं की भागीदारी अधिक होती है इसलिए यह लोग समाज में बालिकाओं के जन्म लेने को लेकर प्रेरित होते हैं। यहां लड़कियों का जन्म उत्सव होता है।

वहीं झुंझुनूं, सीकर, करौली और दौसा जैसे जिले लगातार पिछड़ते जा रहे हैं। इन इलाकों में सामाजिक प्रतिस्पर्धा, आर्थिक दबाव और 'बेटा-वारिस' की परंपरागत मान्यता, बेटियों के प्रति भेदभाव को बढ़ावा देती है।

ये आंकड़े दिखाते हैं कि समस्या केवल स्वास्थ्य या शिक्षा की नहीं है। यह सीधे सामाजिक मानसिकता से जुड़ी है। धर्म के नाम पर भी लोग अपने घरों में बेटा पैदा करने की बात करते हैं। बेटा ही हो इसलिए चुपचाप तमाम झाड़फूंक, अंधविश्वास और गलत इलाज तक करवाने लगते हैं।



### सोच का संघर्षः बेटी का हक, मगर अधूरा

राजस्थान की पारंपरिक मान्यता में बेटा परिवार का नाम आगे बढ़ाता है, गृहस्थी में सहारा बनता है और संपत्ति का उत्तराधिकारी होता है। वहीं बेटी को हर बार दहेज, सुरक्षा और विवाह के खर्च के नजरिए से ही देखा जाता है। समाज की इस सोच में अभी तक ज्यादा परिवर्तन देखने को नहीं मिलता है। बस शहरी क्षेत्रों में लड़कियों की शिक्षा के प्रति जागरूकता जरूर बढ़ गई है। पर ग्रामीण क्षेत्रों में लड़कियों को अभी भी शिक्षा जैसे मूल अधिकार के लिए संघर्ष करना पड़ रहा है। बेटियों को खर्चे का बोझ माना जाता है क्योंकि उसे पराया धन माना जाता है। ऐसे में उसके ऊपर खर्च करने का कोई मतलब नहीं होता है।

इसके कारण बेटियों के खिलाफ भेदभाव जन्म के समय से ही शुरू हो जाता है और जीवन के हर चरण में दिखाई देता है। कई परिवार बेटियों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा नहीं देते, पोषण में कमी करते हैं और शिक्षा में लड़कों को प्राथमिकता देते हैं। ग्रामीण इलाकों में कई लड़कियां अब भी स्कूल छोड़कर घरेलू काम या भाई-बहनों की देखभाल में जुट जाती हैं। समाज में परंपरा का प्रभाव इतना गहरा है कि कई परिवार अपनी बेटियों की कीमत तब समझते हैं जब वे घर के अंदर कर्तव्यों की जिम्मेदारी निभाती हैं, लेकिन जब बात शिक्षा, सपनों या करियर की आती है, तो वही परिवार रूढ़िवादी सीमाएं खींच देता है।



### देवी की पूजा और बेटी की उपेक्षा!

राजस्थान देवी उपासना, लोक कला और संस्कृति के लिए मशहूर है। यहां शक्ति, दुर्गा और मातृ-संस्कारों का गौरव है। पर असल जीवन में बेटी को वही सम्मान नहीं मिलता, जिसका वर्णन धार्मिक ग्रंथों और लोक कथाओं में किया गया है। यही विरोधाभास राजस्थान की सामाजिक जटिलता को समझने की कुंजी है। मंदिरों में देवी की आरती उतारने वाला परिवार घर में अपनी ही बेटियों को शिक्षा से रोक देता है। यह विरोधाभास विश्लेषण का नहीं, बल्कि व्यवहार का सवाल है। इस मानसिकता से उबरने के लिए समाज को जागरूक होना पड़ेगा क्योंकि समाज के लिए यह सबसे बड़ा दुर्भाग्य है कि वह अपनी ही बेटियों को शिक्षा का अधिकार दिलाने में असफल हो रहा है। और जब शिक्षा ही नहीं मिलेगी तो बच्चियों का भविष्य कैसे सुरक्षित होगा?

लेकिन सुखद है कि राजस्थान में अब धीरे धीरे बदलाव की शुरुआत हो रही है। पर यह बदलाव समेकित हो रहा है,यह कहना मुश्किल है। क्योंकि जिनके पिता शहर में आते जाते हैं वो वहां की लड़कियों को देखकर अपनी बेटियों को भी स्कूल भेज रहे हैं। पर गांव में ज्यादातर लोग उस परिवार को सही नजर से नहीं देखते क्योंकि उनको लगता है कि लड़कियों का कार्य केवल चूल्हा-चौका संभालना ही है और यदि एक लड़की स्कूल जाएगी तो दूसरी लड़कियों को बिगाड़ देगी।

यहां कुछ ऐसे गांवों की कहानियां देखेंगे जो आंकड़ों से भी सख्त हैं।

### केस स्टडी -

### 1. भीरवास, उदयपुर

रानी नाम की दस वर्ष की बच्ची हर सुबह दो किलोमीटर दूर हैंडपंप से पानी भरकर लाती है। घर का काम संभालती है, फिर छोटे भाई की देखभाल करती है। उसकी पढ़ाई घर परिवार की देखभाल करने के बाद बचे घंटों पर निर्भर है। उसके परिवार में यह आम समझ है कि 'लड़कियां घर के काम में हाथ बटाएंगी और जब टाइम मिलेगा तो पढ़ लेंगीं।' पर अफसोस इन सबके बाद उसको अपने स्कूल जाने के लिए समय ही नहीं मिल पाता।

### 2. चुरूपुर, झुंझुनूं

कविता नाम की बच्ची का जन्म एक सामान्य ग्रामीण परिवार में हुआ। उसके जन्म लेते ही परिवार के लोगों ने नाराजगी जताई कि परिवार में लड़का नहीं 'फिर से लड़की ही हुई है।' कविता की मां को रोजाना चारों तरफ कविता को जन्म देने के लिए ताने ही मिलते थे। उन्हीं तानों ने कविता की मां को मजबूत बनाया और परिवार की आर्थिक स्थिति कमजोर होने के बावजूद उन्होंने कविता को स्कूल में दाखिला दिलवाया और पारिवारिक दबाव तथा तमाम दिक्कतों के बाद भी स्कूल भेजना नहीं छोड़ा। उसी का परिणाम है कि कविता आज आठवीं कक्षा में शीर्ष पांच छात्रों में से एक है।

### 3-धरमपुर, बांसवाड़ा

सोना नाम की बच्ची के माता-पिता ने उसकी पढ़ाई को प्राथमिकता दी और उसे कंप्यूटर क्लास तक भेजना शुरू किया। पहले तो गांव में इसके लिए उसके परिवार को विरोध का सामना करना पड़ा लेकिन सोना और उसके माता-पिता की मेहनत और हौंसले को देखकर अब गांव में दूसरे परिवार भी अपनी बेटियों को स्कूल भेज रहे हैं।

ये कहानियां एक सच्चाई बताती हैं कि अगर परिवार और समाज सोच बदलें, तो बेटियां अपना भविष्य बदलने की क्षमता रखती हैं।

### नीतियां हैं, लेकिन जड़ें गहरी हैं

**सरकार ने कई योजनाएं शुरू कीं**

- बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ
- राजश्री योजना
- पीसीपीएनडीटी कानून के तहत कड़ी निगरानी
- गर्भकालीन ट्रैकिंग सिस्टम

इनसे कुछ सुधार जरूर हुआ है, पर नीतियां तब तक पूर्ण असर नहीं दिखा पाएंगी जब तक समाज की मानसिकता नहीं बदलती।आंकड़े बताते हैं कि जहां सामुदायिक स्तर पर जागरूकता बढ़ी, वहां बाल-लिंगानुपात में तेजी से सुधार हुआ। जहां जागरूकता कम है, वहां सुधार बहुत धीमा या बिल्कुल नहीं है।

### समाधानः

सुधार तभी होगा जब समाज बदलेगा और इसके लिए जरूरी हैः- परिवारिक और सामुदायिक जागरूकता,लड़कियों के लिए स्वास्थ्य और पोषण सुविधाएं उपलब्ध कराना, स्कूल-स्तर पर लैंगिक समानता का पाठ्यक्रम लागू करना, कड़े कानून बनाना और उनकी लगातार निगरानी करना, लड़कियों के लिए सार्वजनिक स्थानों पर सुरक्षित माहौल बनाना और आर्थिक सहायता और छात्रवृतियां प्रदान करना आदि। जरूरत इस बात की भी है कि समाज बेटी को घर की जिम्मेदारियों तक सीमित नहीं करे, बल्कि उसे अपनी पसंद के अनुसार आगे बढ़ने दे।


क्योंकि बेटियां आंकड़ा नहीं हमारे समाज का भविष्य हैं। राजस्थान का लिंगानुपात दिखाता है कि बेटियां जीवन के शुरुआती चरण से ही असमानता झेल रही हैं। सुधार की प्रक्रिया शुरू तो हुई है, लेकिन अभी लंबा रास्ता बाकी है। बेटी को जन्म से ही बराबरी का दर्जा देना ही इस समस्या का असली समाधान है। जब समाज अपनी बेटियों को संख्या नहीं, भविष्य समझेगा तब राजस्थान सच में बदलना शुरू होगा।

## राशिफल

**आज दिनांक 13 दिसम्बर, 2025, शनिवार, विक्रम संवत् 2082, पौष माह कृष्ण पक्ष नवमी, हस्त, गरिजा करण, आयुष्मान योग, राहुकालः सुबह 9:42 से 11:01 बजे, सूर्योदय सुबह 7:03 बजे, सूर्यास्त सायं 5:38 बजे, चंद्रोदय रात 1:08 बजे, चंद्रास्त दोपहर 1:14 बजे, अभिजीत मुहूर्त दोपहर 11:59 बजे से 12:42 बजे, ब्रह्म मुहूर्त सुबह 5:27 से 6:15 बजे तक, चंद्रमा कन्या राशि में संचार करेगा।**





आज के दिन आपके की ओर से नेक कार्य होंगे, जिससे आपको मन की शांति प्राप्त होगी। आज का दिन व्यस्त रहेगा, लेकिन काम के अच्छे परिणाम मिल सकते हैं। नौकरीपेशा लोगों को वरिष्ठों का सहयोग मिलेगा। पारिवारिक जीवन में थोड़ी तनावपूर्ण स्थिति बन सकती है।




आज रुका हुआ पैसा मिलने की संभावना है। बिजनेस में नई डील फाइनल हो सकती है। परिवार के साथ समय बिताएं, रिश्तों में मजबूती आएगी। कोई शुभ समाचार भी मिल सकता है। परिवार की तरफ से सुख की अनुभूति प्राप्त होगी।




आज आप आत्मविश्वास से भरे रहेंगे। पुराने मित्र से मुलाकात संभव है। स्टूडेंट्स के लिए दिन अच्छा है। मानसिक तनाव थोड़ा बढ़ सकता है, ध्यान या मेडिटेशन से राहत मिलेगी। यात्रा के योग बन रहे हैं। आपके परिवार में आज किसी सदस्य का स्वास्थ्य खराब रहेगा।




आज खर्च बढ़ सकते हैं, इसलिए बजट का ध्यान रखें। किसी नजदीकी व्यक्ति से विवाद हो सकता है, सोच-समझकर बोलें। जीवनसाथी का सहयोग मिलेगा। सेहत का ख्याल रखें। आपके कार्य क्षेत्र में शुभ समाचारों की अधिकता रहेगी।




भाग्य आपका साथ देगा। नौकरी में तरक्की के संकेत हैं। विद्यार्थी प्रतियोगी परीक्षा में अच्छा प्रदर्शन कर सकते हैं। प्रेम संबंधों में मधुरता बनी रहेगी। कोई शुभ कार्य घर में संभव है। ईश्वर की आराधना करने से आज आपको मानसिक शांति प्राप्त होगी और भाग्य से भी आज अच्छा सहयोग प्राप्त होगा।




आज काम का दबाव रहेगा, लेकिन आप उसे आसानी से पूरा कर लेंगे। घर में किसी बुजुर्ग का स्वास्थ्य चिंता का कारण बन सकता है। धन लाभ के संकेत हैं। निवेश सोच-समझकर करें। परिवार के सदस्यों के साथ आज मतभेद उत्पन्न हो सकता है। अचानक यात्रा के योग हैं।





नई योजनाओं की शुरुआत के लिए समय अनुकूल है। परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थल पर जाने का प्लान बन सकता है। स्वास्थ्य अच्छा रहेगा। वैवाहिक जीवन सुखद रहेगा। बेफिजूल के कार्यों में मेहनत करेंगे, जिसका कोई लाभ प्राप्त नहीं होगा।




आज आपके सामने कोई पुरानी समस्या फिर से सामने आ सकती है। क्रोध पर नियंत्रण रखें। कार्यक्षेत्र में सावधानी बरतें, कोई भी गलती नुकसान पहुंचा सकती है। बाजार में निवेश से पहले विशेषज्ञ की सलाह लें।




साहस-ऊर्जा से भरपूर रहेंगे, नए अवसर मिलेंगे। यात्रा का योग है। प्रेम जीवन में सुधार होगा। स्वास्थ्य सामान्य रहेगा। आज आपको स्वास्थ्य संबंधी दिक्कतों का सामना करना पड़ेगा और धन से संबंधित परेशानी देखने को मिलेगी।




परिवार में किसी बात को लेकर मनमुटाव हो सकता है, लेकिन बात करने से सब ठीक होगा। आर्थिक स्थिति में सुधार होगा। मेहनत रंग लाएगी। आत्मविश्वास बढ़ेगा। आपके ऊपर आज बिना कारण आरोप-प्रत्यारोप भी लग सकता है।




आज का दिन सामान्य रहेगा। पुराने मित्र से मुलाकात प्रसन्न कर सकती है। कार्यक्षेत्र में नए प्रोजेक्ट पर काम शुरू हो सकता है। सेहत को नजर अंदाज न करें। रिश्तों में पारदर्शिता रखें। पड़ोसियों के साथ जुड़ाव का रास्ता दोबारा तैयार करना होगा।




आर्थिक मामलों में दिन शुभ रहेगा। प्रेम जीवन में खुशियां आएंगी। जीवनसाथी के साथ समय बिताने का मौका मिलेगा। विद्यार्थियों को सफलता मिल सकती है। स्वास्थ्य अच्छा रहेगा। आज के दिन आपको परिवार के सदस्यों की ओर से भी संपूर्ण सहयोग की प्राप्ति होगी।

## कर्म ही मृत्यु के बाद का साथी



प्रेरक प्रसंग

**एक** व्यक्ति के तीन घनिष्ठ मित्र थे। उन्होंने जीवन भर उसका साथ निभाया। जब वह मरने की अवस्था के निकट पहुंचा तो अपने मित्रों को पास बुलाकर बोला कि अब मेरा अंतिम समय आ गया है। तुम लोगों ने आजीवन मेरा साथ दिया है। मृत्यु के बाद भी क्या तुम लोग मेरा साथ दोगे? पहला मित्र बोला कि मैंने जीवन भर तुम्हारा साथ निभाया, लेकिन अब मैं बेबस हूं। इससे आगे अब मैं तुम्हारी कोई मदद नहीं कर सकता हूं। दूसरा मित्र बोला कि मैं मृत्यु को नहीं रोक सकता। मैंने आजीवन तुम्हारा हर परिस्थिति में साथ दिया है। तुम्हारे जाने के बाद मैं यह सुनिश्चित करूंगा कि तुम्हारी अंतिम संस्कार की प्रक्रिया यथावत संपन्न हो। तीसरा मित्र बोला कि मित्र! तुम तनिक भी चिंता मत करो, मैं मृत्यु के बाद भी तुम्हारा साथ दूंगा, तुम जहां भी जाओगे, मैं तुम्हारे साथ रहूंगा। मनुष्य के तीन घनिष्ट मित्र धन, परिवार व कर्म हैं। इन तीनों में से मनुष्य के कर्म ही मृत्यु के बाद भी उसका साथ निभाते हैं।

## सुडोकु 2119

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 6 | | 5 | | | 7 | |
| | 4 | | | 7 | | 8 | | |
| | 7 | | | 3 | | | 2 | |
| | | 8 | | 1 | 6 | | | 5 |
| | | | | | | 4 | | |
| 5 | | 3 | | 8 | | 9 | | |
| | | | | | | | | |
| 7 | 1 | | | | | | | |
| | | | 5 | 6 | 2 | | | |

**संकेत:** आड़े, खड़े व 3 गुणा 3 के वर्ग में 1 से 9 तक के अंक इस प्रकार भरें कि किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो। उत्तर अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा।

**सुडोकु 2118 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 8 | 5 | 3 | 7 | 6 | 2 | 9 | 1 |
| 9 | 6 | 2 | 4 | 1 | 8 | 5 | 3 | 7 |
| 7 | 1 | 3 | 9 | 5 | 2 | 4 | 6 | 8 |
| 8 | 9 | 4 | 1 | 3 | 7 | 6 | 5 | 2 |
| 1 | 2 | 7 | 6 | 9 | 5 | 8 | 4 | 3 |
| 3 | 5 | 6 | 2 | 8 | 4 | 1 | 7 | 9 |
| 6 | 7 | 8 | 5 | 2 | 9 | 3 | 1 | 4 |
| 5 | 3 | 9 | 8 | 4 | 1 | 7 | 2 | 6 |
| 2 | 4 | 1 | 7 | 6 | 3 | 9 | 8 | 5 |

### राज्य सरकार के दो वर्ष पूर्ण होने पर हरी झंडी दिखाकर रवाना किए विकास रथ

# जन-जन तक पहुंचेंगी सरकार की उपलब्धियां और योजनाएं

महानगर टाइम्स संवाददाता



**सवाई माधोपुर।** राज्य सरकार के दो वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में सरकार की उपलब्धियों, फ्लैगशिप योजनाओं और बजट घोषणाओं को जन-जन तक पहुंचाने के लिए सूचना एवं जनसंपर्क विभाग की ओर से तैयार किए गए विशेष विकास रथों को शुक्रवार को जिला कलेक्ट्रेट परिसर से खण्डार विधायक जितेन्द्र गोठवाल ने हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर पूर्व गंगापुर सिटी विधायक मानसिंह गुर्जर, जिला कलेक्टर कानाराम, पुलिस अधीक्षक अनिल बेनीवाल सहित जनप्रतिनिधि, अधिकारी व नागरिक उपस्थित रहे। इस अवसर पर खण्डार विधायक गोठवाल ने कहा कि विकास रथ राज्य सरकार की दो वर्षों की उपलब्धियों को गांव-गांव, ढाणी-ढाणी तक प्रभावी रूप से पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। उन्होंने बताया कि ऑडियो-वीडियो के माध्यम से योजनाओं की जानकारी सरल भाषा में आमजन को उपलब्ध कराई जाएगी, जिससे अधिक से अधिक लोग सरकारी योजनाओं का लाभ उठा सकें। पूर्व विधायक मानसिंह गुर्जर ने बताया कि विकास रथों के साथ एक सुझाव पेटिका भी रखी गई है, जिसमें आमजन अपने सुझाव और समस्याएं दर्ज कर सकेंगे। प्राप्त सुझावों पर विभाग द्वारा समुचित कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। विकास रथ विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों में निर्धारित मार्गों के अनुसार भ्रमण करते हुए राज्य सरकार की उपलब्धियों को सुलभ, सरल और पारदर्शी तरीके से जनता तक पहुंचाएंगे। कार्यक्रम के दौरान जनप्रतिनिधियों ने कहा कि सरकार जनसरोकारों के प्रति प्रतिबद्ध है और यह पहल पारदर्शी जनसंपर्क का सशक्त माध्यम बनेगी।

## प्रकाश शर्मा बने लालसोट बार एसोसिएशन के अध्यक्ष



महानगर टाइम्स संवाददाता

**लालसोट।** उपखंड मुख्यालय स्थित अदालत परिसर में शुक्रवार को दी बार एसोसिएशन की कार्यकारिणी के चुनाव शांतिपूर्ण माहौल में सम्पन्न हुए, जिसमें अध्यक्ष पद पर प्रकाश चंद्र शर्मा निर्झरना ने 37 मत प्राप्त कर अपने प्रतिद्वंदी अशोक चौधरी को 6 मतों से पराजित किया और विजयी बने। उपाध्यक्ष पद पर कृष्ण गोपाल गौतम ने 7 वोटों से जीत दर्ज की। वहीं सचिव पद पर ओमप्रकाश सैनी ने 28 मतों के अंतर से जीत हासिल की। कोषाध्यक्ष पद पर बृजपाल रछोया 27 वोटों से विजयी घोषित हुए। मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रेम प्रकाश चौधरी व सहायक निर्वाचन अधिकारी रजनी, एडवोकेट गणेश शर्मा, लेखराज शर्मा व शंभूदयाल राणा की देखरेख में चुनाव प्रक्रिया संचालित की गई। विजय के बाद अधिवक्ताओं ने नवनिर्वाचित अध्यक्ष प्रकाश चंद्र को मालाएं पहनाकर स्वागत किया। उन्होंने कहा कि अधिवक्ताओं के हितों की लड़ाई प्राथमिकता रहेगी और जूनियर अधिवक्ताओं को बार काउंसिल ऑफ राजस्थान से प्रतिमाह 10 हजार का स्थाई फंड दिलाने के लिए प्रयास किए जाएंगे।

## अन्न का अनादर नहीं करने के लिए स्काउट गाइड ने ली शपथ



महानगर टाइम्स संवाददाता

**नवलगढ़।** राजस्थान राज्य भारत स्काउट गाइड स्थानीय संघ के तत्वावधान में शेखावटी ग्रामीण शिक्षण संस्थान में स्काउट गाइड का द्वितीय तृतीय सोपान प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया गया, जिसके समापन दिवस पर लीडर ट्रेनर रामावतार सबलानिया ने स्काउट गाइड व स्टाफ को अन्न का अनादर नहीं करने और जूठन नहीं छोड़ने की शपथ दिलवाई। इस दौरान उन्होंने कहा कि उतना ही लो थाली में व्यर्थ न जाए नाली में। उन्होंने जीवन रक्षक अन्न का महत्व भी बताया। इस अवसर पर संस्था के निदेशक प्यारेलाल पालीवाल, स्काउट सचिव अर्जुन सिंह, स्काउट गाइड के प्रधान मुरली मनोहर चोबदार, प्राचार्य रविकांत सिंगोदिया, व्याख्याता विजय सिंह राड, शिविर संचालक महेश कुमार, मार्शल सुल्तान सिंह सैनी, मोजीराम बजाड, बीना चंदेल, सुमन डारा, उषा किरण आदि ने भी अन्न का अनादर नहीं करने और उसका संरक्षण करने की शपथ ली।

### समाजोपयोगी उत्पादन व समाज सेवा शिविर का आयोजन, सड़क सुरक्षा नियमों की दी जानकारी

# सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं में छात्रा अध्यापिकाओं ने दिखाई अपनी प्रतिभा

महानगर टाइम्स संवाददाता



**केकड़ी।** मिश्रीलाल दुबे महिला शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय में चल रहे छह दिवसीय समाजोपयोगी उत्पादन एवं समाज सेवा शिविर के चौथे व पांचवें दिन विभिन्न सांस्कृतिक एवं रचनात्मक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिसमें छात्रा अध्यापिकाओं ने उत्साह पूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ संस्थान के सचिव चंद्र प्रकाश दुबे, निदेशक डॉ. अविनाश दुबे, अनिरुद्ध दुबे, प्राचार्य डॉ. रामलाल वर्मा व आचार्य ब्रह्मानंद शर्मा ने संयुक्त रूप से किया। चौथे दिन आयोजित एकल नृत्य प्रतियोगिता में गार्गी सदन की प्रतिभागी व आनंदीबाई सदन ने अपनी प्रस्तुति देकर संयुक्त रूप से प्रथम स्थान प्राप्त किया। प्रियदर्शिनी सदन ने द्वितीय व अहिल्याबाई सदन ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसी दिन हुई फ्रूट सलाद प्रतियोगिता में सावित्रीबाई फुले सदन ने प्रथम, शिव शक्ति सदन ने द्वितीय व विजयलक्ष्मी सदन ने तृतीय स्थान हासिल किया।

पांचवें दिन आयोजित विचित्र वेशभूषा प्रतियोगिता में अहिल्याबाई सदन ने भारत के विभिन्न राज्यों की वेशभूषा की शानदार प्रस्तुति देकर प्रथम स्थान प्राप्त किया। सावित्रीबाई फुले सदन द्वितीय व विजयलक्ष्मी सदन तृतीय रही। वेस्ट से बेस्ट प्रतियोगिता में सावित्रीबाई फुले सदन ने प्रथम, शिव शक्ति सदन ने द्वितीय व कल्पना चावला सदन ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कुर्सी दौड़ प्रतियोगिता में अहिल्याबाई सदन की नारायणी गुर्जर प्रथम, आनंदीबाई सदन की पूजा बैरवा द्वितीय व गार्गी सदन की भारती लौट तृतीय रहीं। इसी सत्र में सड़क सुरक्षा सप्ताह के तहत केकड़ी परिवहन कार्यालय की सूचना सहायक प्रियंका पोसवाल ने प्रशिक्षणार्थियों को सड़क सुरक्षा नियमों की जानकारी दी और सभी को सड़क सुरक्षा की प्रतिज्ञा दिलाई। इस अवसर पर श्रीभागचन्द विजय, जीवराज खारोल, महावीर वर्मा, रामलाल सैनी, सोनू खटीक, रामप्रसाद साहू सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

## जिला प्रभारी मंत्री के जन्मदिन पर वृद्धजनों को बांटे कंबल



महानगर टाइम्स संवाददाता

**श्रीमाधोपुर।** प्रदेश के कैबिनेट मंत्री अविनाश गहलोत के जन्मदिन पर गुरुकृपा वृद्धजन सेवा संस्था में वृद्धजनों को कंबल वितरित किए गए। संस्था के संस्थापक चिरंजीलाल सैनी ने बताया कि कैबिनेट मंत्री अविनाश गहलोत के जन्मदिन की पूर्व संध्या पर संस्था के प्रदेश अध्यक्ष कालूराम के सानिध्य में कंबल वितरण का कार्यक्रम रखा गया। इस दौरान प्रदेश उपाध्यक्ष रामेश्वर कुमावत, भांकरोटा प्रदेश सचिव जगदीश, प्रदेश महासचिव गोपाल, प्रदेश मंत्री निशांत सैनी, प्रदेश सचिव रामस्वरूप चौधरी, जयपुर जिला अध्यक्ष बाल कृष्ण, भूपेंद्र सिंह सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

## परिवहन निरीक्षकों के बीच क्रिकेट मैच 21 को

महानगर टाइम्स संवाददाता



**जयपुर।** जगतपुरा स्थित नैना क्रिकेट अकादमी ग्राउंड में आरटीओ प्रथम और द्वितीय के परिवहन निरीक्षकों के बीच 21 दिसम्बर को क्रिकेट मैच होगा। मैच के विशिष्ट अतिथि जयपुर विशेष पुलिस आयुक्त आईपीएस राहुल प्रकाश व अपर आयुक्त पुलिस अपराध शाखा आईपीएस अभिजीत सिंह होंगे। इसके लिए आरपीएनएस के अध्यक्ष राजेश चौधरी और टीम के प्रबंधक यशपाल शर्मा ने दोनों आईपीएस अधिकारियों को व्यक्तिगत रूप से निमंत्रण दिया। यह मैच दिनेश फौजदार और टीकम मदान के नेतृत्व में खेला जाएगा।

## स्वेच्छा से दो लाख से अधिक ने छोड़ा खाद्य सुरक्षा योजना का लाभ

महानगर टाइम्स संवाददाता

**सीकर।** मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा के मार्गदर्शन में राज्य सरकार निरन्तर वंचित वर्गों के उत्थान के लिए कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री के स्पष्ट निर्देश है कि अंतिम पंक्ति में खड़े लोगों को सरकारी योजनाओं से जोड़कर लाभान्वित किया जाए, ताकि वे समाज की मुख्यधारा से जुड़ सकें। जिला रसद अधिकारी सीकर विजेंद्र पाल ने बताया कि 1 नवम्बर 2024 से प्रारम्भ गिव अप अभियान में अब तक राजस्थान में 48 लाख 87 हजार व्यक्तियों ने स्वेच्छा से खाद्य सुरक्षा योजना का लाभ छोड़ा और सीकर जिले में 2 लाख 993 व्यक्तियों ने स्वेच्छा से खाद्य सुरक्षा योजना का लाभ छोड़ा है। वहीं गिव अप अभियान में सीकर जिले में 886 अपात्र लोगों को नोटिस जारी किए गए, जिनसे वसूली की कार्रवाई की जाएगी। गिव अप अभियान में अब प्रत्येक उचित मूल्य दुकान पर खाद्य विभाग के प्रवर्तन अधिकारी व प्रवर्तन निरीक्षक अब रोजना उचित मूल्य दुकानों पर पहुंचकर अपात्र व्यक्तियों की दुकानदारों के सहयोग से सूची तैयार करेंगे और वसूली व नोटिस संबंधी कार्रवाई करेंगे। खाद्य विभाग शीघ्र ही परिवहन विभाग से चार पहिया वाहन स्वामी का डाटा संकलित कर खाद्य सुरक्षा में चयनित अपात्र लोगों को नोटिस जारी करेंगे।

## ग्रामीणों को मानवाधिकारों से जुड़े अधिकार व कर्तव्यों के प्रति किया जागरूक

महानगर टाइम्स संवाददाता



**जैसलमेर।** मानवाधिकार दिवस के उपलक्ष्य में रेफ ग्लोबल की ओर से मेघवालों की ढाणी दामोदरा में एक जागरूकता कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों व ग्रामीण समुदाय को मानवाधिकारों से जुड़े अधिकार व कर्तव्यों के प्रति जागरूक करना था। कार्यक्रम की शुरुआत डॉ. सुनील पंवार द्वारा मानवाधिकार दिवस के इतिहास, महत्व और 10 दिसंबर 1948 को पारित मानवाधिकारों की सार्वभौम घोषणाके बारे में जानकारी के साथ हुई। उन्होंने बताया कि प्रत्येक व्यक्ति को जीवन, समानता, स्वतंत्रता व सम्मान का अधिकार जन्म से प्राप्त है और इन अधिकारों की रक्षा करना प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है। कार्यक्रम के दौरान छात्रों द्वारा पोस्टर, भाषण, क्विज व अन्य जागरूकता गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी की गई।

मानवाधिकारों पर समूह चर्चा भी करवाई गई, जिसमें बच्चों ने अपने विचार साझा किए। रेफ ग्लोबल के प्रोग्राम ऑफिसर जबराराम ने अपने संबोधन में महिला एवं बाल अधिकार, भेदभाव मुक्त समाज, समान अवसर और हिंसा के विरुद्ध आवाज उठाने की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि मानवाधिकार तभी सार्थक होते हैं, जब समाज में सभी को समान सम्मान मिले और कोई भेदभाव न किया जाए। इस आयोजन से समुदाय में जागरूकता बढ़ी और सभी ने मानवाधिकारों का पालन करने और दूसरों के अधिकारों का सम्मान करने का संकल्प लिया।

## आरएसपीसीबी क्रिकेट टूर्नामेंट सीजन-4 का शुभारंभ

महानगर टाइम्स संवाददाता

**जयपुर।** राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मंडल की ओर से क्रिकेट टूर्नामेंट सीजन 4 का शुभारंभ शुक्रवार को किया गया। इस दौरान आरएसपीसीबी के अध्यक्ष आलोक गुप्ता ने खिलाड़ियों के साथ खेलकर हौसला अफजाई की। उन्होंने कहा कि खेल न केवल शारीरिक स्वास्थ्य के लिए महत्वपूर्ण है, बल्कि सामाजिक और पर्यावरणीय संदेशों को जन-जन तक पहुंचाने का प्रभावी माध्यम भी है। इस साल टूर्नामेंट को पर्यावरण संरक्षण के लिए समर्पित थीम 'रन फॉर वन' के साथ आयोजित किया जा रहा है, जिसका उद्देश्य वन संरक्षण, पर्यावरण जागरूकता और प्रदूषण नियंत्रण को प्रोत्साहित करना है। टूर्नामेंट में राज्यभर के मंडल कार्यालयों से कुल 8 टीमें और 120 खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। कार्यक्रम के शुभारंभ के दौरान आरएसपीसीबी के सदस्य सचिव कपिल चंद्रावल, मुख्य पर्यावरण अभियंता विष्णुदत्त पुरोहित, मुख्य वैज्ञानिक अधिकारी विक्रम सिंह परिहार सहित मंडल के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## विश्व हिन्दू परिषद ने जरूरतंद विद्यार्थियों वितरित किए स्वेटर



महानगर टाइम्स संवाददाता

**नवलगढ़।** विश्व हिन्दू परिषद ने नवलगढ़ निवासी सूरत प्रवासी भामाशाह सर्वेश धरनीधरका के आर्थिक सौजन्य से आदर्श विद्या मंदिर में जरूरतमंद विद्यार्थियों को गणवेश की स्वेटर वितरित की। इस दौरान मातृशक्ति अभिभावक सम्मेलन कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में हिंदू जागरण मंच के प्रांत संयोजक राम कुमार व्यास ने राजस्थान की भूमि को भामाशाह व वीरों की भूमि बताया। कार्यक्रम की अध्यक्षता नवलगढ़ संघचालक विश्वनाथ जोशी ने की। वहीं विश्व हिन्दू परिषद के प्रखण्ड मंत्री सुरेश कुमावत, रामकुमार सिंह राठौड़ व पवन बोहरा विशिष्ट अतिथि थे। प्रधानाचार्य महेंद्र सिंह ने सभी अतिथियों का स्वागत किया। कार्यक्रम में विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने देशभक्ति गीतों की प्रस्तुति दी। कार्यक्रम में दीनानाथ रूंथला, संगीता शर्मा, पूनम पाटोदिया, पुष्पा शर्मा, ओमप्रकाश ढाका, रामनिवास सैनी, पवन शर्मा आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन आचार्य नितिशा अग्रवाल ने किया।

### अंडर-16 विजय मर्चेंट ट्रॉफी

## राजस्थान ने पॉन्डिचेरी को पहली पारी में 133 पर समेटा

महानगर टाइम्स संवाददाता

**जयपुर।** अंडर-16 विजय मर्चेंट ट्रॉफी में राजस्थान ने पहले दिन शानदार प्रदर्शन करते हुए पॉन्डिचेरी को पहली पारी में मात्र 133 रन पर ऑल आउट कर दिया। राजस्थान के गेंदबाजों अनुराग, शोभाग सिंह, दक्ष शर्मा और दर्शन ने बेहतरीन गेंदबाजी करते हुए विरोधी बल्लेबाजों को संभलने का मौका नहीं दिया। अनुराग ने 36 रन देकर 4, शोभाग सिंह ने 32 रन देकर 3 विकेट लिए। पॉन्डिचेरी की ओर से रितिक नाबाद 31 और सिवासक्ति ने 24 रन बनाए।

पहले दिन का खेल समाप्त होने तक राजस्थान ने अपनी पहली पारी में 5 विकेट पर 107 रन बना लिए थे। कुमार वासुदेव ने 33, गौरव सैनी ने 29 और यश शर्मा 25 रन बनाकर नाबाद लौटे। पॉन्डिचेरी की ओर से पंकज भाटी ने 35 रन देकर 3 विकेट चटकाए।

मुश्ताक अली टी-20 में हरियाणा का विजय अभियान जारी

पुणे में खेले गए सैयद मुश्ताक अली टी-20 सुपर लीग मैच में हरियाणा ने राजस्थान को 7 विकेट से हराया। पहले बल्लेबाजी करते हुए राजस्थान ने निर्धारित 20 ओवर में 132 रन बनाए। महिपाल लोमरोर ने नाबाद 37, शुभम गढ़वाल ने 33 और राहुल चाहर ने 20 रन का योगदान दिया। हरियाणा की ओर से अंशुल और इशांत भारद्वाज ने 2-2 विकेट लिए। लक्ष्य का पीछा करते हुए हरियाणा ने 133 रन तीन विकेट खोकर हासिल कर लिए। अंकित कुमार ने 60 रन की शानदार पारी खेली, जबकि अर्श ने 27 और पार्थ ने नाबाद 27 रन बनाए। राजस्थान की ओर से अशोक शर्मा, आकाश सिंह और राहुल चाहर को एक-एक विकेट मिला।

### 16वें संस्करण में तकनीकी नवाचार की रही सहभागिता

# टैक्सिला बिजनेस स्कूल ने सेलिब्रेट किया वार्षिक छात्र उत्सव 'लम्हे'



महानगर संवाददाता

**जयपुर।** टैक्सिला बिजनेस स्कूल ने अपने वार्षिक छात्र-उत्सव लम्हे 2025 का 16वां संस्करण सफलतापूर्वक सेलिब्रेट किया। डिप्टी डायरेक्टर लवीना खिलनानी ने बताया कि कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि पूर्व परिवहन मंत्री प्रताप सिंह खाचरियावास ने किया। इस उत्सव में 108 संस्थान शामिल हुए और 2,000 से अधिक छात्रों ने विभिन्न प्रतियोगिताओं, सांस्कृतिक प्रस्तुतियों और प्रतिभा-आधारित कार्यक्रमों में भाग लेकर उत्सव का जीवंत माहौल बनाया। नृत्य, संगीत, नाटक, प्रबंधन प्रतियोगिताओं व रचनात्मक प्रदर्शन में छात्रों ने बेहतरीन प्रदर्शन किया, जो युवा ऊर्जा, नवाचार और स्वस्थ प्रतिस्पर्धा का प्रतिबिंब है। इस उत्सव का मार्गदर्शन डॉ. रिद्धि टैम्बी के नेतृत्व में दो छात्र समन्वयकों आशुतोष और अनन्या ने किया।

उन्होंने बताया कि सिमुलेशन, तकनीकी उपकरण और सहयोगात्मक चुनौतियों के मिश्रण से छात्रों की प्रबंधन और नेतृत्व कौशल योजना बनाना, निर्णय-लेना, टीम वर्क और वास्तविक-समय समस्या समाधान काफी धारदार रहा। इस अवसर परिखलनानी ने बताया कि टैक्सिला बिजनेस स्कूल ने पिछले सत्र में लगभग 30 फीसदी छात्र अंतरराष्ट्रीय स्तर पर और शेष घरेलू स्तर पर प्लेसमेंट प्राप्त किए हैं। 7 उच्चतम अंतरराष्ट्रीय पैकेज 28.6 लाख रुपए, उच्चतम घरेलू पैकेज 25.8 लाख रुपए और औसत पैकेज लगभग 11.5 लाख रुपए रहा।

## सड़क सुरक्षा पखवाड़ा शुरू



महानगर टाइम्स संवाददाता

**सवाई माधोपुर।** राजस्थान सरकार द्वारा सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने और आमजन को सुरक्षित यातायात के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से प्रदेशभर में सड़क सुरक्षा पखवाड़ा शुरू किया गया है। कार्यवाहक जिला परिवहन अधिकारी हनुमान मीणा ने बताया कि पखवाड़े के दौरान 25 दिसम्बर तक प्रतिदिन सड़क सुरक्षा जागरूकता से संबंधित विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जाएंगी, जिनका उद्देश्य आमजन और विशेषकर छात्र-छात्राओं में यातायात नियमों के प्रति समझ और अनुशासन विकसित करना है। उन्होंने बताया कि पखवाड़े के दूसरे दिन शुक्रवार जिले के विभिन्न विद्यालयों में प्रश्नोत्तरी, निबंध, वाद-विवाद, स्लोगन लेखन एवं पेंटिंग प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इन प्रतियोगिताओं में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को 13 दिसम्बर को महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय साहूनगर में सम्मानित किया जाएगा। इसी दिन 13 दिसम्बर को जिले में सड़क सुरक्षा के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से पुलिस लाइन मैदान से बजरिया के मुख्य मार्गों से होते हुए कलेक्ट्रेट तक बाइक व साइकिल रैली का भी आयोजन किया जाएगा, जिसमें विद्यार्थी, अधिकारी व जागरूक नागरिक भाग लेंगे।

# ग्राहक बन ज्वेलरी शॉप से गहने उठाकर भागे कार सवार बदमाश

महानगर टाइम्स संवाददाता

**जयपुर।** निवारू रोड स्थित रामनरेशपुरी कॉलोनी के रतन यश ज्वैलर्स पर 2 बदमाश कस्टमर बनकर खरीदारी करने आए और मौका पाकर सरेआम ज्वेलरी लूटकर कार में बैठकर फरार हो गए। इस पर ज्वेलर ने गाड़ी के बोनट पर लटककर उनकी कार को रोकने की कोशिश की, लेकिन कामयाब नहीं हो पाया। झोटवाड़ा थाना पुलिस सीसीटीवी फुटेज के आधार पर लुटेरों की तलाश कर रही है। पुलिस ने बताया कि झोटवाड़ा के लक्ष्मी नगर निवासी मनोज कुमार सोनी के शॉप में लूट हुई है। दो बदमाश कार से उनकी शॉप के बाहर आए और कार खड़ी कर खरीदारी के बहाने शॉप के अंदर पहुंचे। बदमाशों ने ज्वेलर को सोने की चेन और ब्रेसलेट दिखाने को कहा। बाद में बदमाशों ने सोने की 4 चेनऔर चांदी का ब्रेसलेट पसंद कर एक पैकेट में रखवा लिया। इसके बाद बदमाश करीब आधे घंटे तक शॉप में बैठकर बातचीत करते रहे। इस दौरान एक बदमाश चला गया। दूसरा बदमाश ऑनलाइन पेमेंट की कहकर गेट तक आ गया। तभी मौका पाकर वह बदमाश सोने-चांदी के गहनों का पैकेट उठाकर भागने लगा। इस पर ज्वेलर व शॉप में मौजूद लोग बदमाश को पकड़ने भागे। बदमाश तेजी से दुकान के बाहर खड़ी कार में बैठकर भाग निकला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटना स्थल के आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाले और बदमाशों की तलाश शुरू कर दी।

# बुजुर्ग ने घर में फंदा लगाकर किया सुसाइड

महानगर टाइम्स संवाददाता

**सवाई माधोपुर।** कोतवाली थाना क्षेत्र के बंबोरी गांव में शुक्रवार को एक बुजुर्ग का शव अपने ही घर में फंदे से लटका हुआ मिला। सूचना पर कोतवाली थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घटना स्थल का मौका मुआयना करने के बाद शव को अपने कब्जे में लिया। शव की पहचान दुर्गा लाल रैगर के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार 85 वर्षीय दुर्गा लाल रैगर अपने ही घर मे फांसी के फंदे पर लटका मिला। इस दौरान पुलिस ने परिजनों से बातचीत की, लेकिन घटना के कारणों का पता नहीं लग सका। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर जिला अस्पताल की मोर्चरी पहुंचाया, जहां पोस्टमॉर्टम करने के बाद पुलिस ने शव परिजनों को सौंप दिया। फिलहाल कोतवाली थाना पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है कि बुजुर्ग खुद फांसी के फंदे से लटक गया था या फिर किसी ने बुजुर्ग की हत्या करने के बाद उसका शव फंदे से लटका दिया। फिलहाल मामले में थाना कोतवाली पुलिस सभी पहलुओं की जांच कर रही है।

# मिनी-ट्रक और बोलेरो की भिड़ंत, एक की मौत

**बीकानेर (महानगर टाइम्स संवाददाता)।** नापासर थाना क्षेत्र में भीषण सड़क हादसे में बोलेरो सवार एक व्यक्ति की दर्दनाक मौत हो गई, जबकि तीन अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। मिनी ट्रक की टक्कर से ड्राइवर साइड से पूरी तरह चिपक गई। बोलेरो सवार बीकानेर से एक शादी समारोह में शामिल होकर गुसाईसर बड़ा श्रीडूंगरगढ़ लौट रहे थे। हादसा राष्ट्रीय राजमार्ग-11 जयपुर रोड पर रायसर के पास शुक्रवार की शाम को हुआ। जानकारी के अनुसार बोलेरो में तीन पुरुष और एक महिला सवार थी, जो जयपुर की ओर से आ रहे थे। इसी दौरान एक मिनी ट्रक ने बोलेरो को तेज रफ्तार में टक्क र मार दी। हादसे में लालचंद पुत्र प्रहलाद राम सारस्वत निवासी गुसाईसर बड़ा की मौत हो गई। इसके अलावा दो पुरुष और एक महिला गंभीर रूप से घायल हो गई।

# रेप के बाद ब्लैकमेल से तंग आकर युवती ने जहर खाकर दी जान

महानगर टाइम्स संवाददाता

**सीकर।** जिले में 19 साल की युवती ने रेप के बाद जहर खाकर सुसाइड कर लिया। आरोपी युवक ने रेप करने के बाद युवती को ब्लैकमेल करना शुरू कर दिया, जिससे परेशान होकर युवती ने अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जटी हुई है। युवती के जहर खाने के बाद उल्टियां होना शुरू हो गई। ये देख पिता ने जब उल्टियां होने का कारण पूछा तो पीड़ित युवती ने मामले का पूरा खुलासा किया। युवती ने अपने पिता को लड़के का नाम बताते हुए बताया कि उस लड़के ने उसके साथ जबरदस्ती रेप किया। इतना ही नहीं रेप के बाद आरोपी उसे ब्लैकमेल की धमकियां देने लगा। इससे परेशान होकर उसने जहरीला पदार्थ खा लिया। पिता समेत परिजन तुरंत लड़की को अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। परिजनों की मौजूदगी में पोस्टमॉर्टम करवाया गया। इसके बाद युवती के पिता ने पुलिस थाने में नामजद युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज करवाया। सीओ ने बताया कि युवती के उल्टियां होती देख जब पिता ने उससे पूछा तो युवती ने पूरी घटना के बारे में बताया। पिता की रिपोर्ट के आधार पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# ट्रेन की चपेट में आने से युवक की मौत

महानगर टाइम्स संवाददाता

**डीडवाना।** उपखंड में बालिया से सिंगरावट जाने वाले रेल मार्ग पर पटरी पार करते समय एक 19 वर्षीय युवक ट्रेन की चपेट में आ गया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। जानकारी के अनुसार सिंगरावट खुर्द निवासी सुरेंद्र पुत्र चेनाराम रेल पटरी पार कर रहा था। इसी दौरान तेज गति से आ रही ट्रेन ने उसे अपनी चपेट में ले लिया। टक्कर इतनी भीषण थी कि सुरेंद्र ने घटनास्थल पर ही दम तोड़ दिया। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया। परिजनों की रिपोर्ट के आधार पर पुलिस ने आवश्यक कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया।

# शोरूम में अचानक बेहोश हुआ व्यापारी, सीपीआर देकर बचाई जान

महानगर टाइम्स संवाददाता



**कोटा।** रामपुरा इलाके में स्थित ज्वेलरी शोरूम में कुर्सी पर एक व्यापारी वहां मौजूद लोगों से खरीदारी की बातें कर रह था, तभी वह अचानक बेहोश हो गया। वहां मौजूद लोगों ने उन्हें कुर्सी से नीचे सीधा लिटाया। इसके बाद ज्वेलरी शोरूम के मालिक के बेटे ने तुरंत ढाई मिनट तक सीपीआर दिया, इसके बाद उन्हें होश आया। होश आने पर व्यापारी ने बताया कि अचानक उनके सीने में दर्द उठा था। घटना का सीसीटीवी वीडियो भी सामने आया है। रामपुरा बाजार में स्थित वर्धमान ज्वेलर्स के मालिक विमल कुमार जैन ने बताया कि उनकी शॉप पर जयपुर के रहने वाले राजकुमार सोनी आए हुए थे। वह दुकान पर व्यापार सम्बन्धित बात कर रहे थे। इसी दौरान अचानक उनको घबराहट होने लगी और वे बेहोश हो गए। यह देख दुकान में मौजूद कर्मचारी हैरान रह गए और घबरा गए। इतने में बेटे वरुण ने फुर्ती दिखाई और राजकुमार को संभाला। वरुण ने राजकुमार को फर्श पर सीधा लेटाया और सीपीआर दिया। करीब ढाई मिनट तक सीपीआर दिया गया, जिसके चलते राजकुमार को होश आया। राजकुमार सोनी जयपुर के झोटवाड़ा इलाके के रहने वाले हैं और नग नगीनों का व्यापार करते हैं। वे कोटा में वर्धमान ज्वेलर पहुंचे थे। राजकुमार ने बताया कि उनके सीने में दर्द हुआ था, इसके बाद उन्हें कुछ याद नहीं। अभी उनकी हालत ठीक है।

# हमला कर वनकर्मियों को घायल करने के बाद तेंदुए की मौत

## हाईवे पर लेपर्ड की सूचना पर रेस्क्यू करने गई थी टीम, ट्रेंकुलाइज न कर जाल से पकड़ने का कर रहे थे प्रयास

महानगर टाइम्स संवाददाता





**राजसमंद।** जिले के नेगडियां गांव में शुक्रवार सुबह रेस्क्यू करने गई वन विभाग की टीम पर लेपर्ड ने हमला कर दिया। हमले में चार वनकर्मी घायल हो गए। घायल वनकर्मियों को कंधे पर उठाकर गाड़ियों तक लाया गया। वहीं हमले के आधे घंटे बाद लेपर्ड की भी मौत हो गई। जानकारी के अनुसार वन विभाग की टीम को गोमती-उदयपुर हाईवे पर लेपर्ड की सूचना मिली थी। इस इस पर वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची थी। इसके बाद टीम ने रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया। रात में अंधेरा होने की वजह से टीम ट्रेंकुलाइज नहीं कर पाई थी। इस दौरान लेपर्ड हाईवे से 100 मीटर दूर खेतों में चला गया था। टीम को बताया गया कि लेपर्ड घायल था। उसे देर रात तक रेस्क्यू करने का प्रयास किया गया, लेकिन सफलता नहीं मिली। इसके बाद टीम रात में गांव में ही रुक गई थी। इसके बाद शुक्रवार सुबह दोबारा रेस्क्यू शुरू किया गया। लेपर्ड खेत के आस-पास ही झाड़ियों में छुप गया था। लेपर्ड घायल होने की वजह से टीम ने ट्रेंकुलाइज न कर उसे जाल से पकड़ने का प्लान बनाया। टीम में शामिल वनकर्मी पन्नालाल, हरीश लोहार, घनश्याम पूर्बिया व गिरधारी लाल जाल के साथ लेपर्ड को पकड़ने में लगे थे। टीम ने बताया कि लेपर्ड ने रेस्क्यू के दौरान दो बार हमला करने की कोशिश की। तीसरी बार जब टीम उसे पकड़ने पहुंची तो झाड़ियों से निकल पीछे से अचानक चारों पर हमला कर घायल कर दिया। वनकर्मियों पर लेपर्ड के हमले के बाद टीम के साथी खेतों में दौड़े। चारों को वन विभाग के लोग एक-एक कर कंधे पर उठाकर गाड़ियों तक लाए। उन्हें हॉस्पिटल में भर्ती करवाया गया।

### बड़े वाहन या बस की चपेट में आकर मौत होने की आशंका

लेपर्ड ने वनकर्मी पन्नालाल, घनश्याम व हरीश के हाथ-पैर पर अटैक किया था। हालांकि तीनों को इलाज के बाद छुट्टी दे दी गई। गिरधारी के पैर पर लेपर्ड ने हमला किया, जिसका इलाज चल रहा है। चारों को भर्ती कराने के आधे घंटे बाद टीम जब दोबारा खेतों में पहुंची तो वहां लेपर्ड मरा हुआ मिला। रेंजर लादूलाल शर्मा ने बताया कि लेपर्ड करीब 7 साल का था। पोस्टमॉर्टम के लिए उसे नाथद्वारा की लिलेरा नर्सरी पहुंचाया है। पोस्टमॉर्टम के बाद ही लेपर्ड की मौत के कारण का पता चल पाएगा। हालांकि ये आशंका भी जताई जा रही है कि लेपर्ड किसी बड़े वाहन या बस की चपेट में आया हो, क्योंकि घटना के समय उसे चलने में परेशानी हो रही थी।

# आनंदपाल गैंग का सरगना और गैंगस्टर सुभाष बानूड़ा का सरेंडर

## आर्म्स एक्ट और राजू ठेहट गैंग के सदस्य पर फायरिंग के मामले में था फरार

महानगर टाइम्स संवाददाता



**सीकर।** पुलिस ने आनंदपाल गैंग के सरगना और गैंगस्टर बलबीर बानूड़ा के बेटे सुभाष बानूड़ा को गिरफ्तार किया है। सुभाष ने राजू ठेहट गैंग के मनोज ओला पर पिछले महीने हुई फायरिंग के मामले में कोर्ट में सरेंडर किया था। सीकर एसपी प्रवीण नायक ने बताया कि सुभाष बानूड़ा को सदर थाने में 2018 के आर्म्स एक्ट से जुड़े मामले में अरेस्ट किया है। वहीं मार्च 2018 में नाकाबंदी के दौरान बाइक सवार नरेश कुमार व चंद्रभान को गिरफ्तार किया था। दोनों से एक-एक पिस्टल मिली थी। उनके पास जो बैग था, उसमें से पांच पिस्टल और कई मैगजीन मिली थी। पूछताछ के बाद मामले में मनोज कुमार बुरड़क की भी गिरफ्तारी हुई थी। इस मामले में आनंदपाल गैंग के सुभाष बराल को भी आरोपी बनाया गया था। सुभाष बराल ने ही सुभाष बानूड़ा को हथियार भेजे थे। पुलिस ने तीन आरोपी चंद्रभान, नरेश व सुभाष बराल के खिलाफ चालान पेश किया था। इस मामले में सुभाष बानूड़ा फरार था। हालांकि कोर्ट ने फैसला सुनाते हुए नरेश व मनोज को बरी कर दिया था। वहीं, चंद्रभान की 2023 में ही मौत हो चुकी है। पुलिस ने इस मामले में सुभाष बानूड़ा को आरोपी माना था, क्योंकि गिरफ्तार आरोपियों ने बताया था कि यह हथियार बराल ने उन्हें सुभाष बानूड़ा को देने के लिए कहा था। इसी मामले में सदर पुलिस ने बानूड़ा को गिरफ्तार किया है। मार्च 2018 में हथियारों का जखीरा मिलने के बाद ही सुभाष बानूड़ा ने अपने साथियों के साथ मिलकर अगस्त 2018 में दुकान पर बैठे राजू ठेहट गैंग के मनोज ओला पर फायरिंग की थी, उसे छह गोलियां लगी थी।

### ठेहट मर्डर और मूसेवाला हत्याकांड में आया था नाम

सुभाष बानूड़ा का ठेहट मर्डर और सिद्धू मूसेवाला हत्याकांड में भी नाम सामने आया था। हालांकि दोनों ही मामलों में उससे पूछताछ हुई, लेकिन पुलिस को उसके खिलाफ कोई भी सबूत नहीं मिला, इसलिए उसे आरोपी नहीं माना गया। गैंगेस्टर आनंदपाल की जून 2017 में मौत होने के बाद सुभाष ने अपने पिता के ही दोस्त सुभाष बराल के लिए काम करना शुरू कर दिया था। इसके बाद सुभाष पर फायरिंग और मारपीट के कई मामले दर्ज हुए। पुलिस लगातार उसकी तलाश कर रही थी, लेकिन करीब डेढ़ साल बाद सुभाष ने एसओजी ऑफिस पहुंचकर आईजी दिनेश एमएन के सामने सरेंडर कर दिया था।

### जेल में पिता की हत्या का बदला लेने गैंग से जुड़ा

फायरिंग मामले में पुलिस ने सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर कोर्ट में चालान पेश कर दिया, लेकिन जमानत मिलने के बाद सुभाष बानूड़ा व सीताराम सेवदा को फरार घोषित कर दिया गया था, क्योंकि दोनों ही केस की तारीखों पर नहीं पहुंच रहे थे। गौरतलब है कि पिता की मौत का बदला लेने के लिए सुभाष ने आनंदपाल गैंग जॉइन की। मार्च 2015 में वह अपने पिता बलबीर के साथियों के साथ फार्म हाउस पर बैठा था। जब पुलिस ने वहां पर दबिश दी तो सुभाष वहां से फरार हो गया। पुलिस ने मौके से 6 लोगों को गिरफ्तार किया था। पुलिस को मौके से कई हथियार भी मिले थे। ऐसे में पुलिस ने उसे आर्म्स एक्ट के मामले में आरोपी माना।

# जमीन विवाद में मदद के नाम पर एनआरआई से लाखों की ठगी

## अमेरिका में इलाज के दौरान आरोपी ने खुद, पत्नी व बेटे के खाते में डलवाई रकम

महानगर टाइम्स संवाददाता



**कोटा।** जमीन विवाद में मदद करने के नाम पर एनआरआई से लाखों रुपए की ठगी कर ली गई। कोर्ट के आदेश से कुन्हाड़ी थाने में आरोपी, उसकी पत्नी व बेटे के खिलाफ मामला दर्ज हुआ है। रिद्धि सिद्धि नगर कुन्हाड़ी निवासी 60 वर्षीय बुजुर्ग महिला तनूजा खन्ना के परिवाद पर कोर्ट ने आदेश जारी किए। महिला का आरोप है कि आरोपी ने यह रकम पुलिस व अधिकारियों को देने के नाम पर मांगे थे। पैसा लेने के बाद भी आरोपी ने कोई काम नहीं करवाया। फरियादी तनूजा खन्ना ने बताया कि उनका बेटा वरुण खन्ना अमेरिका में व्यवसाय करता है। वो अपना कैंसर का इलाज करवाने बेटे के पास अमेरिका गई थीं। उनकी बूंदी जिले के बल्लोप में 34 बीघा जमीन है। जमीन पर कब्जे को लेकर कोर्ट में मामला चल रहा है। विवाद में मदद करने के लिए कोटा निवासी राधेश्याम शर्मा को विधिक सलाहकार बनाया था। उसे अपना व पति सुभाष खन्ना का मुख्तारेआम नियुक्त किया, ताकि राधेश्याम उनकी ओर से कोर्ट में पैरवी कर सके। फरियादी तनूजा खन्ना ने बताया कि मैं इलाज के लिए अमेरिका चली गई। इसी बात का फायदा उठाते हुए राधेश्याम ने उनके साथ विश्वासघात किया। मामले में मदद के नाम पर वर्ष 2023 से 2025 के बीच लाखों रुपए खुद के, पत्नी व बेटे के अकाउंट में ट्रांसफर करवाए। बेटे वरुण ने अमेरिका से डॉलर में रुपए ट्रांसफर किए। आरोपी ने रुपए लेने के बाद भी काम नहीं करवाया। वहीं उल्टे विपक्षी पार्टी से मिलकर जमीन सौंप देने की धमकी दी। महिला का आरोप है कि इस संबंध में सिटी एसपी को परिवाद दिया था, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। इसके बाद कोर्ट की शरण ली।

### अधिकारियों में अच्छी पकड़ होने का दिया झांसा

परिवादिया के वकील अमित खारोलीवाल ने बताया कि तनूजा खन्ना के परिवार का जमीन विवाद अनूप सिंघल से चल रहा है। इस विवाद के चलते तनूजा खन्ना की मुलाकात राधेश्याम शर्मा से हुई। उसने अधिकारियों में अच्छी पकड़ होने का झांसा देकर करीब सवा करोड़ रुपए अपने व पत्नी व बेटे के अकाउंट में ट्रांसफर करवा लिए, लेकिन काम नहीं करवाया, वहीं धमकी देकर 50 लाख की ओर डिमांड की। इस संबंध में परिवादिया की ओर से कोर्ट में परिवाद दिया था। इस पर कोर्ट ने एफआईआर दर्ज करने के आदेश दिए। पुलिस ने बताया कि कोर्ट के आदेश से राधेश्याम, उसकी पत्नी व बेटे के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज हुआ है। इसकी जांच की जा रही है।

# ठंडी होने का नाम नहीं ले रही एथेनॉल फैक्ट्री के विरोध की आग

## टिब्बी में चौथे दिन इंटरनेट बंद, कलेक्टर-एसपी के तबादले पर अड़े



महानगर टाइम्स संवाददाता

**हनुमानगढ़।** जिले के टिब्बी राठीखेड़ा में आंदोलन की आग ठंडी नहीं हो रही। ड्यून एथेनॉल फैक्ट्री का विरोध जारी है। टिब्बी में चौथे दिन शुक्रवार को भी इंटरनेट बंद है। किसान नेता जगजीत सिंह जग्गी ने बताया कि अखिल भारतीय किसान सभा व संयुक्त मोर्चे के बैनर तले एथेनॉल फैक्ट्री के विरोध में 17 दिसंबर को महापंचायत होगी। इसमें किसान नेता राकेश टिकैत सहित पंजाब, हरियाणा, यूपी से तमाम बड़े नेता आएंगे। टिब्बी स्थित गुरुद्वारे में शुक्रवार को कोर कमेटी के सदस्यों की मीटिंग बुलाई गई, जिसमें किसानों ने कहा कि जब तक हनुमानगढ़ के कलेक्टर-एसपी का तबादला नहीं हो जाता, तब तक प्रशासन से वार्ता नहीं करेंगे। गौरतलब है कि उपद्रव मामले में पुलिस ने 107 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। 40 लोग हिरासत में लिए जा चुके हैं। इससे चार दिन पहले किसानों ने जिले के राठीखेड़ा गांव में निर्माणाधीन ड्यून एथेनॉल फैक्ट्री की दीवार तोड़ दी थी। अंदर घुसे प्रदर्शनकारियों ने ऑफिस में भी आग लगा दी थी। इस बीच पुलिस-किसानों में जमकर पत्थरबाजी हुई। बवाल में कांग्रेस विधायक सहित 70 से ज्यादा लोग घायल हुए थे। कुछ घायल टिब्बी के गुरुद्वारे में ही रुके हैं। फैक्ट्री के आसपास रहने वाले करीब 30 परिवार घर छोड़कर भाग गए हैं।

# बाजार जा रही महिला को बाइक ने मारी टक्कर, गंभीर घायल

महानगर टाइम्स संवाददाता

**चूरू।** तारानगर थाना क्षेत्र के वार्ड दो में शुक्रवार दोपहर एक बाइक सवार ने बाजार जा रही महिला को टक्कर मार दी। हादसे में महिला के सिर में गंभीर चोटें आईं, जिसके बाद उसे प्राथमिक इलाज के बाद हायर सेंटर रैफर कर दिया गया। पीड़ित महिला की पहचान वार्ड तीन निवासी रहीशा के रूप में हुई है। उनके पति जाकिर ने बताया कि रहीशा शुक्रवार दोपहर घर से बाजार सामान लेने पैदल जा रही थीं। तभी सामने से आए बाइक सवार युवक ने उन्हें टक्कर मार दी, जिससे वह सड़क पर गिर गईं। हादसे के बाद बाइक सवार युवक ने ही निजी वाहन से महिला को तारानगर के सरकारी अस्पताल पहुंचाया, वहां महिला की गंभीर हालत को देखते हुए प्राथमिक उपचार के बाद उसे चूरू के डीबी अस्पताल रैफर कर दिया गया। डीबी अस्पताल में महिला के सिर की चोट का सीटी स्कैन करवाया गया। जांच में सिर में गंभीर चोट की पुष्टि होने पर डॉक्टरों ने उसे आगे के इलाज के लिए हायर सेंटर रैफर कर दिया। परिवार के सदस्यों ने इस हादसे की सूचना तारानगर पुलिस को दे दी है। घटना के बाद डीबी अस्पताल में महिला के परिजनों की भीड़ जमा हो गई।

# पुलिस से बचने को हमलावरों ने दौड़ाई कार, खाई में गिरे, 3 पकड़े



महानगर टाइम्स संवाददाता

**भरतपुर।** सारस चौराहे स्थित रेस्टोरेंट के मालिक पर हमला करने वाले 3 आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। हालांकि मुख्य आरोपी अजीत अभी तक फरार है। उस पर पुलिस ने 10 हजार का इनाम रखा है। उसकी तलाश में जगह-जगह दबिश दी जा रही है। एसपी दिगंत आनंद ने बताया कि सारस चौराहे पर मामा फैंकी रेस्टोरेंट के मालिक शैलेश नारंग के बेटे ने मथुरा गेट थाने पर एफआईआर दर्ज करवाई थी। रिपोर्ट में बताया था कि कुछ बदमाश रेस्टोरेंट पर आए, जिनकी पिता शैलेश नारंग से किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई। इसके बाद बदमाशों ने पिता पर जानलेवा हमला कर दिया। वारदात के बाद सभी आरोपी फरार हो गए। रिपोर्ट दर्ज होने के बाद कई पुलिस की टीमें आरोपियों को पकड़ने के लिए रवाना हुई। एक टीम को शुक्रवार सुबह सफलता मिली। पुलिस ने तीन आरोपियों रामवीर, राम रतन व दिनेश सिंह को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस जब आरोपियों का पीछा कर रही थी तो बदमाशों ने कार दौड़ा दी। कार बेकाबू होकर एक खाई में पलट गई, इससे बदमाशों को चोटें भी आई। तीनों बदमाशों को उपचार के लिए अस्पताल लेकर जाया गया। इसके बाद इन्हें गिरफ्तार कर लिया गया। तीनों आरोपियों को शुक्रवार को कोर्ट में पेश किया गया। पूछताछ में सामने आया है कि यह कार घटना में प्रयोग की गई थी। घटना का मुख्य आरोपी अजीत फरार है, जिस पर 10 हजार का इनाम भी घोषित कर दिया गया है।

# तेज गति से रिवर्स आ रही पिकअप ने पैदल युवक को कुचला

## घायल को हॉस्पिटल पहुंचाकर गाड़ी छोड़कर भागा ड्राइवर, अस्पताल में इलाज के दौरान मौत

महानगर टाइम्स संवाददाता



**झुंझुनूं।** चिड़ावा के रीको इंडस्ट्रियल एरिया में सिलेंडर से भरी पिकअप ने पैदल चल रहे युवक को कुचल दिया। ड्राइवर तेज गति से पिकअप को रिवर्स ले रहा था, इसी दौरान उसने युवक को चपेट में ले लिया। पिकअप का पिछला पहिया युवक को कुचलता हुआ निकल गया। घायल युवक की हॉस्पिटल में इलाज के दौरान मौत हो गई। घटना का सीसीटीवी वीडियो भी सामने आया है। सीसीटीवी फुटेज में नजर आ रहा है कि उत्तर प्रदेश के एटा जिले के खेरिया गांव हाल चिड़ावा निवासी नरेश प्रजापत पैदल स्टेशन की ओर से अपने घर जा रहा था। इसी दौरान चिड़ावा-अरड़ावता सड़क के पास एचपी गैस एजेंसी की सिलेंडर से भरी पिकअप को ड्राइवर तेज गति से पीछे की तरफ लाया। उसे नरेश दिखाई नहीं दिया और उसे चपेट में ले लिया। पिकअप का के पीछे का पहिया नरेश के ऊपर से निकल गया। हादसे के बाद ड्राइवर ने तुरंत पिकअप को रोका और घायल नरेश को बाहर निकाला। जानकारी के अनुसार पिकअप ड्राइवर नरेश को चिड़ावा उप जिला अस्पताल लेकर गया, यहां लाने के बाद ड्राइवर पिकअप छोड़कर भाग गया। चिड़ावा उप जिला हॉस्पिटल के पीएमओ डॉक्टर नितेश जांगिड़ ने बताया कि नरेश प्रजापत को घायल हालत में हॉस्पिटल लाया गया था। नरेश की हालत गंभीर थी। उसका इलाज कर झुंझुनूं रैफर कर दिया था, जहां शुक्रवार को इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। चिड़ावा सीआई आशाराम गुर्जर ने बताया कि हादसे को लेकर नरेश के भाई मुकेश पाल ने रिपोर्ट दी है। अभी गैस एजेंसी की पिकअप जब्त नहीं की गई है, न ही ड्राइवर को पकड़ा है। अब मामले की जांच कर आगे कार्रवाई की जाएगी। नरेश पिछले 15 साल से चिड़ावा में रह रहा था। वह ट्रेन में दही बड़े बेचता था। वह परिवार में इकलौता कमाने वाला था। उसके तीन बच्चे हैं, जिनकी उम्र 3, 4 व 5 साल है। परिवार के सदस्यों और नरेश के भाई ने पिकअप ड्राइवर के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

देश और दुनिया की बड़ी खबरें देखने के लिए स्कैन करें और महानगर टाइम्स को लाइक व सब्सक्राइब करें।
facebook YouTube twitter



# स्वदेशी सोच आत्मनिर्भर भारत का सार : ओम बिरला

भारत मंडपम में आयोजित अंतरराष्ट्रीय जनमंगल सम्मेलन में शामिल हुए लोकसभा अध्यक्ष



**महानगर संवाददाता**

**जयपुर/नई दिल्ली।** भारत मंडपम में आयोजित अंतरराष्ट्रीय जनमंगल (लोक कल्याण) सम्मेलन में लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा कि स्वदेशी सोच आत्मनिर्भर भारत की आत्मा है और हर नागरिक को इसे अपने दैनिक जीवन में अपनाना चाहिए। अंतरमन धार्मिक ट्रस्ट और पतंजलि योगपीठ द्वारा आयोजित इस सम्मेलन में आध्यात्मिक नेता, विद्वान और योग साधक बड़ी संख्या में शामिल हुए।

बिरला ने योग, ध्यान, उपवास और स्वदेशी सिद्धांतों को जीवन में संयम और संतुलन लाने वाला सशक्त माध्यम बताया। उन्होंने हर महीने एक दिन उपवास रखने का संकल्प भी लिया और कहा कि उपवास केवल धार्मिक कर्म नहीं, बल्कि आत्म-अनुशासन और मजबूत इच्छाशक्ति का अभ्यास है। बिरला ने स्पष्ट किया कि नैतिकता अनुशासन और आत्म-नियंत्रण मजबूत व्यक्ति और सशत समाज की नींव हैं।

योग गुरु बाबा रामदेव के योगदान की सराहना करते हुए उन्होंने कहा कि रामदेव ने योग को घर-घर और वैश्विक स्तर पर पहुंचाकर पारंपरिक एवं आधुनिक ज्ञान का प्रभावी संगम किया है। बिरला ने उम्मीद जताई कि सम्मेलन से निकले विचार समाज में नई ऊर्जा भरेंगे और जनमंगल की भावना को और मजबूत करेंगे।

# 'हर मत, पंथ और धर्म में उपवास का समान प्रावधान और महत्व'

## भारत मंडपम में इंटरनेशनल जनमंगल सम्मेलन में 'हर मास-एक उपवास का लिया संकल्प

**महानगर संवाददाता**

**नई दिल्ली।** भारत मंडपम में दो दिवसीय इंटरनेशनल जनमंगल सम्मेलन आयोजित किया गया, जिसमें योग ऋषि स्वामी रामदेव महाराज और जैन संत अंतर्मना आचार्य प्रसन्न सागर महाराज के मार्गदर्शन में एक जन आंदोलन हर महीने 7 तारीख को 'हर मास-एक उपवास' शुरू किया गया। यह सम्मेलन 4 सत्रों में जनमंगल की सम्यग्दृष्टि -उपवास, ध्यान, योग व स्वदेशी चिंतन पर केन्द्रित है। दोनों युग-पुरूषों ने जनमंगल के लिए हर मास एक उपवास महाभियान से मानवता को समस्त सिद्धिदायक महामंत्र देने का संकल्प किया है। इस आंदोलन से देश के प्रमुख संतगण, राजनेता व विख्यात हस्तियों के साथ-साथ दुनिया भर में लाखों लोग जुड़ चुके हैं। सम्मेलन में लोकसभा स्पीकर ओम बिरला ने कहा भारत मण्डपम की यह भूमि आध्यात्मिक व सांस्कृतिक विज्ञान का अद्भुत साक्षी बन रहा है। पूज्य अंतर्मना ने देश के विभिन्न




क्षेत्रों में धर्म, अध्यात्म, संस्कृति, विज्ञान, वैयक्तिक विकास व आत्म विकास के लिए अपना जीवन समर्पित कर दिया। इनका तप-तपस्या अद्भुत है। यह आयोजन अध्यात्म और कर्मयोग का दिव्य संगम है, जो निश्चित ही देश व दुनिया को नया संदेश देगा। कार्यक्रम में अंतर्मना प्रसन्न सागर महाराज ने कहा कि उपवास आत्मिक ऊर्जा को जगाने वाला दिव्य साधन है। उपवास का उद्देश्य तन, मन व आत्मा को शुद्ध करना है।

सम्मेलन में स्वामी रामदेव ने कहा कि हर मत, पंथ, परम्परा, धर्म, अनुष्ठान और शुभ प्रसंग में उपवास का समान रूप से प्रावधान और महत्व है। उपवास से शरीर, मन व अंतः करण की शुद्धि होती है, जिससे मनुष्य जीते जी जीवन से मुक्त हो जाता है। आचार्य बालकृष्ण महाराज ने सम्मेलन को सम्बोधित करते हुए कहा कि हमारा सौभाग्य है कि आज दिव्य संतगणों के मध्य उपस्थित रहने का अवसर मिला। आचार्य ने आयुर्वेद में उपवास के महत्व सहित कई देशों में उपवास की महत्ता को बताया। उन्होंने रेस्टोरेंट कल्चर को रोगों की उत्पत्ति का सबसे बड़ा कारण बताते हुए कहा कि स्वयं कम भोजन करें, अपितु भूखों को भोजन कराइएं।

कार्यक्रम में केंद्रीय पर्यावरण, वन व जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव ने कहा कि स्वामी रामदेव महाराज से हमने ही नहीं पूरे विश्व ने योग, प्राणायाम, आयुर्वेद के ज्ञान सीखा है।

# वैश्विक आयुष-डब्ल्यूएचओ शिखर सम्मेलन दिल्ली में 17 से

राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान जयपुर का दल दुनिया के प्रतिनिधियों को दिखाएगा आयुष नवाचार



**महानगर टाइम्स संवाददाता**

**जयपुर/नई दिल्ली।** आयुष मंत्रालय, भारत सरकार और विश्व स्वास्थ्य संगठन के संयुक्त तत्वावधान में 17 से 19 दिसंबर तक भारत मंडपम, नई दिल्ली में वैश्विक आयुष-डब्ल्यूएचओ शिखर सम्मेलन आयोजित होगा। इसका उद्घाटन केंद्रीय आयुष राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) प्रतापराव जाधव करेंगे, जबकि समापन समारोह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की संभावित भागीदारी तय मानी जा रही है। शिखर सम्मेलन का विषय संतुलन बहाल करना और स्वास्थ्य और कल्याण का विज्ञान एवं अभ्यास रखा गया है। कार्यक्रम में 113 से अधिक देशों के मंत्री, नीति विशेषज्ञ, शोधकर्ता, उद्योग प्रतिनिधि और चिकित्सक शामिल होंगे। राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान, जयपुर के कुलपति प्रो. संजीव शर्मा ने बताया कि संस्थान का विशेषज्ञ दल अपने द्वारा तैयार आयुष उत्पादों के वैज्ञानिक आयाम, उपयोगिता और वैश्विक स्वास्थ्य में संभावनाओं को प्रदर्शित करेगा। सम्मेलन में अश्वगंधा पर विशेष सत्र प्रमुख आकर्षण रहेगा, जिसमें इसके एडाप्टोजेनिक, न्यूरो प्रोटेक्टिव और इम्यूनो मॉड्यूलेटरी गुणों पर नवीनतम शोध प्रस्तुत किया जाएगा।

आयुष मंत्रालय का कहना है कि यह सम्मेलन पारंपरिक और आधुनिक स्वास्थ्य प्रणालियों में आयुष पद्धतियों के साक्ष्य-आधारित वैश्विक एकीकरण की दिशा में महत्वपूर्ण रूपरेखा तय करेगा।

# 19 से 22 दिसंबर तक नोवोटेल जयपुर कन्वेंशन सेंटर में होगा जयपुर ज्वैलरी शो

**महानगर टाइम्स संवाददाता**

**जयपुर।** 'जयपुर ज्वलैरी शो' का आयोजन 'कलर्ड जेमस्टोन्स' थीम के साथ जयपुर के सीतापुरा स्थित नोवोटेल जयपुर कन्वेंशन सेंटर में 19 से 22 दिसंबर तक होगा।

जेजेएस के सचिव राजीव जैन ने बताया कि जेजेएस 2025 में अब तक के सबसे अधिक 1227 बूथ्स की मेजबानी करने जा रहा है। यह वेन्यू परिवर्तित करके जेईसीसी में जेजेएस का आयोजन करने के कारण यह संभव हो पाया है। इसके कारण से बूथों की संख्या में महत्वपूर्ण वृद्धि देखी गई है। जयपुर कन्वेंशन सेंटर में शुक्रवार को सुबह 11 बजे जेजेएस का विधिवत उद्घाटन मुख्य अतिथि जेमोलॉजिकल इंस्टीट्यूट ऑफ अमेरिका, इंक. (जीआईए) के अध्यक्ष और मुख्य कार्यकारी अधिकारी, प्रीतेश पटेल करेंगे। इससे पूर्व, जेजेएस के वाइस चेयरमैन दिनेश खटोरिया ने मेहमानों का स्वागत किया। उन्होंने बताया कि जेजेएस रत्न-आभूषण उद्योग का सबसे प्रतीक्षित और प्रतिष्ठित आयोजन बन चुका है। इस वर्ष जेजेएस की मुख्य थीम है 'कलर्ड जेमस्टोन्स-'शेपिंग ड्रीम्स इन एवरी कलर'। इस थीम के तहत विशेष रूप से विभिन्न रंगीन रत्नों को बढ़ावा दिया जा रहा है। उन्होंने बताया बताया कि जेजेएस वर्ष 2025 में 1227 बूथ्स और 660 एग्जीबिटर्स के साथ अब तक का सबसे अधिक बड़ा शो होगा। इसमें 624 गोल्ड ज्वैलरी, 314 लूज जेमस्टोन्स, 74 सिल्वर ज्वैलरी और 74 एलाइड मशीनरी के बूथ्स होंगे। जैन ने कहा कि जेजेएस में इस वर्ष भी ज्वैलरी सैक्शन में लगभग 66 प्रतिशत डिजाइनर बूथ्स हैं, जो जेजेएस को न केवल खूबसूरत बनाएंगे बल्कि विजिटर्स को नयेपन का एहसास होगा। दिनेश खटोरिया ने बताया कि जेजेएस में नए एक्जीबीटर्स के साथ-साथ ही कई राष्ट्रीय ब्रांड भी हिस्सा लेंगे। इस बार जेजेएस में 8,000 से अधिक ट्रेड विजिटर्स और लगभग 50,000 घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय विजिटर्स शामिल होंगे। खटोरिया ने बताया कि इस वर्ष, जेजेएस 2025 में भी पिंक क्लब हॉल 2 का हिस्सा होगा। पिंक क्लब में 74 प्री-फैब्रिकेटेड बूथ्स होंगे, जिसमें 44 ज्वैलरी और 30 जेमस्टोन्स के बूथ्स होंगे। केवल बी2बी ग्राहक ही इस पवेलियन में जा सकेंगे और पवेलियन में एक विशेष लाउंज और कॉम्पलीमेंट्री चाय/कॉफी और मुफ्त वाई-फाई भी उपलब्ध होगा।




### द दिसंबर शो

जेजेएस प्रवक्ता अजय काला ने बताया कि 'दिसम्बर शो' के रूप में लोकप्रिय जेजेएस में लगभग 50,000 देशी एवं विदेशी विजिटर्स के साथ यह देश का एक महत्वपूर्ण आयोजन बन चुका है। इस शो की खासियत व्यापारी व ग्राहक को एक साथ जयपुर की दक्षता व हुनर का प्रदर्शन है। राजस्थान सरकार के पर्यटन विभाग द्वारा पर्यटकों और आगंतुकों के वार्षिक कैलेंडर में इस शो को शामिल किया गया है। अनेक टूर ऑपरेटरर्स ने इस प्रतिष्ठित शो को अपने यात्रा कार्यक्रम में शामिल किया है, जिससे विदेशी और भारतीय पर्यटकों को जेजेएस में विजिट करने के विशेष प्लान को सरल बनाते हैं।

### सुरक्षा एवं इन्श्योरेंस

अशोक सिंघी ने बताया कि इस वर्ष आयोजकों ने सुरक्षा के लिए व्यक्तिगत कैमरों के साथ-साथ जेजेएस के स्तर पर भी व्यवस्था की है। इस वर्ष सुरक्षा को और बढ़ाने के लिए कॉमन एरिया में लगभग 500 से अधिक कैमरे लगाए गए हैं। इस वर्ष भी दर्शकों के लिए बार कोडेड एंट्री सिस्टम होगा।

### बिजनेस ऑवर्स

उमेश डंगायच ने बताया कि यह शो बिजनेस विजिटर्स के लिए सुबह 10 बजे से शाम 7 बजे तक खुला रहेगा। आम विजिटर्स के लिए शो का समय दोपहर 1.30 बजे से शाम 7 बजे तक रहेगा। आखिरी दिन यानी 22 दिसंबर को शो का समय शाम 6.30 बजे तक रहेगा।

# संरक्षित रेल संचालन के लिए संरक्षा एवं कार्य समीक्षा बैठक आयोजित



## उत्कृष्ट कार्य करने वाले रेलकर्मियों को किया पुरस्कृत

**महानगर टाइम्स संवाददाता**

**जयपुर।** उत्तर पश्चिम रेलवे पर शुक्रवार को संरक्षा एवं कार्य समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में संरक्षित रेल संचालन को सुनिश्चित करने के लिए उत्तर पश्चिम रेलवे के महाप्रबंधक अमिताभ ने सभी विभागाध्यक्षों को सर्दियों के मौसम में विशेष सतर्कता के साथ कार्य करने के लिए निर्देशित किया। बैठक में सभी विभागाध्यक्ष, चारों मंडलों के मंडल रेल प्रबन्धक वीडियों कॉन्फ्रेंस के माध्यम से सम्मलित हुए। बैठक में संरक्षा ,कार्य निष्पादन, निर्माण कार्य, पूंजीगत आय, रेलवे ट्रैक की फेसिंग, समपार फाटक को बंद करने, यात्री सुविधाएं तथा आय बढ़ाने आदि पर चर्चा की गई।

अमिताभ ने सभी विभागाध्यक्षों को सर्दियों के मौसम में विशेष सतर्कता के साथ कार्य करने तथा नियमित निरीक्षण करने और सर्दियों के दौरान संरक्षित रेल संचालन के लिए अधीनस्थ कर्मचारियों की समय-समय पर काउंसलिंग कर संरक्षा अभियान चलाए जाने के निर्देश दिए। बैठक के दौरान महाप्रबंधक ने रेल संरक्षा के लिए सजगतापूर्ण एवं उत्कृष्ट कार्य करने वाले रेलकर्मियों को पुरस्कृत किया।

अमिताभ ने स्टेशन पुनर्विकास कार्यों की भी समीक्षा की और कार्य योजना के अनुरूप कार्य करने के लिए निर्देशित किया। मंडल रेल प्रबंधको ने मण्डलों की प्रगति के बारे में जानकारी दी और प्रगति पर चल रहे कार्यों के बारे में अवगत करवाया।

बैठक में संरक्षा को सुदृढ़ करने के लिए सेफ्टी फेंसिंग के प्रगति, समपार फाटक को बंद करने व अप्रोच रोड को सुधारने पर चर्चा की गई। यातायात सुविधाओं में विस्तार के लिए नए मेगा टर्मिनल, कोचिंग टर्मिनल, पिट लाइन, प्लेटफॉर्म से सम्बंधित कार्यों के लिए डीपीआर और मास्टर प्लान पर भी चर्चा की गई।

# आयुक्त डॉ. गौरव सैनी ने ली समीक्षा बैठक



नगरीय विकास कर के शत-प्रतिशत वसूली का दिया लक्ष्य

**महानगर टाइम्स संवाददाता**

**जयपुर।** नगर निगम आयुक्त डॉ. गौरव सैनी ने शुक्रवार को निगम मुख्यालय पर शहरी सेवा शिविर के फोलोअप कैम्प, राजस्व अर्जन, अतिक्रमण, सफाई व्यवस्था सहित अन्य कई बिन्दुओं पर विस्तार से अधिकारियों की समीक्षा बैठक ली। बैठक में अतिरिक्त आयुक्त, समस्त जोन उपायुक्त, उपायुक्त गैराज, उपायुक्त सतर्कता, उपायुक्त राजस्व प्रथम, उपायुक्त आयोजना प्रथम, राजस्व अधिकारी सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

बैठक में आयुक्त ने 17 दिसम्बर से आयोजित हो रहे शहरी सेवा शिविरों के फोलोअप कैम्प के बारे में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पट्टों से संबंधित लम्बित मामलों का जल्द ही निस्तारण करें। आयुक्त ने जोन वाइज यूडी टैक्स कलेक्शन एवं विज्ञापन शुल्क के बारे में भी जानकारी ली। साथ ही नगरीय विकास कर के शत प्रतिशत लक्ष्य को पूरा करने के निर्देश दिए। आयुक्त ने शहर की सफाई व्यवस्था के बारे में चर्चा कर कहा कि जोन स्तर पर 12 बीट प्लान बनाए जा रहे हैं जिससे कि कोई भी एरिया सफाई से ना छूटे और शहर की सफाई व्यवस्था सुदृढ़ हो सके। साथ ही आयुक्त ने सम्पर्क पोर्टल पर लम्बित शिकायतों के तत्काल निस्तारण के साथ-साथ अस्थाई अतिक्रमणों एवं अवैध निर्माणों पर प्रभावी कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

# आरपीएससी में चार पेपर में उपस्थित 40 प्रतिशत भी नहीं

**महानगर टाइम्स संवाददाता**

**जयपुर।** राजस्थान लोक सेवा आयोग की ओर से कॉलेज असिस्टेंट प्रोफेसर पद के लिए चल रही प्रतियोगी परीक्षा में शुक्रवार को राजधानी में संस्कृत, उर्दू, लॉ प्रथम पेपर और रसायन शास्त्र के पेपर आयोजित किए गए।

आयोग की ओर से जानकारी दी गई कि संस्कृत भाषा विषय में 30.42 प्रतिशत छात्रों ने उपस्थिति दर्ज करवाई।

उर्दू भाषा में 29.04 प्रतिशत छात्र उपस्थित रहे। लॉ के प्रथम विषय में 24.35 प्रतिशत छात्र उपस्थित रहे जबकि रसायन शास्त्र के प्रथम पेपर में 33.93 प्रतिशत छात्र ही आए। आयोग की ओर से जारी विज्ञप्ति के अनुसार द्वितीय पारी में संस्कृत में 30.36, उर्दू में 29.43, लॉ में 24.08 और रसायन शास्त्र के पेपर में 33.60 प्रतिशत प्रतियोगियों की उपस्थिति दर्ज की गई।

# आत्मरक्षा से आत्मविश्वास की नई उड़ान, छात्राओं ने सीखा सुरक्षा का मंत्र

## 'सशक्त महिला ही सुरक्षित समाज की आधारशिला'




**महानगर टाइम्स संवाददाता**

**जयपुर।** कम्यूनिटी पुलिसिंग यूनिट ने महिलाओं के सशक्तिकरण और सुरक्षा को समर्पित एक महत्वपूर्ण जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम जयपुर स्थित निर्वाण यूनिवर्सिटी में विश्वविद्यालय की आंतरिक शिकायत समिति (आईसीसी) के सहयोग से संपन्न हुआ। कार्यक्रम का नेतृत्व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कम्यूनिटी पुलिसिंग सुनीता मीना ने किया। उन्होंने छात्राओं को सैद्धांतिक ज्ञान के साथ व्यवहारिक रूप से आत्म-रक्षा की तकनीकों से परिचित कराया। एएसपी मीना ने न केवल आपात स्थितियों में त्वरित प्रतिक्रिया के तरीके सिखाए, बल्कि मानसिक सतर्कता के महत्व पर भी जोर दिया। उनके द्वारा प्रस्तुत किए गए लाइव डेमो ने कार्यक्रम को अत्यधिक प्रभावशाली और प्रेरणादायक बना दिया। इस अवसर पर उन्होंने संदेश दिया कि आत्म-रक्षा एक कौशल नहीं, बल्कि सुरक्षा का आधार है।

आईसीसी की अध्यक्ष डॉ. ऋतु शर्मा ने कहा कि महिला सुरक्षा और सम्मान का मूल आधार आत्मविश्वास में निहित है। निर्वाण यूनिवर्सिटी के वाइस चांसलर प्रो. (डॉ.) एस.एल. गोदारा और प्रो-वाइस चांसलर प्रो. (डॉ.) भावना देठा ने इस पहल को छात्राओं के सर्वांगीण विकास के लिए अत्यंत आवश्यक बताया। विश्वविद्यालय की छात्राओं ने आत्मरक्षा प्रशिक्षण में बढ़-चढ़कर और उत्साहपूर्वक भाग लिया।

इस कार्यक्रम के माध्यम से यह सशक्त संदेश सामने आया कि सशक्त महिला ही सुरक्षित समाज की आधारशिला है।

# वाटरशेड महोत्सव में जल संरक्षण को जन आंदोलन बनाने का आह्वान

## योजनाओं का लाभ अधिकाधिक किसानों तक पहुंचाने पर जोर




**महानगर संवाददाता**

**जयपुर।** राजधानी में शुक्रवार को संभाग स्तरीय 'वाटरशेड महोत्सव' का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि जिला प्रमुख रमा चौपड़ा, विशिष्ट अतिथि जमवारामगढ़ विधायक महेंद्र पाल मीणा रहे, जबकि अध्यक्षता जिला परिषद सीईओ प्रतिभा वर्मा ने की। दीप प्रज्ज्वलन के साथ कार्यक्रम की शुरुआत हुई और जलग्रहण विकास एवं भू संरक्षण विभाग की ओर से किए गए उत्कृ ष्ट कार्यों की वीडियो प्रस्तुति दिखाई गई। इस दौरान वाटरशेड पोस्टर और कैलेंडर का विमोचन भी हुआ।

अतिथियों ने पीएम कृषि सिंचाई योजना 2.0 और मुख्यमंत्री जल स्वावलंबन अभियान के तहत किए जा रहे कार्यों की सराहना करते हुए अधिक से अधिक किसानों को योजनाओं से जुड़ने की अपील की।

अधिकारियों ने एनिकट, संकन पॉण्ड, रिचार्ज शाफ्ट, डब्ल्यूएचएस, एमपीटी जैसे जल संरक्षण कार्यों की जानकारी दी। कार्यक्रम का समापन जल प्रतिज्ञा और राष्ट्रगान के साथ हुआ।

# स्वयं सहायता समूह को मिली ऑर्गेनिक वर्मी-कम्पोस्ट मशीन की सौगात

## हरित विकास के साथ-साथ आजीविका को भी मिलेगा बढ़ावा

**महानगर टाइम्स संवाददाता**

**जयपुर।** राजस्थान ग्रामीण आजीविका विकास परिषद् राजीविका की ओर से नगर निगम जयपुर एवं राजीविका के संयुक्त प्रयास से महिलाओं को ऑर्गेनिक वर्मी-कम्पोस्ट मशीन भेंट की। कार्यक्रम में उपस्थित अतिरिक्त मुख्य सचिव श्रेया गुहा तथा स्टेट मिशन डायरेक्टर नेहा गिरि ने मशीन का शुभारंभ किया एवं मोती डूंगरी महंत की ओर से तिलक एवं पूजा-अर्चना के साथ कार्यक्रम की शुरूआत हुई। नगर निगम जयपुर एवं राजीविका के संयुक्त प्रयास से विधानी पंचायत की स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को यह मशीन उपलब्ध कराई गई है। इसके माध्यम से मंदिरों, सामुदायिक स्थलों तथा बाजार क्षेत्रों से एकत्रित पुष्प सामग्री का दोबारा उपयोग करते हुए उच्च गुणवत्ता वाला जैविक वर्मी-कम्पोस्ट तैयार किया जाएगा, जिससे स्थानीय किसानों तथा बागवानी समूहों को पर्यावरण-अनुकूल एवं रसायनमुक्त खाद प्राप्त होगी। मशीन के फ्लैग-ऑफ के दौरान प्रोजेक्ट डायरेक्टर, राजीविका, प्रीति सिंह सहित राज्य स्तर के समस्त अधिकारी तथा जिले से प्रोजेक्ट मैनेजर जयपुर अनुपमा सक्सेना उपस्थित रहीं।



# डॉ. रिया जैन आठवले ने बिजनेस इंटीग्रिटी कॉन्क्लेव में भारत का किया प्रतिनिधित्व

**महानगर टाइम्स संवाददाता**

**मुंबई।** डीएमएफ हेल्थकेयर की ओर से प्रतिनिधित्व करते हुए डॉ. रिया जैन आठवले को संयुक्त राष्ट्र ग्लोबल कॉम्पैक्ट नेटवर्क इंडिया (जीसीएनआई) द्वारा आयोजित प्रतिष्ठित बिजनेस इंटीग्रिटी कॉन्क्लेव 2025 में इस्टीमेट फैकल्टी एवं गैस्ट स्पीकर के रूप में आमंत्रित किया गया। यह अंतरराष्ट्रीय स्तर का सम्मेलन मुंबई क्रिकेट एसोसिएशन कन्वेंशन सेंटर, बीकेसी, मुंबई में भव्य रूप से संपन्न हुआ। सम्मेलन में भारत सहित विश्व के विभिन्न देशों से आए वरिष्ठ नीति-निर्माता, उद्योग जगत के नेता, शिक्षाविद, स्वास्थ्य विशेषज्ञ एवं कॉर्पोरेट प्रतिनिधि उपस्थित रहे।




इस अंतरराष्ट्रीय मंच पर डॉ. रिया जैन आठवले ने 'हेल्थकेयर और सप्लाई चेन-ट्रांसपेरेंसी, एथिकल प्रोक्योरमेंट और पेशेंट-सेंटर्ड इंटीग्रिटी सुनिश्चित करना' विषय पर अपना विचारपूर्ण एवं प्रभावशाली वक्तव्य प्रस्तुत किया। अपने संबोधन में उन्होंने स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र में पारदर्शी आपूर्ति श्रृंखला, नैतिक खरीद प्रक्रिया, जवाबदेही, भ्रष्टाचार-रोधी तंत्र तथा रोगी-केंद्रित दृष्टिकोण की आवश्यकता पर विस्तार से प्रकाश डाला। उनके वक्तव्य को न केवल भारतीय बल्कि अंतरराष्ट्रीय विशेषज्ञों से भी अत्यंत सराहना मिली।

सम्मेलन के एक महत्वपूर्ण सत्र के दौरान डॉ. रिया जैन आठवले ने विभिन्न देशों के प्रतिनिधियों के साथ मिलकर एक आधिकारिक अंतरराष्ट्रीय दस्तावेज़ पर हस्ताक्षर किए, जिससे वैश्विक स्तर पर भारत की सक्रिय भागीदारी और नेतृत्व को मान्यता प्राप्त हुई। इस अवसर पर उन्हें उनके योगदान के लिए विशेष सम्मान से भी सम्मानित किया गया।

# सिलीसेढ़ झील को मिला अंतरराष्ट्रीय सम्मान

## देश की 96वीं रामसर साइट बनी, अलवर के लिए गर्व का क्षण



**महानगर टाइम्स संवाददाता**

**जयपुर।** अलवर की प्रसिद्ध सिलीसेढ़ झील को आर्द्रभूमि पर कन्वेंशन (रामसर कन्वेंशन) ने आधिकारिक रूप से रामसर साइट घोषित कर दिया है। इसके साथ ही यह देश की 96वीं रामसर साइट बन गई है। इसी सूची में छत्तीसगढ़ के बिलासपुर स्थित कोपरा जलाशय को भी शामिल किया गया है। जैव-विविधता, जल संरक्षण, जलवायु सुरक्षा और सतत आजीविका के नजरिए से यह उपलब्धि महत्वपूर्ण मानी जा रही है। सिलीसेढ़ झील अपनी समृद्ध जैव-विविधता, आकर्षक प्राकृतिक सौंदर्य और 100 से अधिक पक्षी प्रजातियों के आवास के कारण विशेष पहचान रखती है। सरिस्का टाइगर रिजर्व का प्रवेश द्वार होने से इसका पर्यटन महत्व भी बढ़ जाता है। केंद्रीय पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव ने इस उपलब्धि को अलवर की साझा सफलता बताते हुए स्थानी लोगों को बधाई दी।

### तंबाकू-सिगरेट और महंगे

# संसद से बिल पारित होने के बाद उत्पाद शुल्क कानून अधिसूचित

**महानगर टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** सरकार ने केंद्रीय उत्पाद शुल्क (संशोधन), 2025 अधिसूचित कर तंबाकू और उससे बनी सभी श्रेणियों पर उत्पाद शुल्क में बड़ा इजाफा कर दिया है।

केंद्रीय उत्पाद शुल्क अधिनियम, 1944 के तहत सिगरेट पर अब तक 200 से 735 रुपए प्रति हजार स्टिक तक उत्पाद शुल्क लगता था। संशोधित कानून के लागू होने के बाद यह सीमा कई गुना बढ़कर 2,700 रुपए से 11,000 रुपए प्रति हजार सिगरेट कर दी गई है।

## उत्पाद शुल्क और सेस में वृद्धि

इस अधिनियम के तहत सिगरेट, सिगार, हुक्का तंबाकू, चबाने वाला तंबाकू, जर्दा और सुगंधित तंबाकू सहित सभी उत्पादों पर उत्पाद शुल्क और सेस में वृद्धि की है। साथ ही, यह अधिनियम सरकार को तंबाकू उपकर समाप्त होने के बाद भी केंद्रीय उत्पाद शुल्क बढ़ाने के लिए वित्तीय गुंजाइश प्रदान करता है।

नए कानून में निर्मित तंबाकू पर शुल्क में भी वृद्धि की गई है। चबाने वाले तंबाकू पर शुल्क 25 प्रतिशत से बढ़कर 100 प्रतिशत हो जाएगा, जबकि हुक्का तंबाकू पर शुल्क 25 प्रतिशत से बढ़कर 40 प्रतिशत हो जाएगा। पाइप और सिगरेट में इस्तेमाल होने वाले धूम्रपान मिश्रणों पर शुल्क 60 प्रतिशत से बढ़ाकर 325 प्रतिशत कर दिया गया है।

## सरकार ने बताया कानून का उद्देश्य

सरकार का कहना है कि इस कानून का उद्देश्य लोगों को तंबाकू के हानिकारक प्रभावों से बचाना और इसके सेवन पर अंकुश लगाना है। इससे पहले, राज्यसभा में चल रही बहस का जवाब देते हुए वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि सिगरेट पर लगाए गए अतिरिक्त शुल्क को राज्यों के साथ साझा किया जाएगा, और स्पष्ट किया कि यह शुल्क उत्पाद शुल्क है, उपकर नहीं।



**तंबाकू किसानों औ बीड़ी श्रमिकों पर नहीं पड़ेगा असर :** सीतारमण ने सदन को आश्वासन दिया था कि तंबाकू किसानों और बीड़ी श्रमिकों पर कोई प्रतिकूल प्रभाव नहीं पड़ेगा। मंत्री ने तंबाकू की खेती से दूर जाने वाले किसानों को समर्थन देने के लिए फसल विविधीकरण कार्यक्रमों सहित कई योजनाओं पर प्रकाश डाला। उन्होंने सदन को सूचित किया कि 2017-18 और 2021-22 के बीच 1.12 लाख एकड़ से अधिक भूमि पर तंबाकू की खेती छोड़कर अन्य फसलों की खेती शुरू की गई। उन्होंने आगे कहा कि देश में 49.82 लाख बीड़ी श्रमिक पंजीकृत हैं और श्रम कल्याण योजनाओं के अंतर्गत आते हैं।

मंत्री ने यह भी बताया कि भारत में सिगरेट पर कुल कर खुदरा मूल्य का लगभग 53 प्रतिशत है, जबकि विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) का मानक 75 प्रतिशत है। उन्होंने कहा कि नए अधिनियम के तहत कर निर्धारण डब्ल्यूएचओ के दिशानिर्देशों के अनुरूप है और इसका उद्देश्य सिगरेट को कम किफायती बनाना है। उनके अनुसार, जीएसटी और उससे जुड़े उपकर लागू होने के बाद भी तंबाकू उत्पादों पर कर डब्ल्यूएचओ के मानक तक नहीं पहुंचा है, जिससे उनकी सामर्थ्य अधिक बनी हुई है और जन स्वास्थ्य उद्देश्यों को नुकसान पहुंच रहा है।

# एचडीएफसी बैंक ने दी करोड़ों ग्राहकों को बड़ी राहत

**महानगर टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** एचडीएफसी बैंक देश के सबसे बड़े प्राइवेट सेक्टर बैंक एचडीएफसी बैंक ने अपने ग्राहकों को बड़ी राहत का ऐलान किया है। बैंक ने अपने एमसीएलआर रेट्स में 0.05 फीसदी (5 बेसिस प्वाइंट) की कटौती की है। यह कदम आरबीआई द्वारा रेपो रेट 5.50 फीसदी से घटाकर 5.25 फीसदी करने के बाद आया है। अब बैंक का नया एमसीएलआर रेंज 8.30 फीसदी से 8.55 फीसदी के बीच है, जो पहले 8.35 फीसदी से 8.60 फीसदी था। इस बदलाव का फायदा उन ग्राहकों को मिलेगा जिनके होम लोन या अन्य रिटेल लोन एमसीएलआर, आरएलएलआर या आरबीएलआर से जुड़े हैं। दरें घटने से या तोउ ईएमआई कम होगी या लोन की अवधि घट सकती है, जिससे लोन लेने वालों की जेब पर बोझ कम होगा। मार्जिनल कॉस्ट ऑफ फंड्स बेस्ड लेंडिंग रेट वह न्यूनतम ब्याज दर है, जिसके नीचे बैंक किसी ग्राहक को लोन नहीं दे सकता। यह सिस्टम 2016 में आरबीआई ने शुरू किया था ताकि ब्याज दरें पारदर्शी हों और ग्राहकों को फायदा मिले। जब आरबीआई रेपो रेट बदलता है, उसका असर धीरे-धीरे एमसीएलआर पर पड़ता है।


### खोया-पाया
ज. वि. प्रा. की योजना अमृत कुंज प्लॉट नंबर 100 का विनिमय पत्र (exchange letter)लेटर कहीं गुम हो गया है संपर्क अरुण सिंह 8875058730

### कार्यालय-उपायुक्त, सांगानेर जोन निमग जयपुर
(सांगानेर स्टेडियम वाली रोड, गर्ल्स स्कूल के पास)
क्रमांकः एफ- 53/ डी.सी./ एसएनजेड/ ननिज/2025-26/7578 | दिनांक : 12/12/25

सुश्री मंजू जैन पुत्री श्री कपूरचन्द्र जैन
निवासी ए-15, सरस्वती कॉलोनी, सांगानेर जयपुर।
मो. नं. 7742349044

विषय :- ए-15, सरस्वती कॉलोनी, सांगानेर जयपुर का फ्री होल्ड पट्टा स्वयं के स्तर पर दो राज्यस्तरीय न्यूज पेपर में विज्ञप्ति प्रकाशन बाबत।

सार्वजनिक सूचना / विज्ञप्ति

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि सुश्री मंजू जैन पुत्री श्री कपूरचन्द जैन द्वारा ए-15, सरस्वती कॉलोनी, सांगानेर जयपुर का फ्री-होल्ड पट्टा चाहने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

| क्र.स. | आवेदक का नाम | भूखण्ड का स्थल | वार्ड नं. | अनुमानित क्षेत्रफल (वर्गगज) | योजना |
| --- | --- | --- | --- | --- | --- |
| 1 | सुश्री मंजू जैन पुत्री श्री कपूरचन्द जैन | ए-15, सरस्वती कॉलोनी सांगानेर जयपुर | 90 | 266.66 | फ्री होल्ड पट्टा |

अतः आवेदक द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों के आधार पर फ्री होल्ड पट्टा लिये जाने के संबंध में यदि किसी संस्था/ व्यक्ति/ हितधारक को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन से 15 दिवस की अवधि में मय दस्तावेज के साथ अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष प्रस्तुत कर सकते है, अन्यथा आवेदक के पक्ष में तहत फ्री होल्ड पट्टा जारी करने की कार्यवाही संपादित कर दी जावेगी।

(डॉ. रवि कुमार गोयल) आ.ए.एस
उपायुक्त
सांगानेर जोन, नगर निगम जयपुर

### जयपुर विकास प्राधिकरण, जयपुर
रामकिशोर व्यास भवन, इन्दिरा सर्किल, जवाहर लाल नेहरू मार्ग, जयपुर-302004
क्रमांकः F-JDA/Zone 09/2025/D-102
**आम सूचनाः-** आवेदक द्वारा ऑनलाईन आवेदन क्रमांक 268368 दिनांक 24/11/2025 को निम्नांकित भूखण्ड का Name Transfer जारी करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किये गये है

| क्र.सं. | आवेदक का नाम | मूल आवंटी/ लीजधारक का नाम | भूखण्ड संख्या | भूखण्ड क्षेत्रफल | गृ.नि.स.स. निजी खातेदारी/ जविप्रा योजना | योजना का नाम | सेवा जिसके लिए आवेदन किया गया | कार्यवाही हेतु प्रस्तुत दस्तावेज |
| --- | --- | --- | --- | --- | --- | --- | --- | --- |
| 1 | Sandeep Kumar Meena S/o Chandra Singh Meena | श्री शिवराम मीणा पुत्र श्री लादूराम मीणा | 20 | 233.33 SQ. YARD | Private | Shree Gopal Vatika Sector/ Block- | Name Transfer | निजी खातेदारी योजना श्री गोपाल वाटिका चतरपुरा के भूखण्ड संख्या 20 क्षेत्रफल 233.33 व.ग. की लीज डीड दिनांक 26.06.2020 को श्री शिवराम मीणा पुत्र श्री लादूराम मीणा के पक्ष में जारी किया गया है। तत्पश्चात श्री शिवराम मीणा द्वारा |

श्रीमती रेखा मीणा पत्नी श्री राजेश मीणा को जरिये रजिस्टर्ड विक्रय पत्र दिनांक 19.08.2020 के द्वारा बेचान किया गया है। तत्पश्चात श्रीमती रेखा मीणा द्वारा श्री संदीप कुमार मीणा पुत्र श्री चंद्र सिंह मीणा को जरिए रजिस्टड विक्रय पत्र दिनांक 10.12.2021 के द्वारा बेचान किया गया है।

उक्त भूखण्ड का आवेदक के पक्ष में Name Transfer जारी करने पर किसी व्यक्ति, वारिस एवं संस्था को आपत्ति हो तो मय साक्ष्य के इस सूचना की प्रकाशन तिथि से 7 दिवस के भीतर jda.rajasthan.gov.in पर जाकर Objection module के माध्यम से आपत्ति online सबमिट करें, अन्यथा आपत्ति प्रस्तुत नहीं करने की दशा में उक्त भूखण्ड की नियमानुसार कार्यवाही कर दी जावेगी।

### आम- सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि अचल सम्पत्ति **प्लाट नम्बर-19**, योजना शिव नगर, स्थित ग्राम गोविन्दपुरा उर्फ रोपाडा, तहसील सांगानेर, जिला जयपुर, राज., कुल क्षेत्रफल 93.25 वर्गगज है। उक्त प्लाट सम्पूर्ण सीताराम कुम्हार पुत्र मूलचन्द प्रजापत को हसनपुरा-ए गृह निर्माण सहकारी समिति, लि., जयपुर, रजिस्ट्रेशन नम्बर 2554/ एल द्वारा जरिये आवंटन पत्र दिनांक 09.07.1997 द्वारा आवंटित किया गया। सीताराम कुम्हार ने उक्त प्लाट, सम्पूर्ण को रजिस्टर्ड विक्रय पत्र दिनांक 13.12.2021 द्वारा राजपाल मीना पुत्र परसादी लाल मीना को विक्रय कर दिया। इस प्रकार राजपाल मीना उक्त सम्पत्ति / प्लाट, सम्पूर्ण के एकमात्र मालिक, स्वामी, काबिज, अधिकारी हुये। अब श्रीमती नीतेश कुमारी पत्नी श्री नवल किशोर शर्मा उक्त सम्पत्ति **प्लाट नम्बर-19**, योजना शिव नगर, स्थित ग्राम गोविन्दपुरा उर्फ रोपाडा, तहसील सांगानेर जिला जयपुर, राज., कुल क्षेत्रफल 93.25 वर्गगज, सम्पूर्ण को राजपाल मीना से क्रय कर रही है। सर्वसाधारण को उक्त सम्पत्ति विधिक वारिसान, मालिकाना हक, स्वामित्व, कब्जे, अधिकार पर कोई आपत्ति हो तो सात दिवस में लिखित में मय दस्तावेज सूचित करे अन्यथा आपत्ति शुन्य, अप्रभावी व अमान्य समझी जावेगी।

दिनांक 12.10.2025

ऋषिकेश महर्षि, एडवोकेट
(एस.आर.एम.पार्टनर)
पताः- 82, एवरे विहार,किंग्स रोड, निर्माण नगर, जयपुर राज.
R/1832/2002

### जयपुर विकास प्राधिकरण, जयपुर
रामकिशोर व्यास भवन, इन्दिरा सर्किल, जवाहर लाल नेहरू मार्ग, जयपुर-302004
क्रमांकः F-JDA/Zone-08/2025/D-19
**आम सूचनाः-** आवेदक द्वारा ऑनलाईन आवेदन क्रमांक 261449 दिनांक 13/10/2025 को निम्नांकित भूखण्ड का Issue Free Hold E-Patta in lieu of already issued Patta (Lease Deed) | Original Lease Deed (Patta) जारी करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किये गये है।

| क्र. सं. | आवेदक का नाम | मूल आवंटी/ लीजधारक का नाम | भूखण्ड संख्या | भूखण्ड क्षेत्रफल | गृ.नि.स.स. निजी खातेदारी/ जविप्रा योजना | योजना का नाम | सेवा जिसके लिए आवेदन किया गया | कार्यवाही हेतु प्रस्तुत दस्तावेज |
| --- | --- | --- | --- | --- | --- | --- | --- | --- |
| 1 | Geeta Sharma W/o Hanuman Sahay Sharma | मैसर्स अतुल एण्टर प्राईजेज जरिये निदेशक श्री अतुल जैन पुत्र श्री आर.पी. जैन | 3 | 161.66 Sq. Yard | Private | Narayan Vihar-C Sector/ Block- | Issue Free Hold E-Patta in lieu of already issued Patta (Lease Deed) \| Original Lease Deed (Patta) | रजिस्टर्ड विक्रय पत्र |

उक्त भूखण्ड का आवेदक के पक्ष मेंIssue Free Hold E-Patta in lieu of already issued Patta (Lease Deed) | Original Lease Deed (Patta) जारी करने पर किसी व्यक्ति, वारिस एवं संस्था को आपत्ति हो तो मय साक्ष्य के इस सूचना की प्रकाशन तिथि से 7 दिवस के भीतर jda.rajasthan.gov.in पर जाकर Objection module के माध्यम से आपत्ति online सबमिट करें, अन्यथा आपत्ति प्रस्तुत नहीं करने की दशा में उक्त भूखण्ड की नियमानुसार कार्यवाही कर दी जावेगी।

### कार्यालय ग्राम पंचायत धानक्या, पंचायत समिति झोटवाडा जयपुर
क्रमांक : ग्रा.प. धानक्या/निर्माण/ निविदा/2024-25/355 | दिनांक : 12.12.2025

## ई-निविदा सूचना
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि इस कार्यालय के पत्रांक 354 दिनांक 12.12.2025 द्वारा ग्राम पंचायत धानक्या वित्तीय वर्ष 2025-26 में दो कक्षा-कक्ष निर्माण राजकीय संस्कृत स्कूल परिसर नन्दगाँव हेतु नियम 181 के तहत E-Procurement पद्धति से ऑनलाईन राजस्थान सरकार के निर्माण विभागों में सक्षम श्रेणी में पंजीकृत संवेदकों से ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती है। जिनके PFG2526A0052 and UBN is: PFG2526WSRC00148 है। निविदा सूचना की शर्तें वेब पोर्टल http://sppp.rajasthan.gov.in पर भी देखी जा सकती है एवं www.eproc.rajasthan.gov.in पर डाउनलोड/अपलोड की जानी है।

प्रशासक, ग्राम पंचायत धानक्या, पंचायत समिति झोटवाडा जयपुर
ग्राम विकास अधिकारी, ग्राम पंचायत धानक्या, पंचायत समिति झोटवाडा जयपुर

### कार्यालय नगर निगम जयपुर
(पण्डित दीनदयाल उपाध्याय भवन, लाल कोठी, टोंक रोड, जयपुर–15)
क्रमांक :– जसअ / 2025 / 347 | दिनांकः 10.12.2025

**–: : ई–निविदा सूचना संख्या 110 व 111/2025–26 : :–**

नगर निगम जयपुर की ओर से विद्युत कार्य हेतु नगर निगम जयपुर में व अन्य विभागों में नये नियमों के अनुसार श्रेणीवार EWSD श्रेणी में पंजीकृत संवेदकों से निर्धारित प्रपत्र में ई–टेन्डरिंग प्रक्रिया में ऑन लाईन निविदा आमंत्रित की जाती हैं।

निविदा से सम्बन्धित समस्त विवरण वेब साईट http://eproc.rajasthan.gov.in & http://sppp.rajasthan.gov.in पर निम्न UBN No. JMC2526WSOB02234, JMC2526WSOB02235 पर देखा जा सकता हैं।

इच्छुक संवेदकों को ई–निविदा में भाग लेने हेतु वेबसाईट http://eproc.rajasthan.gov.in पर रजिस्टर्ड करवाना आवश्यक हैं।

अधिशाषी अभियन्ता (विद्युत)
नगर निगम जयपुर
राज.संवाद / सी / 25 / 15701

### आम सूचना जयपुर विकास प्राधिकरण, जयपुर
क्रमांकः क्रमांक:F-JDA/Zone 09/2025/D-113
आवेदक द्वारा ऑनलाईन आवेदन क्रमांक 264644 दिनांक 02/11/2025 को निम्नांकित भूखण्ड का Name Transfer जारी करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किये गये है

| क्र. स. | आवेदक का नाम | मूल आवंटी/ लीजधारक का नाम | भूखण्ड संख्या | भूखण्ड क्षेत्रफल | गृ.नि.स.स./ निजी खातेदारी/ जविप्रा योजना | योजना का नाम | सेवा जिसके लिए आवेदन किया गया | कार्यवाही हेतु प्रस्तुत दस्तावेज |
| --- | --- | --- | --- | --- | --- | --- | --- | --- |
| 1 | Prakant Singh Naswariya S/o Ratan Lal Naswariya | श्री नारायण मीना पुत्र भौरी लाल मीना | 9/AD/ 170 | 50 Sq. Meter | JDA Project (Zone-09) | Ring Road Sector/Block-A | Name Transfer | जविप्रा की रिंग |

रोड परियोजना के भूखण्ड संख्या 9/ एडी / 170 क्षेत्रफल 50.00 व.मी. का फ्री होल्ड विलेख दिनांक 2.09.2023 को श्री नारायण मीना पुत्र भौरीलाल मीना के नाम से जारी की गयी है। तत्पश्चात् उक्त भूखण्ड का बेचान जरिये रजिस्टर्ड विक्रय पत्र दिनांक 16.10.2023 को श्री नारायण मीना पुत्र भौरीलाल मीना पुत्र श्री रमेश जोगी पुत्र श्रवण जोगी को कर दिया गया। तत्पश्चात् उक्त भूखण्ड का बेचान जरिये रजिस्टर्ड विक्रय पत्र दिनांक 01.01.2024 को श्री रमेश जोगी पुत्र श्रवण जोगी द्वारा प्रकान्त सिंह पुत्र रतनलाल को कर दिया गया। आवेदक द्वारा नाम हस्तांतरण हेतु आवेदन किया गया है।

उक्त भूखण्ड का आवेदक के पक्ष में Name Transfer जारी करने पर किसी व्यक्ति, वारिस एवं संस्था को आपति हो तो मय साक्ष्य के इस सूचना की प्रकाशन तिथि से 7 दिवस के भीतर jda.rajasthan.gov.in पर जाकर Objection module के माध्यम से आपत्ति online सबमिट करें, अन्यथा आपत्ति प्रस्तुत नहीं करने की दशा में उक्त भूखण्ड की नियमानुसार कार्यवाही कर दी जावेगी।

### कार्यालय नगर निगम जयपुर
(पण्डित दीनदयाल उपाध्याय भवन, लालकोठी, टोंक रोड जयपुर–302015, राजस्थान)
क्रमांक :– जसअ / 2025 / 348 | दिनांकः 11.12.2025

**ई–बोली सूचना सं 06 (वर्ष 2025–26)**

केन्द्र एंव राज्य सरकार के सभी विभागों में पंजीकृत ठेकेदार एंव नगर निगम जयपुर के पंजीकृत बोलीदाताओ से मलेरिया स्टोर, नगर निगम ग्रेटर जयपुर मुख्यालय द्वारा 04 वाटर टैंकर मय ट्रेक्टर, ड्राईवर, प्रेशर पम्प, लेबर, पानी आदि सहित किराये पर आपूर्ति हेतु बोलीयां आमंत्रित की जाती है। कार्यो की अनुमानित लागत, टेण्डर बेचे जाने तथा प्राप्त करने की तारीख, टेण्डर शर्त आदि सम्पूर्ण विवरण नगर निगम जयपुर की वेबसाईट www.jaipurmc.org.com व राजस्थान सरकार के पोर्टल http://sppp.raj.nic.in पर देखी जा सकती। UBN No. JMC2526SLOB02242 हैं।

मुख्य स्वास्थ्य अधिकारी
(प्रभारी अधिकारी मलेरिया)
नगर निगम जयपुर
राज.संवाद / सी / 25 / 15707

### राजस्थान सरकार
कार्यालय निदेशक, पुरातत्त्व एवं संग्रहालय विभाग, राजस्थान जयपुर
(दूरभाष नं. 0141-2820360, email-dirarch@rajasthan.gov.in)
क्रमांक : पु.सं./स्मा./जैम्स एंड ज्वैलरी/आमेर/2025/17883 | दिनांक :-

**निविदा सूचना**

राजकीय संग्रहालय व महल आमेर में पर्यटकों की सुविधार्थ जैम्स एंड ज्वैलरी की उपलब्धता एवं संचालन के लिए इच्छुक और पात्र कंपनी / फर्म/व्यक्तियों/ से ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है। बोली का विस्तृत विवरण http://museumsrajasthan.rajasthan.gov.in,http://eproc.rajasthan.gov.in & http://sppp.rajasthan.gov.in पर देखा जा सकता है।

AMD2526SLOB00084

DIPR/C/18379/2025 — निदेशक

### कार्यालय पुलिस उपायुक्त, यातायात जयपुर
क्रमांक : 12536–43 | दिनांक : 05.12.2025

**–: नीलामी विज्ञप्ति :–**

वाणिज्यिक कर विभाग में जी.एस.टी. पंजीकृत फर्मों/व्यक्तियों को सूचित किया जाता है, कि जिला जयपुर (यातायात) में 185/207 एम.वी.एक्ट में जब्तशुदा वाहनों को निर्धारित कमेठी द्वारा वाहन यार्ड टर्मीनल-03 (सिदार्थ नगर चौराहा) पर दिनांक 23.12. 2025 व वाहन यार्ड बगराना पर दिनांक 29.12.2025 व वाहन यार्ड सराय बावडी पर दिनांक 31.12.2025 व कालवाड पुलिस थाना पर दिनांक 02.01.2026 को प्रातः 10.00 ए.एम. से नीलाम किया जायेगा। वाहन की नीलामी से संबंधित पूर्ण शर्तें एवं वाहनों की सूची किसी भी कार्य दिवस को कार्यालय पुलिस उपायुक्त यातायात, जयपुर के कमरा नम्बर 41 में देखी जा सकती है एवं वाहन यार्ड टर्मीनल-03 (सिदार्थ नगर चौराहा), बगराना, सराय बावडी, दुर्घटना अनुसधान ईकाई पश्चिम बनीपार्क, थाना अशोकनगर, भाकरोटा, कालावड थाने के सामने तारबन्दी, कालवाड पुलिया चौकी, करणी विहार, प्रतापनगर, रोड न. 14 वी. के. आई, सांगानेर सदर, संजय सर्किल, श्यामनगर, शिप्रा-पथ, विधाधरनगर, विश्वकर्मा में नीलामी योग्य वाहन खड़े हुए है, जैसी स्थिति में है, देखे जा सकते है, जिनको नीलाम किया जायेगा।

**– : नीलामी की शर्तें जानकारी निम्नानुसार है :–**

1. नीलामी में भाग लेने वाली फर्म जी.एस.टी. पंजीकृत होनी चाहिए एवं जी.एस.टी. प्रमाण पत्र नीलामी के समय प्रस्तुत करना होगा।
2. कोई खरीददार वाहन देखना चाहे तो वह वाहन यार्ड (टर्मीनल-03 सिदार्थ नगर चौराहा), बगराना, सराय बावडी, दुर्घटना अनुसंधान ईकाई पश्चिम बनीपार्क, थाना अशोकनगर, भाकरोटा, कालावड थाने के सामने तारबन्दी, कालवाड पुलिया चौकी, करणीविहार, प्रतापनगर, रोड नं. 14 वी. के. आई, सांगानेर सदर, संजय सर्किल, श्यामनगर, शिप्रा-पथ, विधाधरनगर, विश्वकर्मा में देख सकते है।
3. वाहन जहां, जैसी स्थिति में है उन्हें नीलामी स्थल पर नीलाम किया जाऐगा।
4. प्रत्येक वाहन की बोली अलग-अलग (वाहन वार) लगानी होगी, कमेटी चाहेगी तो समूह में भी नीलामी की जा सकती है।
5. अमानत राशि 50000 रू. प्रत्येक बोलीदाता को पुलिस उपायुक्त यातायात जयपुर को नीलामी दिनांक को नीलामी बोली प्रारम्भ होने से पूर्व नगद जमा करानी होगी, तत्पश्चात् प्राप्त अमानत राशि को स्वीकार नहीं किया जायेगा।
6. नीलामी में सफल बोलीदाता को वाहन के विक्रय पर नियमानुसार प्रवृत समस्त प्रकार के राजकीय कर, फीस, जी.एस.टी. एवं वैट आदि बोली राशि के अतिरिक्त जमा करानी होगी। वाहन को परिवहन कार्यालय में रजिस्ट्रेशन होने के उपरान्त ही उपयोग में लिया जा सकेगा।
7. नीलामी प्रक्रिया में प्रत्येक वाहन हेतु प्राप्त प्रस्तावों में अधिकतम राशि का प्रस्ताव देने वाली फर्म के नाम बोली स्वीकृत होगी, उसे अधिकतम बोली की राशि की कम से कम एक चौथाई राशि तत्काल उसी समय जमा करानी होगी तथा शेष राशि तीन कार्य दिवस में आवश्यक रूप से पुलिस उपायुक्त यातायात जयपुर में जमा करानी होगी। सम्पूर्ण राशि जमा कराने के पश्चात ही वाहन सुपुर्द किया जायेगा। प्रस्तावनुसार निर्धारित अवधि में सम्पूर्ण राशि जमा नहीं कराने पर इस कार्यालय द्वारा संबंधित बोलीदाता की अमानत राशि एवं जमा कराई गई एक चौथाई राशि जब्त कर लो जायेगी।
8. अंतिम बोली पर छोडे गये वाहन को आदेश जारी होने के पश्चात 07 दिवस में बोलीदाता को अपने स्वयं के स्तर साधन से उठाना होगा।
9. वाहन के पंजीयन एवं हस्तांतरण आदि कराने के समस्त व्यय एवं औपचारिकताओं की पूर्ति की जिम्मेदारी बोली छुडाने वाले की होगी। वाहन नीलामी के पश्चात इस कार्यालय द्वारा उच्चतम बोली दाता को रिलीज मीमो दिया जायेगा, जिसके आधार पर संबधित पंजीयन कार्यालय से वाहन का स्थानान्तरण/पंजीयन कराने की समस्त जिम्मेदारी बोलीदाता की होगी। इस विभाग का कोई उत्तरदायित्व नहीं होगा।
10. नीलामी प्रक्रिया से संबंधित समस्त विवरण, नीलामी शर्तें एवं वाहनों की सूची कार्यालय पुलिस उपायुक्त यातायात जयपुर के नोटिस बोर्ड पर चस्पा की जायेगी। कार्यालय समय में कभी भी अवलोकरन किया जा सकता है।
11. नीलामी के संबंध में अंतिम निर्णय यथा किसी एक वाहन अथवा सम्पूर्ण नीलामी को निरस्त स्थगित करने तथा अमानत राशि निश्चित करने के सम्पूर्ण अधिकार नीलामी कमेठी के पास सुरक्षित रहेगे।

डीआईपीआर/सी/18454/2025 — पुलिस उपायुक्त (यातायात) जयपुर

### कार्यालय उपायुक्त मालवीर नगर जोन, नगर निगम जययुर
(नई विधानसभा के पास, लालकोठी जयपुर)
क्रमांकः-एफ()/न.नि.ज.मा0न0जोन/2024/2495 | दिनांकः 11/11/2025

**सार्वजनिक सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है श्री पीयूष गुप्ता पुत्र श्री रमेश चन्द गुप्ता द्वारा भूखण्ड संख्या एफ 1 योजना मधुबन कॉलोनी सोसायटी बजाज नगर गृह निर्माण सहकारी समिति जयपुर क्षेत्रफल 384.90 वर्गगज भूमि का नाम हस्तानानतरण चाहा गया। जयपुर विकास प्राधिकरण भूखण्ड संख्या एफ 1 योजना मधुबन कॉलोनी सोसायटी बजाज नगर गृह निर्माण सहकारी समिति जयपुर का पट्टा विलेख श्री रमेश चन्द गुप्ता पुत्र श्री गणेश राम के पक्ष में जारी किया गया। श्री रमेश गुप्ता की मृत्यु दिनांक 24.04.2007 को हो चुकी है। श्रीमती सुषमा गुप्ता पत्नी श्री रमेश गुप्ता की मृत्यु दिनांक 30.08.2022 को हो चुकी है। अमृता गुप्ता पुत्री श्री रमेश चन्द गुप्ता पत्नी श्री राजीव गुप्ता, सुजाता गुप्ता श्री रमेश चन्द गुप्ता पत्नी श्री गिरीराज गुप्ता,श्रीमती सुष्मिता नायर पुत्री श्री रमेश चन्द गुप्ता पत्नी श्री सुरेश नायर एवं श्रीमती स्मिता गुप्ता पुत्री श्री रमेश चन्द गुप्ता पत्नी श्री आशु गुप्ता ने जरिये रजिस्टर्ड हकत्याग दिनांक 05.08.2025 भूखण्ड संख्या एफ 1 क्षेत्रफल 384.90 में अपने-अपने हिस्से का हकत्याग श्री पीयूष गुप्ता पुत्र श्री रमेश चन्द गुप्ता के पक्ष में सम्पादित किया गया। आवेदक के द्वारा आवेदन के साथ प्रस्तुत किये गये अन्य दस्तावेजों की छायाप्रति के आधार पर भूखण्ड सं. एफ 1 योजना मधुबन कॉलोनी सोसायटी बजाज नगर निर्माण सहकारी समिति जयपुर द्वारा श्री पीयूष गुप्ता पुत्र श्री रमेश चन्द गुप्ता के पक्ष में किया जाना है। इस नाम हस्तानान्तरण बाबत किसी भी व्यक्ति संस्था, फर्म, कम्पनी को किसी प्रकार की काई आपत्ति हो तो 07 दिवस में अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय (उपायुक्त, मालवीय नगर जोन नगर निगम जयपुर) में प्रस्तुत करें, अन्यथा निर्धारित समयावधि की समाप्ति के बाद, नियमानुसार नाम हस्तानान्तरण की कार्यवाही सम्पादित कर दी जावेगी।

उपायुक्त
मालवीय नगर जोन
नगर निगम जयपुर

### जयपुर विकास प्राधिकरण, जयपुर
रामकिशोर व्यास भवन, इन्दिरा सर्किल, जवाहर लाल नेहरू मार्ग, जयपुर-302004
क्रमांकः F-JDA/Zone 09/2025/D-115
**आम सूचनाः-** आवेदक द्वारा ऑनलाईन आवेदन क्रमांक 248689 दिनांक 11/09/2025 को निम्नांकित भूखण्ड का Issue Free Hold E-Patta in lieu of already issued Patta (Lease Deed) | Original Lease Deed (Patta) जारी करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किये गये है

| क्र.सं. | आवेदक का नाम | मूल आवंटी/ लीजधारक का नाम | भूखण्ड संख्या | भूखण्ड क्षेत्रफल | गृ.नि.स.स. निजी खातेदारी/ जविप्रा योजना | योजना का नाम | सेवा जिसके लिए आवेदन किया गया | कार्यवाही हेतु प्रस्तुत दस्तावेज |
| --- | --- | --- | --- | --- | --- | --- | --- | --- |
| 1 | Kunal Meena S/o R.P. Meena | श्रीमती विधा देवी पत्नी श्री गोरी शंकर शर्मा | 115 | 150.00 Sq. Yard | Private | Shwet Nagar Sector/ Block- | Issue Free Hold E-Patta in lieu of already issued Patta (Lease Deed) \| Original Lease Deed (Patta) | निजी खातेदारी योजना श्वेत नगर महल के भूखण्ड संख्या 115 क्षेत्रफल 150 व.ग. की लीज डीड दिनांक 17.01.2011 को श्रीमती विधा देवी पत्नी श्री गोरी शंकर शर्मा के पक्ष में जारी की गई है। तत्पश्चात उक्त भूखण्ड का बेचान श्रीमती विद्या देवी द्वारा श्रीमती कमला शर्मा पत्नी श्री दामोदर प्रसाद को जरिये रजिस्टर्ड विक्रय पत्र |

दिनांक 21.12.2011 के द्वारा विक्रय किया गया है। तत्पश्चात श्रीमती विदया देवी द्वारा मीणा श्री रामफूल मीणा पुत्र स्व. श्री भौरी लाल मीणा को जरिए रजिस्टर्ड विक्रय पत्र दिनांक 25.11.2013 के द्वारा विक्रय किया गया है। श्री रामफूल मीणा पुत्र श्री भौरी लाल की मृत्यु दिनांक 07.08.2022 एवं श्रीमती कलावती मीणा पत्नी श्री गैंदी बाई की मृत्यु दिनांक 01.01.2013 को हो चुकी है।

उक्त भूखण्ड का आवेदक के पक्ष में Issue Free Hold E-Patta in lieu of already issued Patta (Lease Deed) | Original Lease Deed (Patta) जारी करने पर किसी व्यक्ति, वारिस एवं संस्था को आपत्ति हो तो मय साक्ष्य के इस सूचना की प्रकाशन तिथि से 7 दिवस के भीतर jda.rajasthan.gov.in पर जाकर Objection module के माध्यम से आपत्ति online सबमिट करें, अन्यथा आपत्ति प्रस्तुत नहीं करने की दशा में उक्त भूखण्ड की नियमानुसार कार्यवाही कर दी जावेगी।

### जयपुर विकास प्राधिकरण, जयपुर
रामकिशोर व्यास भवन, इन्दिरा सर्किल, जवाहर लाल नेहरू मार्ग, जयपुर-302004
क्रमांकः F-JDA/Zone 09/2025/D-112
**आम सूचनाः-** आवेदक द्वारा ऑनलाईन आवेदन क्रमांक 248722 दिनांक 11/09/2025 को निम्नांकित भूखण्ड का Issue Free Hold E-Patta in lieu of already issued Patta (Lease Deed) | Original Lease Deed (Patta) जारी करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किये गये है

| क्र.सं. | आवेदक का नाम | मूल आवंटी/ लीजधारक का नाम | भूखण्ड संख्या | भूखण्ड क्षेत्रफल | गृ.नि.स.स. निजी खातेदारी/ जविप्रा योजना | योजना का नाम | सेवा जिसके लिए आवेदन किया गया | कार्यवाही हेतु प्रस्तुत दस्तावेज |
| --- | --- | --- | --- | --- | --- | --- | --- | --- |
| 1 | Kunal Meena S/o R.P. Meena | श्रीमती अर्चना सिंधवी पुत्र श्री रजनीश सिंधवी | 109 | 194.62 Sq. Yard | Private | Shree Ram Vihar Sector/ Block-A | Issue Free Hold E-Patta in lieu of already issued Patta (Lease Deed) \| Original Lease Deed (Patta) | निजी खातेदारी योजना श्री राम विहार ए श्रीकिशनपुरा के भूखण्ड संख्या 109 क्षेत्रफल 194.62 व.ग. की लीज डीड दिनांक 26.10.2009 को श्रीमती अर्चना सिंधवी पुत्र श्री रजनीश सिंधवी को जारी किया गया है। उक्त भूखण्ड को बेचान श्रीमती अर्चना सिंधवी द्वारा श्रीमती मधु देवी पत्नी स्व. श्री लीलाराम कीर्तानी को जरिये रजिस्टर्ड विक्रय पत्र |

दिनांक 25.07.2012 को गया उक्त भूखण्ड को बेचान श्रीमती मधु देवी द्वारा श्री रामफूल मीणा पुत्र श्री भौरी लाल मीणा को जरिये रजिस्टर्ड विक्रय पत्र दिनांक 17.05.2013 को विक्रय किया गया। है। अपलोड मृत्यु प्रमाण-पत्र अनुसार श्री रामफूल मीणा पुत्र श्री भौरी लाल मीणा की मृत्यु दिनांक 07.08.2022 एवं श्रीमती कलावती मीणा पत्नी श्री आर.पी. मीणा की मृत्यु दिनांक 01.01.2013 को हो चुकी है एवं शपथ पत्र अनुसार कुनाल मीणा पुत्र श्री आर.पी. मीणा को एकमात्र वारिसान बताया गया है।

उक्त भूखण्ड का आवेदक के पक्ष में Issue Free Hold E-Patta in lieu of already issued Patta (Lease Deed) | Original Lease Deed (Patta) जारी करने पर किसी व्यक्ति, वारिस एवं संस्था को आपत्ति हो तो मय साक्ष्य के इस सूचना की प्रकाशन तिथि से 7 दिवस के भीतर jda.rajasthan.gov.in पर जाकर Objection module के माध्यम से आपत्ति online सबमिट करें, अन्यथा आपत्ति प्रस्तुत नहीं करने की दशा में उक्त भूखण्ड की नियमानुसार कार्यवाही कर दी जावेगी।

### जयपुर विकास प्राधिकरण, जयपुर
रामकिशोर व्यास भवन, इन्दिरा सर्किल, जवाहर लाल नेहरू मार्ग, जयपुर-302004
क्रमांकः F-JDA/Zone 09/2025/D-114
**आम सूचनाः-** आवेदक द्वारा ऑनलाईन आवेदन क्रमांक 269220 दिनांक 28/11/2025 को निम्नांकित भूखण्ड का Issue Free Hold E-Patta in lieu of already issued Patta (Lease Deed) | Original Lease Deed (Patta) जारी करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किये गये है

| क्र.सं. | आवेदक का नाम | मूल आवंटी/ लीजधारक का नाम | भूखण्ड संख्या | भूखण्ड क्षेत्रफल | गृ.नि.स.स. निजी खातेदारी/ जविप्रा योजना | योजना का नाम | सेवा जिसके लिए आवेदन किया गया | कार्यवाही हेतु प्रस्तुत दस्तावेज |
| --- | --- | --- | --- | --- | --- | --- | --- | --- |
| 1 | Gajendra Singh S/o Gulab Singh | लोकचंद शर्मा पुत्र ओंकार मल शर्मा | 12 | 200.00 Sq. Yard | Cooperative | Ashok Vatika Sector/ Block- | Issue Free Hold E-Patta in lieu of already issued Patta (Lease Deed) \| Original Lease Deed (Patta) | हथरोई गढ़ी गृह निर्माण सहकारी समिति की योजना अशोक वाटिका के भूखण्ड संख्या 12 क्षेत्रफल 200 व.ग. की लीजडीड दिनांक 18.08.2007 को लोकचन्द शर्मा पुत्र ओंकार मल शर्मा के नाम से जारी किया गया है। तत्पश्चात् उक्त भूखण्ड का बेचान जरिये रजिस्टर्ड विक्रय पत्र दिनांक 19.06.2008 को लोकचन्द शर्मा पुत्र ओंकार मल शर्मा द्वारा रतन सिंह पुत्र गोपाल सिंह को कर दिया गया। तत्पश्चात् उक्त भूखण्ड का बेचान जरिये रजिस्टर्ड विक्रय पत्र दिनांक 21.07.2011 को रतन सिंह पुत्र |

गोपाल सिंह द्वारा अमित खण्डेलवाल पुत्र श्री राजकुमार खण्डेलवाल को कर दिया गया। तत्पश्चात् उक्त भूखण्ड का बेचान जरिये रजिस्टर्ड विक्रय पत्र दिनांक 26.09.2013 को अमित खण्डेलवाल पुत्र श्री राजकुमार खण्डेलवाल द्वारा गजेन्द्र सिंह पुत्र गुलाब सिंह को कर दिया गया। आवेदक द्वारा लीजहोल्ड से फ्रीहोल्ड हेतु आवेदन किया गया है। प्रश्नगत भूखण्ड का एक से अधिक बार बेचान किये जाने पर विज्ञप्ति जारी करवाया जाना उचित होगा।

उक्त भूखण्ड का आवेदक के पक्ष में Issue Free Hold E-Patta in lieu of already issued Patta (Lease Deed) | Original Lease Deed (Patta) जारी करने पर किसी व्यक्ति, वारिस एवं संस्था को आपत्ति हो तो मय साक्ष्य के इस सूचना की प्रकाशन तिथि से 7 दिवस के भीतर jda.rajasthan.gov.in पर जाकर Objection module के माध्यम से आपत्ति online सबमिट करें, अन्यथा आपत्ति प्रस्तुत नहीं करने की दशा में उक्त भूखण्ड की नियमानुसार कार्यवाही कर दी जावेगी।

### कार्यालय उप आवासन आयुक्त, वृत्त द्वितीय
राजस्थान आवासन मण्डल, अग्रवाल फार्म, मानसरोवर,जयपुर
Email Id: dhcjpr2.rhn@rajasthan.gov.in, phone No.0141-2782772
क्रमांकः- DHC-ll/1593 | दिनांकः- 12/12/25

**जाहिर आम सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि राजस्थान आवासन द्वारा **आवास संख्या 67/23,** मानसरोवर, जयपुर, **क्षेत्रफल 162.00** वर्ग मीटर/ वर्ग गज का आवंटन **श्रीमती पुष्पा चतुर्वेदी पत्नी स्व. श्री दिनेश चन्द चतुर्वेदी** को किया गया था। जिसका आवंटन पत्र क्रमांक 1647 दिनांक 30.03.1988 को जारी किया गया। इनके द्वारा उक्त आवास का भौतिक कब्जा दिनांक 09.05.1988 को प्राप्त कर लिया गया था। राजस्थान आवासन मण्डल के पत्र क्रमांक 6172 दिनांक 30.03.1999 के द्वारा **श्रीमती पुष्पा चतुर्वेदी पत्नी स्व. श्री दिनेश चन्द चतुर्वेदी** के नाम अदेय प्रमाण पत्र जारी कर दिया गया। इनके द्वारा अपने स्वयं के पक्ष में उक्त आवास के पंजीयन प्रपत्रों का निष्पादन कार्यालय उप पंजीयक, जयपुर में दिनांक 31.03.1999 को करवा लिया गया। तत्पश्चात राजस्थान आवासन मण्डल के पत्र क्रमांक 478 दिनांक 14.05.2013 के द्वारा **श्री संजीव चतुर्वेदी पुत्र स्व. श्री दिनेश चन्द चतुर्वेदी** के नाम मृत्यु पश्चात हस्तान्तरण कर दिया गया। इसके पश्चात **श्री संजीव चतुर्वेदी** की मृत्यु दिनांक 15.04.2023 को हो जाने के कारण इनकी पत्नी **श्रीमती नूपूर चतुर्वेदी पत्नी स्व. श्री संजीव चतुर्वेदी** ने मृत्यु पश्चात् नाम हस्तान्तरण सम्बन्धी प्रपत्र एवं पंजीकृत हकत्याग प्रपत्र प्रस्तुत कर उक्त आवास को अपने नाम हस्तान्तरण हेतु निवेदन किया है।

अतः उक्त आवास के हस्तान्तरण के संबंध में किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन के **7 दिवस** में व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर देवें, अन्यथा उक्त अवधि में कोई आपत्ति प्राप्त नहीं होने पर उक्त वर्णित व्यक्ति/आवेदक **श्रीमती नूपूर चतुर्वेदी पत्नी स्व.श्री संजीव चतुर्वेदी** के पक्ष में उक्त आवास के हस्तान्तरण की कार्यवाही कर दी जावेगी।

उक्त जाहिर आम सूचना उप आवसन आयुक्त महोदय से अनुमोदित है।

सम्पदा प्रबन्धक,
वृत्त द्वितीय, जयपुर

### आम सूचना
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि फ्लैट नं. 2/347, जवाहर नगर जयपुर का आवंटन-पत्र क्रमांक 10582 दिनांक 10.12.1980 जो कि राजस्थान हाउसिंग बोर्ड द्वारा श्री गोकुल चंद पुत्र श्री लेखूमल के नाम से जारी किया गया था, वो कहीं खो गया था जिसकी पुलिस कम्पलेंट बाबत गुमशुदगी राजस्थान पुलिस पर ऑनलाइन रिपोर्ट संख्या 2986380/2025 दिनांक 12.12.2025 को कराई गई थी। उक्त आम सूचना इस प्लॉट पर एसबीबाई बैंक से ऋण प्राप्त किये जाने हेतु प्रकाशित की जा रही है। किसी को आपत्ति हो तो मुझसे 7 दिन में सम्पर्क करें। बाद मियाद आपत्ति स्वीकार नहीं होगी।

दिनांकः 12.12.2025, जयपुर।
राजीव सिंहल (एडवोकेट)
9782793001

### जयपुर विकास प्राधिकरण, जयपुर
क्रमांक:F-JDA/Zone 08/2025/D-60 — **आम सूचना**
आवेदक द्वारा ऑनलाईन आवेदन क्रमांक 269422 दिनांक 01/12/2025 को निम्नांकित भूखण्ड का Name Transfer जारी करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किये गये है

| क्र. सं. | आवेदक का नाम | मूल आवंटी /लीजधारक का नाम | भूखण्ड संख्या | भूखण्ड क्षेत्रफल | गृ.नि.स. सं./निजी खातेदारी /जविप्रा योजना | योजना का नाम | सेवा जिसके लिए आवेदन किया गया | कार्यवाही हेतु प्रस्तुत दस्तावेज |
| --- | --- | --- | --- | --- | --- | --- | --- | --- |
| 1. | Ankur Agrawal S/o Rajkumar Agrawal | श्री नरेश कुमार तोलानी पुत्र श्री जानकी प्रसाद तोलानी | 55 | 83.60 Sq. meter | Private | Aanandam Sector/ Block- | Name Transfer | आवेदक श्री अंकुर अग्रवाल पुत्र श्री राजकुमार अग्रवाल द्वारा निजी खातेदारी |

की योजना आनन्दम के आवंटित भूखण्ड संख्या 55 क्षेत्रफल 83.60 व.मी. [illegible] दिनांक 02.10.2021 के द्वारा श्री नरेश कुमार तोलानी पुत्र श्री जानकी प्रसाद तोलानी [illegible] 08.10.2022 के द्वारा श्री सुरेश जाट पुत्र श्री [illegible] 29.09.2025 के द्वारा श्री अंकुर अग्रवाल पुत्र श्री राजकुमार अग्रवाल को विक्रय किया गया है।

उक्त भूखण्ड का आवेदक के पक्ष में Name Transfer जारी करने पर किसी व्यक्ति, वारिस एवं संस्था को आपत्ति हो तो मय साक्ष्य के इस सूचना की प्रकाशन तिथि से 7 दिवस के भीतर jda.rajasthan.gov.in पर जाकर Objection module के माध्यम से आपत्ति online सबमिट करें, अन्यथा आपत्ति प्रस्तुत नहीं करने की दशा में उक्त भूखण्ड की नियमानुसार कार्यवाही कर दी जावेगी।

### आम सूचना जयपुर विकास प्राधिकरण, जयपुर
क्रमांक : F-JDA/Zone 09/2025/D-99 | दिनांक : 08.12.2025
आवेदक द्वारा ऑनलाईन आवेदन क्रमांक 261271 दिनांक 12.10.2025 को निम्नांकित भूखण्ड का NAME TRANSFER जारी करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किये गये है :-

| क्र. सं. | आवेदक का नाम | मूल आवंटी/ लीजधारक का नाम | भूखण्ड संख्या | भूखण्ड क्षेत्रफल | गृ.नि.स.स./ निजी खातेदारी/ जविप्रा योजना | योजना का नाम | सेवा जिसके लिए आवेदन किया गया |
| --- | --- | --- | --- | --- | --- | --- | --- |
| 1 | Ravindra Sharma S/o Brahmanand Sharma | चौथ मल | 241A पूर्वी भाग | 71.09 SQ. YARD | Cooperative | LAJPAT NAGAR Sector / Block - | Name Transfer |

शिव शंकर गृह निर्माण सहकारी समिति की योजना लाजपत नगर के भूखण्उ संख्या 241ए पूर्वी भाग क्षेत्रफल 71.09 वर्ग गज का उपविभाजन/नाम हस्तांतरण पत्र क्रमांक डी-6644 दिनांक 29.11.2022 को श्रीमती अन्जु गक्खड पत्नी श्री ओमप्रकाश गक्खड के नाम से जारी किया गया। तत्पश्चात श्रीमती अन्जु गक्खड द्वारा उपविभाजित भूखण्ड संख्या 241ए पूर्वी भाग क्षेत्रफल 71.09 वर्ग गज का बेचान जरिये रजिस्टर्ड विक्रय पत्र दिनांक 20.12.2023 के द्वारा श्री अशोक कुमार मूलचन्दानी पुत्र श्री मेघराज मूलचन्दानी को कर दिया गया। तत्पश्चात श्री अशोक कुमार मूलचन्दानी द्वारा उपविभाजित भूखण्ड संख्या 241ए पूर्वी भाग क्षेत्रफल 71.09 वर्ग गज का बेचान जरिये रजिस्टर्ड विक्रय पत्र दिनांक 16.06.2025 के द्वारा श्री रविन्द्र नाथ शर्मा पुत्र श्री ब्रह्मानन्द को कर दिया गया। आवेदक द्वारा उक्त भूखण्ड का नाम हस्तान्तरण हेतु आवेदन किया गया है।

उक्त भूखण्ड का आवेदक के पक्ष में NAME TRANSFER जारी करने पर किसी व्यक्ति, वारिस एवं संस्था को आपत्ति हो तो मय साक्ष्य के इस सूचना की प्रकाशन तिथि से 7 दिवस के भीतर jda.rajasthan.gov.in पर जाकर Objection Module के माध्यम से आपत्ति Online सबमिट करें, अन्यथा आपत्ति प्रस्तुत नहीं करने की दशा में उक्त भूखण्ड की नियमानुसार कार्यवाही कर दी जावेगी।

उपायुक्त, जोन-09

### राजस्थान उप आवासन आयुक्त, वृत - द्वितीय
राजस्थान आवासन मण्डल, अग्रवाल फार्म, मानसरोवर, जयपुर
**आम जाहिर सूचना** क्र:-DHC-H/1592 दिनांक 12.12.25

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि राजस्थान आवासन मण्डल द्वारा 15 प्रतिशत आवासीय भूखण्ड संख्या 25/ 95-ए, ( 2 -आर-6 ), मानसरोवर, जयपुर, क्षेत्रफल 162.00 वर्ग मीटर / वर्ग गज का आवंटन श्री महादेव एवं श्री बरदीचन्द पुत्रान श्री धारिया को किया गया था। जिसका आवंटन पत्र क्रमांक 10803 दिनांक 29.11. 2013 को जारी किया गया। इनके द्वारा उक्त भूखण्ड का भौतिक कब्जा दिनांक 02.12.2013 को प्राप्त कर लिया गया था। इनके द्वारा अपने स्वयं के पक्ष में उक्त भूखण्ड के पंजीयन प्रपत्रों का निष्पादन कार्यालय उप पंजीयक, जयपुर में दिनांक 02.12.2013 को करवाया गया। तत्पश्चात श्री महादेव एवं श्री बरदीचन्द द्वारा श्री कान्ती लाल सेठ पुत्र श्री माणक चन्द सेठ को मुख्त्यारनामा आम धारक नियुक्त कर दिया गया। इनके द्वारा अपने स्वयं के पक्ष में उक्त भूखण्ड के मुख्त्यारनामा आम प्रपत्रों का निष्पादन कार्यालय उप पंजीयक, जयपुर में दिनांक 04.12.2013 को करवाया गया। मुख्त्यारनामा आम धारक श्री कान्ती लाल सेठ पुत्र श्री माणक चन्द सेठ के द्वारा उक्त भूखण्ड का बेचान जरिये विक्रय पत्र के श्री शिवम सक्सेना पुत्र श्री कमल प्रकाश सक्सेना को कर दिया गया। इनके द्वारा उक्त भूखण्ड के विक्रय प्रपत्रों का निष्पादन कार्यालय उप पंजीयक, जयपुर में दिनांक 22.04.2015 को करवाया गया। श्री शिवम सक्सेना पुत्र श्री कमल प्रकाश सक्सेना के द्वारा उक्त भूखण्ड का बेचान जरिये विक्रय पत्र के श्री ललित मोहन सोनी पुत्र श्री बृजमोहन सोनी को कर दिया गया। इनके द्वारा उक्त भूखण्ड के विक्रय प्रपत्रों का निष्पादन कार्यालय उप पंजीयक, जयपुर में दिनांक 24.02.2023 को करवाया गया। श्री ललित मोहन सोनी पुत्र श्री बृजमोहन सोनी के द्वारा मण्डल अभिलेख में उक्त भूखण्ड की लीजडीड अपने पक्ष में हस्तान्तरण करवाने हेतु आवेदन पत्र के साथ वैधानिक/ वांछित दस्तावेज प्रस्तुत किये है। अतः उक्त भूखण्ड के हस्तान्तरण के संबंध में किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन के 7 दिवस में व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर देवें, अन्यथा उक्त अवधि में कोई आपत्ति प्राप्त नहीं होने पर उक्त वर्णित व्यक्ति /आवेदक श्री ललित मोहन सोनी पुत्र श्री बृजमोहन सोनी के पक्ष में उक्तभूखण्ड के हस्तान्तरण की कार्यवाही कर दी जावेगी। उक्त जाहिर आम सूचना उप आवसन आयुक्त महोदय से अनुमोदित है।

सम्पदा प्रबन्धक,वृत तृतीय, जयपुर

### खोया-पाया
पूज्य सिन्धी पंचायत मानसरोवर संस्था रजि. संख्या 360/1988-89 को सरकार द्वारा दिनांक 16/03/1990 को आवंटित 1997 वर्ग मीटर भूमि आवंटन के मूल दस्तावेज खो गए हैं जिस किसी को भी मूल दस्तावेज मिलते हैं तो वे श्री झूलेलाल मंदिर वरुण पथ मानसरोवर जयपुर में संभलाने की कृपा करें।

रवि हेमलानी
महासचिव
पूज्य सिन्धी पंचायत मानसरोवर संस्था
मो. - 98289 77794

### उत्तर मध्य रेलवे
**शुद्धि पत्र**

**निविदा संख्याः- SIG-WS-CONT-AGC-103 Dated- 27.11.2025**

**कार्य का नाम :-** उत्तर मध्य रेलवे के आगरा मण्डल के आगरा फोर्ट- बांदीकुई खंड के बीच सभी इनडोर और आउटडोर सिगनलिंग और दूरसंचार कार्य सहित दोहरीकरण कार्य के संबंध में इकरान और श्री घासीनगर में नए इलैक्ट्रॉनिक इन्टरलॉकिंग का डिजाइन निर्माण आपूर्ति स्थापना परीक्षण और कमीशनिंग और अन्य विविध कार्य।

ई-निविदा सूचना संख्या **SIG-WS-CONT-AGC-103 Dated:- 27.11.2025** में ऑनलाइन निविदा खुलने के समय में निम्नलिखित संशोधन किया जाता है :-

**मदः** निविदा बन्द होने का समय एवं दिनांक।
**टेण्डर खुलने की वर्तमान तिथि : 19.12.2025 15.00 बजे से पहले तक**
**टेण्डर खुलने की संशोधित तिथि : 26.12.2025 15.00 बजे से पहले तक**
निविदा की अन्य शर्तें पूर्ववत रहेंगी। **2297/25(DG)**

North central railways @CPRONCR www.ncr.indianrailways.gov.in

### उत्तर पश्चिम रेलवे
**ई–निविदा आमंत्रण सूचना**

पत्र सं-WB-74-W-O/Works/NIT/X दिनांकः 11.12.2025 मंडल रेल प्रबन्धक, इंजीनियरिंग, उत्तर पश्चिम रेलवे, जोधपुर द्वारा भारत के राष्ट्रपति के लिये एवम उनकी ओर से ई–निविदा के माध्यम से प्रचलित नियमो के अन्तर्गत निर्धारित प्रपत्रो में निविदा निम्न कार्यों के लिए क्रमानुसार आमंत्रित की जाती है– **ई–निविदा सूचना सं. 2025–26** : 143OF2025-26 **कार्य का नाम व स्थान** : Improvement of staff quarters in D.S. Colony, Medical colony in the section of ADEN/HQ/JU. **अनुमानित लागत रूपये** : 26818915.42 **बयाने की राशि रूपये** : 284100.00 **ई–निविदा सूचना सं. 2025–26** : 144of2025-26 **कार्य का नाम व स्थान** : Improvement to staff quarters in Old Loco Colony, BGKT colony in the section of ADEN/HQ/JU. **अनुमानित लागत रूपये** : 26749650.12 **बयाने की राशि रूपये** : 283800.00 **ई–निविदा सूचना सं. 2025–26** : 145OF2025-26 **कार्य का नाम व स्थान** : Construction of New staff Quarters in D.S. colony and Old loco colony under ADEN/HQ. **अनुमानित लागत रूपये** : 43698692.57 **बयाने की राशि रूपये** : 368500.00 **ई–निविदा सूचना सं. 2025–26** : 146OF2025-26 **कार्य का नाम व स्थान** : Provision of S&T Rooms for Eloctronic interlocking at PLCJ station in RKB-JSM Section. **अनुमानित लागत रूपये** : 5632535.17 **बयाने की राशि रूपये** : 112700.00 **ई–निविदा सूचना सं. 2025–26** : 147OF2025-26 **कार्य का नाम व स्थान** : Construction of Road under Bridge subway (1x6.0x4.0 m) in lieu of manned LC No. 96 (Km 446/4-5), LC No. 99 (Km 450/7-8) & LC No. 112 (Km 463/6-7) on RTGH-DNA Section. **अनुमानित लागत रूपये** : 104025360.37 **बयाने की राशि रूपये** : 670100.00 **ई–निविदा सूचना सं. 2025–26** : 148OF2025-26 **कार्य का नाम व स्थान** : Construction of Road under Bridge subway in lieu of manned LC No. 113 (Km 464/5-6), LC No. 115 (Km 465/9-10) & LC No. 116 (Km 466/3-4) on RTGH-DNA Section. **अनुमानित लागत रूपये** : 103471337.01 **बयाने की राशि रूपये** : 667400.00 निविदा सूचना सं. 143OF2025-26, 144of2025-26, 145OF2025-26, 146OF2025-26, 147OF2025-26 & 148OF2025-26 निविदा प्रस्तुत करने की तिथि 25.12.2025, 26.12.2025, 01.01.2026, 02.01.2026, 02.01.2026 & 05.01.2026 को 15.00 बजे तक) वेबसाइट का विवरण जहाँ पर ई–निविदा देखी व भरी जा सकती है – **www.ireps.gov.in** **1602-CR/25**

हमें /NWRailways NWRailways_ पर फॉलो करें

### जयपुर विकास प्राधिकरण, जयपुर
रामकिशोर व्यास भवन, इन्दिरा सर्किल, जवाहर लाल नेहरू मार्ग, जयपुर-302004
क्रमांकः F-JDA/Zone 06/2025/D-54
**आम सूचना :** आवेदक द्वारा ऑनलाईन आवेदन क्रमांक 252817 दिनांक 19/09/2025 को निम्नांकित भूखण्ड का Issue of [Lease/Free Hold] (E-Patta) जारी करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किये गये है।

| क्र. सं. | आवेदक का नाम | मूल आवंटी/ लीजधारक का नाम | भूखण्ड संख्या | भूखण्ड क्षेत्रफल | गृ.नि.स.स./ निजी खातेदारी/ जविप्रा योजना | योजना का नाम | सेवा जिसके लिए आवेदन किया गया | कार्यवाही हेतु प्रस्तुत दस्तावेज |
| --- | --- | --- | --- | --- | --- | --- | --- | --- |
| 1 | Raj Kanwar W/o Balram singh | श्रीमती अनिता जांगिड़ पत्नी पवन जांगिड़ | 28 | 183.30 SQ Yard, | Cooperative | Green Park-D-1 Sector/ Block- | Issue of [Lease/Free Hold] (E-Patta) | आवेदन पत्र, गृह निर्माण सहकारी समिति से जारी आवंटन पत्र, साईट प्लान, पंजीकृत विक्रय पत्र व मय दस्तावेजात। |

उक्त भूखण्ड का आवेदक के पक्ष में Issue of [Lease/Free Hold] (E-Patta) जारी करने पर किसी व्यक्ति, वारिस एवं संस्था को आपत्ति हो तो मय साक्ष्य के इस सूचना की प्रकाशन तिथि से 7 दिवस के भीतर jda.rajasthan.gov.in पर जाकर Objection module के माध्यम से आपत्ति online सबमिट करें, अन्यथा आपत्ति प्रस्तुत नहीं करने की दशा में उक्त भूखण्ड की नियमानुसार कार्यवाही कर दी जावेगी।

### आम सूचना जयपुर विकास प्राधिकरण, जयपुर
क्रमांक:F-JDA/PRN-South-1/2025/D-15
आवेदक द्वारा ऑनलाईन आवेदन क्रमांक 260042 दिनांक 08/10/2025 को निम्नांकित भूखण्ड का Issue of [Lease/Free Hold] Deed(E-Patta) जारी करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किये गये है

| क्र. स. | आवेदक का नाम | मूल आवंटी/ लीजधारक का नाम | भूखण्ड संख्या | भूखण्ड क्षेत्रफल | गृ.नि.स.स./ निजी खातेदारी/ जविप्रा योजना | योजना का नाम | सेवा जिसके लिए आवेदन किया गया | कार्यवाही हेतु प्रस्तुत दस्तावेज |
| --- | --- | --- | --- | --- | --- | --- | --- | --- |
| 1 | Manohar Thory W/o Gordhan Ram Thory | श्रीमती मनोहर थौरी पत्नी श्री गोरधन राम थौरी | 54 | 201.10 Sq. yard | Co-operative | Dr. Rajendra Prasad Nagar kasra No 135 - PRN Sector/Block | Issue of [Lease/ Free Hold] Deed (E-Patta) | आवंटन पत्र, साईट प्लान, रसीद, वाद विवाद शपथ, क्षतिपूर्ति शपथ आदि। |

उक्त भूखण्ड का आवेदक के पक्ष में Issue of [Lease / Free Hold] Deed (E-Patta) जारी करने पर किसी व्यक्ति, वारिस एवं संस्था को आपत्ति हो तो मय साक्ष्य के इस सूचना की प्रकाशन तिथि से 7 दिवस के भीतर jda.rajasthan.gov.in पर जाकर Objection module के माध्यम से आपत्ति online सबमिट करें, अन्यथा आपत्ति प्रस्तुत नहीं करने की दशा में उक्त भूखण्ड की नियमानुसार कार्यवाही कर दी जावेगी।

### कार्यालय कृषि उपज मंडी समिति, चाकसू (जयपुर)
Email:- kums.chaksu@rajasthan.gov.in
क्रमाकः–प.1(12)कृउमस–चाकसू/आवंटन/रिक्त दुकान–भूखण्ड/00086/19200971 | दिनाक :– 04.12.2025

**शुद्धिपत्र आवंटन – विज्ञप्ति**

कृषि उपज मण्डी समिति, चाकसू के **आवंटन – विज्ञप्ति** क्रमांक 19200971 दिनांक 04.12.2025 द्वारा प्रदर्शित आवंटन – विज्ञप्ति जो त्रुटिवश कृषि उपज मण्डी समिति, चाकसू के स्थान पर कार्यालय कृषि उपज मण्डी समिति, टोंक (राज.) प्रदर्शित हो गया है। अतः **शुद्धिपत्र आदेशानुसार उक्त कृषि उपज मण्डी समिति, टोंक (राज.) के स्थान पर कृषि उपज मण्डी समिति, चाकसू पढ़ा** जावें।

राज.संवाद/सी/25/15748 — प्रशासक — सचिव

### RAJASTHAN STATE ROAD TRANSPORT CORPORATION
OFFICE OF THE GENERAL MANAGER (S/ P) JHOTWARA ROAD, JAIPUR

**Tender Inviting Bid**

TENDER VALUE ABOVE ONE CRORE

**NIT - 09** - Bid for the purchase of Automotive Battery and Radiator Assy. Tata/Leyland are invited from interested bidder up to (Time) 18.00 PM date 01.01.2026 other particulars of the bid may be visited on the procurement portal **https://eproc.rajasthan.gov.in, https://sppp.raj.nic.in** of the state; and **https://transport.rajasthan.gov.in.**

Closing Date: - 01.01.2026
Opening date:- 02.01.2026
**UBN No. RTC2526GLOB00629, 630**

राज.संवाद/सी/25/15669 — विज्ञापन संख्या 297/2025-26 — General Manager (S/P)

### सूचना
**जीआरडी ट्रक्स प्राइवेट लिमिटेड के मामले में (लिक्विडेशन के तहत)**
(सीनः U50100RJ2012PTC072555)

दिवाला एवं शोधन अक्षमता संहिता 2016 (कोड) के तहत आसानी से प्राप्त न होने वाली संपत्तियों (एनआरआरए) के हस्तांतरण या असाइनमेंट के लिए रुचि की अभिव्यक्ति आमंत्रित करने के लिए, दिवाला एवं शोधन अक्षमता बोर्ड ऑफ इंडिया (लिक्विडेशन प्रोसेस) विनियम 2016 के विनियम 37ए के साथ पठित

माननीय नेशनल कंपनी लॉ ट्रिब्यूनल, जयपुर द्वारा 12.10.2023 के आदेश के तहत नियुक्त किए गए नीचे हस्ताक्षरकर्ता द्वारा आम जनता को यह सूचना दी जाती है कि **मैसर्स जीआरडी ट्रक्स प्राइवेट लिमिटेड (लिक्विडेशन में) ("कॉर्पोरेट देनदार") की नीचे बताई गई "आसानी से प्राप्त न होने वाली संपत्तियां" ("एनआरआरए")** इच्छुक पार्टियों / ट्रांसफरी या असाइनी को दिवाला एवं शोधन अक्षमता संहिता 2016 (कोड) के प्रावधानों के तहत, इंसॉल्वेंसी एंड बैंकरप्सी बोर्ड ऑफ इंडिया (लिक्विडेशन प्रोसेस) रेगुलेशन 2016 के रेगुलेशन 37ए के साथ, **"जैसा है जहाँ है", "जो कुछ भी है" और "बिना किसी सहारे"** के आधार पर पेश की जा रही हैं।

| आस्तियों का प्रकार | आस्तियों का विवरण |
| --- | --- |
| उपलब्ध रिकॉर्ड के अनुसार PUFE ट्रांजेक्शन और प्राप्तियों के तहत सभी अधिकार | आईए संख्या 270/जेपीआर/2023 के संदर्भ में, दिवाला और शोधन अक्षमता संहिता, 2016 की धारा 66 और 67 के तहत दायर आवेदन, माननीय एनसीएलटी, जयपुर पीठ के समक्ष लंबित है |

इच्छुक पार्टियां कॉन्फिडेंशियलिटी अंडरटेकिंग जमा करने के बाद ज्यादा जानकारी या विवरण के लिए परिसमापक को cirp.grd@gmail.com पर ईमेल भेज सकती हैं। इस काम के लिए समयसीमा इस प्रकार होगीः

| | |
| --- | --- |
| ईओआई के निमंत्रण के प्रकाशन की तिथि | 13.12.2025 |
| पात्रता दस्तावेज जमा करने की अंतिम तिथि और रुपये 1.00 लाख का ईएमडी | 20.12.2025 |
| पात्र प्रतिभागियों की घोषणा की तिथि | 22.12.2025 |
| निरीक्षण / उचित परिश्रम की अंतिम तिथि | 24.12.2025 |
| सीलबंद कवर में विस्तृत प्रस्ताव प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि | 28.12.2025 |

परिसमापक हितधारकों' परामर्श समिति ("एससीसी") के परामर्श से प्राप्त प्रस्तावों की समीक्षा पर आगे की प्रक्रिया, नियम और शर्तों आदि की सलाह देगा। परिसमापक प्राप्त सभी या किसी भी प्रस्ताव को अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित रखता है।

—एसडी—
वीके सक्सेना, परिसमापक
जीआरडी ट्रक्स प्राइवेट लिमिटेड (परिसमापन में)
डी–69, एलजीएफ, कैलाश के पूर्व, नई दिल्ली–110065
मोबाइलः 9540011155
ईमेलः cirp.grd@gmail.com

स्थानः नई दिल्ली
तिथिः 13.12.2025



# प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रजनीकांत को किया बर्थडे विश

## लंबे और स्वस्थ जीवन की कामना की

## मोहनलाल, धनुष, कमल हासन समेत कई स्टार्स ने दी बधाई

थलाइवा रजनीकांत शुक्रवार को 75 साल के हो गए। उनके जन्मदिन के खास मौके पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उन्हें शुभकामनाएं देते हुए उनकी दीर्घ आयु की कामना की है। साथ ही उन्होंने रजनीकांत के फिल्म इंडस्ट्री में 50 साल पूरे करने पर भी शुभकामना दी। उनके अलावा कमल हासन, धनुष, मोहनलाल समेत कई सेलेब्स ने उन्हें जन्मदिन पर बधाई दी है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आधिकारिक एक्स अकाउंट (पहले ट्विटर) पर लिखा, 'थिरु रजनीकांत जी को उनके 75वें जन्मदिन के खास अवसर पर हार्दिक शुभकामनाएं। उनके प्रदर्शन ने पीढ़ियों को मंत्रमुग्ध किया है और उन्हें अपार प्रशंसा दिलाई है। उनका काम विभिन्न भूमिकाओं और शैलियों में फैला है, जो हमेशा नए मानक स्थापित करता रहा है। यह साल खास है, क्योंकि उन्होंने फिल्मों की दुनिया में 50 साल पूरे किए हैं। उनके लंबे और स्वस्थ जीवन की कामना करता हूं।'

मोहनलाल ने रजनीकांत को जन्मदिन और इंडस्ट्री में 50 साल पूरे करने की शुभकामना देते हुए लिखा है, 'प्रिय रजनीकांत सर को जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं। सिनेमा में आपके 50 अद्भुत सालों का जश्न मनाते हुए, आपके मूल्यों, आपकी शक्ति और आपकी असाधारण व्यक्तित्व से कई पीढ़ियों को प्रेरित करने के लिए धन्यवाद।

ईश्वर आपको हमेशा शांति, अच्छे स्वास्थ्य और असीमित खुशियों का आशीर्वाद दें।'

कमल हासन ने रजनीकांत के साथ तस्वीर शेयर कर लिखा, '75 सालों का अद्भुत जीवन। 50 सालों का दिग्गज सिनेमा। जन्मदिन मुबारक हो, मेरे दोस्त रजनीकांत।'

रजनीकांत के पूर्व दामाद धनुष ने भी उन्हें बर्थडे विश किया है। धनुष ने सोशल मीडिया पर लिखा है, 'हैप्पी बर्थडे थलाइवा।'

रजनीकांत की बेटी ऐश्वर्या ने भी उनके लिए एक भावुक पोस्ट शेयर की है। केक कटिंग की तस्वीर के साथ ऐश्वर्या ने लिखा, 'मेरी जिंदगी, मेरे पापा, हैप्पी बर्थडे थलाइवा।'

### इन सेलेब्स ने भी दीं जन्मदिन की शुभकामनाएं

जैकी श्रॉफ, एक्टर वेंकट प्रभू, एक्टर एस.जे. सूर्या, एक्ट्रेस-पॉलिटिशियन खुशबू सुंदर सहित कई अन्य स्टार्स ने भी रजनीकांत को जन्मदिन की शुभकामनाएं प्रेषित की हैं।

# सिंगल पापा रिव्यू: हल्की कहानी में भी दम

## नेहा धूपिया और कुणाल खेमू की टक्कर

कुणाल खेमू और नेहा धूपिया की कॉमेडी वेब सीरीज सिंगल पापा शुक्रवार को रिलीज हो गई है। नेटफ्लिक्स की यह सीरीज आधुनिक परिवार और पेरेंटिंग को सरल तरीके में पेश करती है। यह कोई भारी ड्रामा नहीं है। कहानी एक साधारण आदमी की है, जो अचानक एक बड़ी जिम्मेदारी के सामने आ जाता है और धीरे धीरे खुद को बदलने की कोशिश करता है। माहौल हल्का है और भावनाओं की मौजूदगी पूरी सीरीज में बनी रहती है।




### कहानी

सिंगल पापा छह एपिसोड की ड्रामा और कॉमेडी वाली सीरीज है। इसमें कुणाल खेमू गौरव गहलोत का किरदार निभाते हैं। गौरव ऐसा व्यक्ति है, जो जिम्मेदारी से दूर भागता है। एक दिन उसे अपनी कार की पिछली सीट पर एक छोटा बच्चा मिलता है। बच्चा उसे पसंद आ जाता है और वह उसे गोद लेना चाहता है। गौरव का फैसला आसान नहीं है। परिवार इसे समझ नहीं पाता और हर कोई अपनी राय देता है। इसी दौरान गौरव को एडॉप्शन एजेंसी के नियम पूरे करने होते हैं। यहां उसकी मुलाकात मिसेज नेहरा से होती है। उनका कहना है कि एक अकेला पिता बच्चा ठीक तरह से नहीं पाल सकता और पुरुष पेरेंटिंग में कमजोर होते हैं।

गौरव धीरे धीरे सीखता है। वह बच्चे की देखभाल करता है, गलतियां करता है, थक जाता है, पर कोशिश जारी रखता है। कहानी दिखाती है कि वक्त के साथ इंसान बदल सकता है और जिम्मेदारी समझ सकता है।

सीरीज में कोई बड़ा मोड़ नहीं आता। गौरव और बच्चे का नजदीक आता रिश्ता, परिवार की प्रतिक्रियाएं और घर का बदलता माहौल बहुत साधारण तरीके से सामने आता है। इसे देखते हुए लगता है कि अच्छा माता पिता कोई भी बन सकता है, बस इरादा साफ होना चाहिए।

### एक्टिंग

कुणाल खेमू ने गौरव का किरदार सहजता से निभाया है। उनकी झिझक और मेहनत साफ दिखती है। कुछ इमोशनल सीन में उनका असर कम लगता है, लेकिन बाकी जगह वे मजबूत नजर आते हैं। नेहा धूपिया मिसेज नेहरा के रूप में सख्त और सीधे स्वभाव की दिखती हैं। उनका किरदार कहानी में जरूरी तनाव लाता है। मनोज पाहवा और आयेशा रजा मिश्रा गौरव के माता-पिता की भूमिका में स्वाभाविक लगते हैं। इनकी वजह से परिवार वाले दृश्य असली लगते हैं। प्राजक्ता कोली, अंकुर राठी, सुहैल नय्यर और ईशा तलवार सीरीज में ताजगी लाते हैं। दयानंद शेट्टी नैनी के रूप में हल्के और मनोरंजक दिखते हैं। उनकी टाइमिंग कई सीन को मजेदार बना देती है।

### लेखन और निर्देशन

सीरीज का निर्माण इशिता मोइत्रा और नीरज उद्वानी ने किया है। वही इसकी मुख्य लिखने वाली टीम भी हैं। लिखावट सरल है। डायलॉग हल्के हैं और हर सीन आसानी से समझ में आता है। निर्देशन शशांक खेतान, इशिता मोइत्रा और नीरज उद्वानी ने किया है। तीनों ने कहानी को शांत और सहज गति दी है। कई दृश्य घर जैसा माहौल बनाते हैं और सामान्य जिंदगी जैसे लगते हैं। हां, कुछ सीन पहले ही समझ में आ जाते हैं, इसलिए थोड़े लंबे महसूस होते हैं।

### कमजोरियां

सीरीज की सबसे बड़ी कमी यह है कि कहानी गहराई में नहीं जाती। गौरव के मन की उलझने, परिवार का बदलाव और पेरेंटिंग की चुनौतियां जल्दी समझ में आ जाती हैं। इनमें कुछ नया नजर नहीं आता। कई बातें अनुमानित लगती हैं, इसलिए असर कम होता है। कुछ एपिसोड मजबूत हैं, लेकिन कुछ में खास प्रगति नहीं होती। इस वजह से कहानी की गति कभी कभी धीमी लगती है। हां, यह बात अच्छी है कि सीरीज ईमानदारी से दिखाती है कि एक आदमी भी अच्छा सिंगल पापा बन सकता है, लेकिन अगर इस विचार को और विस्तार मिलता तो असर ज्यादा बढ़ सकता था।

### देखें या नहीं

सिंगल पापा एक आसान और हल्की सीरीज है। यह उन दर्शकों के लिए ठीक है, जिन्हें परिवार वाली कहानियां पसंद हैं। इसमें ना ज्यादा ड्रामा है और ना ही ज्यादा हल्कापन। कहानी एक ऐसे आदमी की यात्रा है, जो साबित करना चाहता है कि पिता भी संवेदनशील और जिम्मेदार हो सकते हैं। सरल कहानी, अच्छे कलाकार और घर जैसा माहौल इस सीरीज को देखने लायक बनाते हैं।

> नेहा धूपिया मिसेज नेहरा के रूप में सख्त और सीधे स्वभाव की दिखती हैं। उनका किरदार कहानी में जरूरी तनाव लाता है।

# 6 गल्फ कंट्री में बैन हुई रणवीर सिंह की धुरंधर



**एंटी पाकिस्तान बताते हुए स्क्रीनिंग रोकी**

रणवीर सिंह स्टारर फिल्म धुरंधर इंडियन बॉक्स ऑफिस में 200 करोड़ क्लब में शामिल हो चुकी है। फिल्म को भारत में काफी पसंद किया जा रहा है, हालांकि इस फिल्म को अब 6 गल्फ देशों में बैन कर दिया गया है। फिल्ममेकर्स की तमाम कोशिशों के बावजूद फिल्म की स्क्रीनिंग की परमिशन नहीं दी गई।

हाल ही में आई एक रिपोर्ट के अनुसार, फिल्म धुरंधर 6 गल्फ देशों बहरीन, कुवैत, ओमान, कतर, सऊदी अरब और यूएई में रिलीज नहीं होगी। इन देशों की एथॉरिटी ने इसे एंटी पाकिस्तान बताते हुए रिलीज करने से इनकार किया है।

फिल्म से जुड़े करीबी सूत्र के हवाले से रिपोर्ट में लिखा गया है, 'यह आशंका पहले से ही थी कि ऐसा हो सकता है, क्योंकि फिल्म को 'एंटी-पाकिस्तान फिल्म' माना जा रहा है। टीम ने कोशिश तो की, लेकिन किसी भी देश ने फिल्म की थीम को मंजूरी नहीं दी। इसी वजह से 'धुरंधर' किसी भी गल्फ देश में रिलीज नहीं हुई।'

### 200 करोड़ क्लब में शामिल हुई धुरंधर

फिल्म धुरंधर ने भारत में कुल 218 करोड़ रुपए का कलेक्शन कर लिया है। फिल्म क्रिटिक तरण आदर्श ने पोस्ट शेयर कर बताया है कि गुरुवार को फिल्म ने 29 करोड़ 40 लाख का कलेक्शन किया है। ये कलेक्शन फिल्म के ओपनिंग कलेक्शन (28.60 करोड़) से भी ज्यादा था।

### कुल कलेक्शन- 218 करोड़

मौजूदा कलेक्शन को देखते हुए अनुमान लगाया जा सकता है कि सेकंड वीकेंड तक फिल्म 300 करोड़ क्लब में शामिल हो सकती है। फिल्म के किरदार और गाने लगातार चर्चा में हैं। फिल्म में रहमत डकैत का किरदार निभा रहे अक्षय खन्ना का हुक स्टेप भी काफी वायरल हो रहा है। फिल्म में रणवीर सिंह ने खुफिया एजेंट का किरदार निभाया है, जो अंडरकवर होकर पाकिस्तान में मिशन पर जाते हैं। उनके साथ सारा अर्जुन लीड रोल में हैं। वहीं अक्षय खन्ना, संजय दत्त, अर्जुन रामपाल, आर.माधवन भी फिल्म में अहम किरदार निभा रहे हैं। इसे आदित्य धर ने डायरेक्ट किया है।



# 'फोर मोर शॉट्स प्लीज!' सीजन 4 का ट्रेलर रिलीज

प्राइम वीडियो की सीरीज 'फोर मोर शॉट्स प्लीज!' सीजन 4 का ट्रेलर रिलीज हो गया है। नए सीजन में चारों महिलाएं एक आखिरी बार लौटती हैं, न कि सब कुछ फिर से शुरू करने के लिए, बल्कि जो उन्होंने शुरू किया, उसे पूरा करने के लिए। ज्यादा मजबूत। ज्यादा समझदार और खुद के प्रति पूरी तरह ईमानदार।

सयानी गुप्ता, कीर्ति कुल्हारी, बानी जे और मानवी गगरू जैसे शानदार कलाकारों को मुख्य रोल में वापस लाते हुए प्रतीक स्मिता पाटिल, लिसा रे, राजीव सिद्धार्थ, अंकुर राठी और मिलिंद सोमन अपने-अपने रोल में फिर से नजर आएंगे। इस सीजन में डिनो मोरिया, अनसूया सेनगुप्ता और कुणाल रॉय कपूर की भी अहम भूमिका होगी। प्रितिश नंदी कम्युनिकेशंस द्वारा निर्मित, रंगिता प्रितिश नंदी और इशिता प्रितिश नंदी द्वारा क्रिएट की गई इस सीरीज को देविका भगत ने बनाया और लिखा है, जबकि संवाद इशिता मोइत्रा ने दिए हैं। फोर मोर शॉटस प्लीज़! के चौथे सीजन का निर्देशन अरुणिमा शर्मा और नेहा पार्टी मत्यानी ने किया है। यह सीरीज भारत समेत दुनिया के 240 से अधिक देशों और क्षेत्रों में 19 दिसंबर को केवल प्राइम वीडियो पर प्रीमियर होगी।

# तान्या मित्तल ने पहने थे किराए के कपड़े?



**डिजाइनर ने खोली पोल, कहा- ना कपड़े वापस मिले और न ही पैसे...**

बिग बॉस 19 का खुमार अब सबके दिल से भले ही उतर गया हो, लेकिन घर के अंदर हुए विवादों पर चर्चा अभी भी जारी है। गौरतलब है कि इससे पहले तान्या मित्तल के ऊपर मालती चाहर ने अमाल को लेकर आरोप लगाया था और अब बिग बॉस 19 में अपनी ग्लैमरस स्टाइल, डिजाइनर साड़ियों और आलीशान लाइफस्टाइल के चलते खूब सुर्खियां बटोरने वाली तान्या मित्तल अब एक नए विवाद में घिर गई हैं। शो की तीसरी रनर-अप रहीं तान्या पर उनकी डिजाइनर रिधिमा शर्मा ने सोशल मीडिया पर बेहद गंभीर आरोप लगाए हैं। इन आरोपों में बकाया पैसे का भुगतान न करना, महंगे आउटफिट्स वापस न लौटाना और टीम के साथ बुरा व्यवहार करना शामिल है। इतना ही नहीं, तान्या की डिजाइनर ने अपनी पोस्ट में (जो अब डिलीट कर दी गई है) बताया कि वो हमेशा से तान्या को सपोर्ट करती आई हैं और दर्शकों को भी पता था कि वो ही उन्हें स्टाइल करती थीं। रिधिमा शर्मा के मुताबिक, तान्या ने फोन पर कपड़ों की बहुत तारीफ की, लेकिन उसके बाद उनसे बात तक नहीं की। यहां तक कि डिजाइनर द्वारा भेजे गए गिफ्ट और लेटर पर भी तान्या की ओर से कोई रिप्लाई नहीं मिला।

रिधिमा शर्मा ने अपनी आपबीती शेयर करते हुए बताया कि वो कपड़ों का पोर्टर चार्ज भी खुद ही चुका रही हैं। उन्हें अब ये बताया जा रहा है कि अगर साड़ी वापस नहीं पहुंची, तो उन्हें उनका भुगतान बिल्कुल नहीं मिलेगा। इस पर उन्होंने सवाल उठाया, 'मैं इतने समय से काम कर रही हूं, तो क्या मैं बेवकूफ हूं? मेरे ब्रांड्स को भी अभी तक उनके कपड़े वापस नहीं मिले हैं और थक गई हैं, ये बहुत गलत बात है।'

तान्या की टीम पर डिजाइनर रिधिमा शर्मा ने गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि टीम की एक लड़की ने उन्हें मैसेज किया था कि अगर वो आज की साड़ी का इंतजाम नहीं कर पाईं, तो उन्हें उनकी पेमेंट रिलीज नहीं की जाएगी। डिजाइनर ने बहुत रिस्पेक्ट से तान्या की टीम से अपनी पेमेंट क्लियर करने को बोला, लेकिन इस बात पर निराशा व्यक्त की कि हर इंटरव्यू में तान्या का साथ देने के बाद भी उन्हें ऐसे बुरे सिचुएशन से गुजरना पड़ रहा है। हालांकि रिधिमा शर्मा की ये पोस्ट अब डिलीट कर दी गई है, लेकिन इसके स्क्रीनशॉट्स और वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहे हैं, जिससे ये विवाद और गहरा गया है। बिग बॉस जैसे बड़े मंच पर कंटेस्टेंट्स के स्टाइल और पहनावे पर काफी ध्यान दिया जाता है, ऐसे में तान्या पर लगे इन आरोपों ने सबको हैरान कर दिया है।



# अवसरवादी होने में कोई बुराई नहीं: नुसरत भरूचा

बॉलीवुड अभिनेत्री नुसरत भरुचा का कहना है कि अवसरवादी होने में कोई बुराई नहीं है। नुसरत भरूचा ने अपनी हॉरर फ्रेंचाइजी 'छोरी' के जरिए एक अलग पहचान बनाई है, जहां उनके अभिनय की इतनी तारीफ हुई कि इसका दूसरा भाग भी बना, जिसने एक जोखिम लेने वाली, ईमानदार और स्पष्ट विचारों वाली कलाकार के रूप में उनकी जगह और मजबूत कर दी।

हाल ही में एक कार्यक्रम के दौरान, नुसरत ने महत्वाकांक्षा, चुनावों और अक्सर गलत समझे जाने वाले शब्द 'अवसरवादी' पर खुलकर बात की। उन्होंने इस धारणा को बड़ी सच्चाई और परिपक्वता के साथ नया दृष्टिकोण दिया।

नुसरत भरूचा ने कहा, 'मैं भी एक अवसरवादी हूं। अगर मुझे कोई ऐसी फिल्म का ऑफर मिलता है, जिसे मैं सच में करना चाहती हूं, तो क्यों नहीं? जाहिर है मैं जाकर कहूंगी, 'हां, मैं यह करना चाहती हूं। हर कोई लाइन में इसलिए खड़ा होता है, क्योंकि उसे कुछ चाहिए होता है और इसमें कोई बुराई नहीं है। अवसरवादी होना गलत नहीं है,



लेकिन उस रास्ते पर चलते हुए आपके कदम जिम्मेदार होने चाहिए।

यह आप ही जानते हैं या समय के साथ सीखते हैं। मैंने अपने अनुभवों से सीखा है और अगर मेरी सोच, मेरे मूल्य और मेरी धारणाएं मुझे सही लगती हैं, तो वे मेरे लिए सही हैं।'

इंडस्ट्री में नुसरत की यात्रा उनके महत्वाकांक्षा और प्रामाणिकता के इसी संतुलन को दर्शाती है। वर्षों में, उन्होंने एक मजबूत फिल्मोग्राफी गढ़ी है, जिसमें बड़े पैमाने की फिल्मों से लेकर दमदार, प्रदर्शन-प्रधान भूमिकाएं शामिल हैं। विशेष रूप से 'प्यार का पंचनामा', 'सोनू के टीटू की स्वीटी' और 'ड्रीम गर्ल' जैसे हिट्स से लेकर 'छोरी' और 'जनहित में जारी' में उनके प्रभावशाली अभिनय तक, नुसरत ने हमेशा ऐसे किरदार चुने हैं, जो उन्हें एक कलाकार के रूप में विकसित होने का मौका देते हैं और व्यापक दर्शकों से जोड़ते हैं।


# बार्डर-2 का नया पोस्टर रिलीज

बॉलीवुड के एक्शन स्टार सनी देओल की आने वाली फिल्म बार्डर-2 का नया पोस्टर रिलीज हो गया है। टी सीरीज ने बार्डर-2 का नया पोस्टर सोशल मीडिया पर शेयर किया है।

पोस्टर में सनी देओल, वरुण धवन, दिलजीत दोसांझ और अहान शेट्टी फौजी के किरदार में नजर आ रहे हैं। कैप्शन में लिखा गया है, 'विजय दिवस का जोश, 1971 की जीत की याद और साल का सबसे ग्रैंड टीजर लॉन्च, एक साथ, बार्डर-2 का टीजर 16 दिसंबर को दोपहर 1:30 बजे आएगा।'

फिल्म बार्डर-2 में सनी देओल, वरुण धवन, दिलजीत दोसांझ, अहान शेट्टी, मेधा राणा, मोना सिंह और सोनम बाजवा मुख्य भूमिकाओं में हैं।

अनुराग सिंह के निर्देशन में बन रही फिल्म बॉर्डर-2 का निर्माण भूषण कुमार, जे.पी. दत्ता और निधि दत्ता कर रहे हैं। यह फिल्म टी-सीरीज और जेपी फिल्म्स के बैनर तले बनाई जा रही है और गुलशन कुमार एवं टी-सीरीज द्वारा प्रस्तुत की जा रही है। सह-निर्माता कृष्ण कुमार हैं। फिल्म बॉर्डर-2, 23 जनवरी 2026 को रिलीज होगी।



राज्य सरकार की दूसरी वर्षगांठः मिनरल एक्सप्लोरेशन, ऑक्शन, नीतियों का सरलीकरण और नवाचार

# 'राजस्थान का माइनिंग सेक्टर लिख रहा प्रगति की नित नई इबारत'

महानगर टाइम्स संवाददाता

**जयपुर।** राजस्थान सरकार के दो साल के कार्यकाल में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में माइनिंग सेक्टर में राजस्थान ने मिनरल एक्सप्लोरेशन, ऑक्शन, नीतियों के सरलीकरण और नवाचारों सहित सभी क्षेत्रों में प्रगति की नई इबारत लिखी है। माइनिंग सेक्टर में राजस्थान रैंकिंग में दूसरे नंबर पर आ गया है, वहीं मेजर मिनरल ब्लॉकों की नीलामी में भी दूसरे पायदान पर पहुंच गया है। माइनिंग सेक्टर से नई सरकार के कार्यकाल में रिकॉर्ड 17,778 करोड़ रु. का राजस्व अर्जित किया है। आवश्यक सभी अनुमतियां प्राप्त कर खनिज ब्लॉकों के नीलामी के प्री-एम्बेडेड 8 ब्लॉकों की नीलामी प्रक्रिया आरंभ कर राजस्थान देश का अग्रणी प्रदेश बन गया है। अब राजस्थान माइनिंग सेक्टर में खनिज खोज में आर्टिफिसियल इंटेलिजेंस मशीन लर्निंग (एआईएमएल) के उपयोग और खनिज डम्प्स और टेलिंग्स में स्ट्रेटेजिक व क्रिटिकल मिनरल्स की खोज की दिशा में नवाचार करने जा रहा है।

2 साल
नव उत्थान - नई पहचान
बढ़ता राजस्थान - हमारा राजस्थान

राज्य सरकार के दो साल के कार्यकाल में माइनिंग सेक्टर में राजस्थान को अग्रणी प्रदेश बनाने के लिए योजनावद्ध प्रयास किए गए और राज्य सरकार ने पहले साल में ही निवेशोन्मुखी सरलीकृत राजस्थान खनिज नीति-2024, राजस्थान एम.सेण्ड नीति-2024 और राजस्थान सिटी गैस डिस्ट्रीब्यूशन नीति-2025 जारी कर माइनिंग सेक्टर के सस्टेनेबल विकास की राह प्रशस्त की। राजस्थान निवेश प्रोत्साहन योजना रिप्स में सहायता प्रावधान किए गए हैं। प्रदेश से मेजर मिनरल के 112 ब्लॉकों की सफल नीलामी की जा चुकी है। इनमें से 73 मेजर मिनरल ब्लॉकों की नीलामी वर्तमान सरकार के दो साल के कार्यकाल में हुई है। इसी तरह से 1209 माइनर मिनरल ब्लॉकों की नीलामी में भी नया रिकॉर्ड बनाया गया है।

नई खनिज नीति के क्रियान्वयन से प्रदेश की जीडीपी में वर्तमान 3.4 प्रतिशत की भागीदारी को 2029-30 तक 5 प्रतिशत और 2046-47 तक 6-8 प्रतिशत तक बढ़ाने का लक्ष्य है। खनिज क्षेत्र से सालाना राजस्व को एक लाख करोड़ करने के लक्ष्य के साथ आगे बढ़ने पर जोर दिया गया है। इसी तरह से खनिज क्षेत्र में करीब 35 लाख लोगों के प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष रोजगार के अवसरों को बढ़ाकर एक करोड़ तक करना है।

माइनिंग सेक्टर में राज्य सरकार के दो साल के नित नए नवाचारों के साथ ही केन्द्र सरकार के क्रिटिकल मिनरल मिशन का राजस्थान प्रमुख हिस्सेदार प्रदेश बन गया है। राजस्थान में रेयर अर्थ एलिमेंट, लिथियम, टंगस्टन, नायोबियम, टिन, जिरकोनियम, रुबिडियम, ग्रेफाइट एवं फास्फोराइट आदि प्रमुख क्रिटिकल एवं स्ट्रेटेजिक मिनरल्स के डिपोजिट्स अच्छी मात्रा में है। भारत सरकार ने ई-नीलामी की प्रक्रिया भी आरंभ कर दी है। प्रदेश के बाड़मेर के सिवाणा रिंग, जालौर व नागौर में दुर्लभ व आज के समय में महत्वपूर्ण रेयर अर्थ एलमेंट आरईई के भण्डार मिले हैं। पोटाश के हनुमानगढ़-श्रीगंगानगर बेल्ट में डिपोजिट्स मिले है।

राज्य सरकार के दो वर्ष : नवाचार दिवस-स्टार्टअप कॉन्क्लेवः नवाचार ही अर्थव्यवस्था और समाज के विकास के इंजन

# सरकार हर कदम पर युवाओं के साथ, राजस्थान लिख रहा तकनीकी प्रगति का नया अध्यायः शर्मा

## राजस्थान डिजिफेस्ट के टीजर एवं हैकाथॉन का मुख्यमंत्री ने किया लोकार्पण

महानगर टाइम्स संवाददाता

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि नवाचार की शुरुआत जिज्ञासा से ही होती है और तेज गति से बदलती दुनिया में नवाचार ही हमारी अर्थव्यवस्था और हमारे समाज के विकास का सच्चा इंजन है। उन्होंने कहा कि युवाओं के आगे बढ़ने से ही देश-प्रदेश आगे बढ़ेगा। यह सुखद है कि आज राजस्थान के युवा तकनीक में नाम कमा रहे हैं। उन्होंने आह्वान किया कि युवा नवाचार के क्षेत्र में आगे आएं, सरकार उनके साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ी है। हम सब मिलकर राजस्थान को तकनीक और नवाचारों के क्षेत्र में ग्लोबल लीडर बनाएंगे। शर्मा शुक्रवार को राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर में राज्य सरकार के 2 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य पर आयोजित कार्यक्रमों की श्रृंखला मे 'नवाचार दिवस-स्टार्टअप कॉन्क्लेव' समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि यह हमारी रचनात्मकता, वैज्ञानिक दृष्टिकोण और नवाचार की क्षमता का उत्सव मनाने का दिन है। यह कार्यक्रम हमारे विचारों, रचनात्मकता और डिजिटल तकनीक में तेजी से आगे बढ़ते राजस्थान की गौरवशाली यात्रा का उत्सव है।

### आईस्टार्ट राजस्थान से 7 हजार 200 से अधिक स्टार्टअप पंजीकृत

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा आईटी क्षेत्र में की गई पहल, डिजिटल गवर्नेंस से संबंधित सुधारों और हर जिले में नवाचार को बढ़ावा देने की प्रतिबद्धता से राजस्थान तकनीकी प्रगति का नया अध्याय लिख रहा है। उन्होंने कहा कि आईस्टार्ट राजस्थान के माध्यम से अब तक 7 हजार 200 से अधिक स्टार्टअप पंजीकृत हो चुके हैं, जिनमें एक हजार करोड़ से अधिक का निवेश आया है। इनमें 42 हजार 500 से अधिक रोजगार सृजित हुए हैं।



### 2 हजार 600 से अधिक स्टार्टअप्स का नेतृत्व कर रही महिलाएं

शर्मा ने कहा कि स्टार्टअप शुरू करने में महिलाएं बढ़-चढ़कर आगे आ रही हैं। आईस्टार्ट पर पंजीकृत होने वाले स्टार्टअप में से 2 हजार 600 से अधिक स्टार्टअप का नेतृत्व महिलाएं तथा 288 स्टार्टअप का नेतृत्व हमारे युवा विद्यार्थी कर रहे हैं। आईस्टार्ट पर पंजीकृत विद्यार्थियों की संख्या बढ़कर 1 लाख 16 हजार से ऊपर पहुंच गई है।

### डिजिफेस्ट बनेगा तकनीक, उद्यमिता और वैश्विक गठजोड़ का मंच

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार ने 2025-26 के बजट में राजस्थान डिजिफेस्ट के लिए 15 करोड़ रुपए का प्रावधान किया है तथा टाई ग्लोबल समिट के सहयोग से जनवरी 2026 में जयपुर में इस डिजिफेस्ट का आयोजन किया जाएगा। यह मंच नवाचारों से जुड़ी हमारी युवा शक्ति को तकनीक, उद्यमिता और वैश्विक गठजोड़ के असीमित अवसर उपलब्ध कराएगा। उन्होंने कहा कि राजस्थान डिजिफेस्ट में 10 हजार से अधिक प्रतिभागी, 500 से अधिक निवेशक, 300 प्रदर्शक, 200 वक्ता, 100 सत्र और 100 स्टार्टअप पिच शामिल होंगी। शर्मा ने कहा कि हमने स्टार्टअप्स को प्रोत्साहित करने, इनक्यूबेशन सेंटर्स स्थापित करने और कौशल विकास को बढ़ावा देने के लिए कई नीतियां और कार्यक्रम शुरू किए हैं। नई तकनीक में अवसर सृजित करने के लिए अटल इनोवेशन स्टूडियो एंड एक्सेलरेटर स्थापित कर रहे हैं।

### 92 हजार युवाओं को सरकारी नौकरियां

शर्मा ने कहा कि हमने पांच साल में चार लाख सरकारी नौकरियों का लक्ष्य रखा है और इसी दिशा में हमने अब तक 92 हजार युवाओं को नियुक्तियां प्रदान की हैं तथा इसी माह में ही लगभग 20 हजार युवाओं को नियुक्तियां प्रदान की जाएंगी। निजी क्षेत्र में भी हमारी सरकार ने ढाई लाख से अधिक युवाओं को रोजगार के अवसर प्रदान किए हैं।

### राजस्थान नवाचारों की खान

मुख्यमंत्री ने कहा कि राजस्थान नवाचारों की खान है। वर्ष 2030 तक हम प्रदेश को 350 बिलियन डॉलर की इकॉनोमी बनाने की दिशा में काम कर रहे हैं और इसके लिए अनेक अभूतपूर्व कदम उठाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश में अक्षय ऊर्जा के साथ ही ऊर्जा भंडारण, वेस्ट टू एनर्जी, पर्यटन, खनन ऑटोमोबाइल और टेक्सटाइल जैसे क्षेत्रों में अपार संभावनाएं हैं। हमने दो दर्जन से अधिक नई नीतियां बनाई हैं जिससे विभिन्न क्षेत्रों में निवेश करना आसान हुआ है।

### 333 चयनित स्टार्टअप्स को 10.79 करोड़ रुपए की फंडिंग वितरित



इस अवसर पर मुख्यमंत्री शर्मा ने 333 चयनित स्टार्टअप्स को 10.79 करोड़ रुपए की फंडिंग का चैक सौंपा। कार्यक्रम में राजस्थान डिजिफेस्ट के टीजर एवं डिजिफेस्ट हैकाथॉन का रिमोट का बटन दबाकर लोकार्पण भी किया गया। इस दौरान थ्रिलोफिलिया की कॉ-फाउंडर एवं सीईओ चित्रा गुरनानी डागा तथा रीग्रिप के फाउंडर एवं सीईओ तुषार सुहालका ने अपने अनुभव साझा करते हुए राज्य सरकार की निवेश अनुकूल नीतियों एवं स्टार्टअप इकोसिस्टम को बढ़ावा देने के लिए किए जा रहे प्रयासों के लिए आभार जताया। समारोह में संसदीय कार्य मंत्री जोगाराम पटेल, मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास, सूचना, प्रौद्योगिकी और संचार विभाग के शासन सचिव डॉ. रवि कुमार सुरपुर, सूचना, प्रौद्योगिकी और संचार विभाग के आयुक्त हिमांशु गुप्ता, डाटा इंजीनिअस ग्लोबल के संस्थापक अजय डाटा सहित विभाग के वरिष्ठ अधिकारीगण एवं बड़ी संख्या में युवा उद्यमी उपस्थित रहे।

### राइजिंग राजस्थान समिट से प्रदेश निवेश गंतव्य के रूप में उभरा

मुख्यमंत्री ने कहा कि युवाओं को नई तकनीक में प्रशिक्षित करने के लिए राज्य में तीन सेंटर फॉर एडवांस्ड स्किलिंग स्थापित किए जा रहे हैं। हम युवाओं का कौशल विकास कर उन्हें रोजगारपरक बनाने के लिए स्टेट स्किल पॉलिसी के तहत 2 साल में डेढ़ लाख युवाओं को प्रशिक्षण देने पर काम कर रहे हैं। राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट जैसी हमारी पहलों से निवेशकों का भरोसा काफी मजबूत हुआ है। गत वर्ष आयोजित इस समिट में 35 लाख करोड़ रुपये से अधिक के एमओयू हुए और उनमें से 8 लाख करोड़ रुपये के प्रोजेक्ट धरातल पर आने लगे हैं। इस समिट से एक तेजी से उभरते निवेश गंतव्य के रूप में राजस्थान की स्थिति और मजबूत हुई है।

### इनोवेशन ही विकसित भारत का सबसे बड़ा इंजनः राठौड़

इस दौरान सूचना, प्रौद्योगिकी एवं संचार मंत्री कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ ने कहा कि वर्ष 2014 के बाद देश की सोच भी बदली है। इनोवेशन ही विकसित भारत का सबसे बड़ा इंजन है और इस इंजन का टर्बोचार्जर राजस्थान में होगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश में राज संपर्क 2.0 और ई-मित्र हर गांव को सरकार से जोड़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि देश की राजधानी के निकटता के कारण भविष्य में राजस्थान सबसे अधिक संभावनाओं वाला राज्य है।

# इन्फ्रास्ट्रक्चर की छलांग से पर्यटन उद्योग नई ऊंचाइयों पर : शेखावत

## प्रेसवार्ता में बोले केंद्रीय मंत्रीः पर्यटन क्षेत्र में दशकभर की रिकॉर्ड वृद्धि

महानगर टाइम्स संवाददाता



**जयपुर।** केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने कहा कि पिछले 11 वर्षों में देश के सड़क, रेल और जलमार्ग इन्फ्रास्ट्रक्चर में हुए क्रांतिकारी सुधारों ने पर्यटन उद्योग को नई दिशा दी है। उन्होंने कहा कि 2014-2024 के बीच भारत में 161.16 मिलियन विदेशी पर्यटक आए, जबकि विदेशी पर्यटकों से होने वाली आय बढ़कर 18.85 लाख करोड़ रुपए तक पहुंच गई। घरेलू पर्यटन भी तीन गुना से अधिक बढ़कर 18,639.35 मिलियन पर पहुंच गया।

शेखावत ने कहा कि पर्यटन में यह तेज बढ़ोतरी न केवल रोजगार दे रही है, बल्कि स्थानीय अर्थव्यवस्थाओं को भी मजबूत कर रही है और भारत को वैश्विक पर्यटन मानचित्र पर तेजी से उभार रही है।

### परियोजनाओं से पर्यटन को नया ढांचा

केंद्रीय मंत्री ने बताया कि स्वदेश दर्शन योजना के तहत 76 में से 75 परियोजनाएं पूरी हो चुकी हैं, जबकि स्वदेश दर्शन 2.0 के अंतर्गत 53 नई परियोजनाओं को मंजूरी मिली है। चैलेंज-बेस्ड डेस्टिनेशन डवलपमेंट के तहत आध्यात्मिक, सांस्कृतिक और इको- टूरिज्म जैसे क्षेत्रों में 36 परियोजनाएं स्वीकृत की गई हैं।

# सरकार प्रदूषण रोकने का बनाए प्लानः राहुल हम संसद में चर्चा को तैयारः किरेन रिजिजू

महानगर टाइम्स संवाददाता

**नई दिल्ली।** कांग्रेस सांसद और नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने शुक्रवार को लोकसभा में वायु प्रदूषण का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा, 'हमारे देश के ज्यादातर बड़े शहर जहरीली हवा की चपेट में हैं। लाखों बच्चे फेफड़ों की बीमारियों से ग्रसित हो रहे हैं। लोग कैंसर से पीड़ित हो रहे हैं।'

राहुल ने कहा, 'यह एक अहम मुद्दा है। मुझे पूरा यकीन है कि सरकार और हमारे बीच इस मामले पर एक सहमति होगी। इस सदन में मौजूद हर सदस्य इस बात से सहमत होगा कि प्रदूषण के कारण देश के लोगों को जो नुकसान हो रहा है, उस पर हम सभी मिलकर काम करना चाहेंगे।' इसके जवाब में संसदीय कार्य





मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा, 'सरकार ने पहले दिन से ही अपना रुख साफ कर दिया था कि हम सभी अहम मामलों पर चर्चा करने के लिए तैयार हैं। सरकार कांग्रेस और अन्य विपक्षी पार्टी के नेताओं से सुझाव लेने के लिए भी तैयार है।

भाजपा सांसद अनुराग ठाकुर ने तमिलनाडु में दीपक जलाने की मांग पर हिंदुओं पर लाठीचार्ज का मुद्दा उठाया। उन्होंने तमिलनाडु की डीएमके सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि तमिलनाडु सनातन धर्म के विरोध का प्रतीक बन गया है। उनके मंत्री सनातन धर्म के विरुद्ध बयान देते हैं।

### कांग्रेस सांसदों की बैठक में शशि थरूर नहीं पहुंचे

सदन की कार्रवाई शुरू होने से पहले राहुल ने शुक्रवार को संसद भवन के एनेक्स एक्सटेंशन बिल्डिंग में कांग्रेस सांसदों के साथ बैठक की। इसमें शीतकालीन सत्र में कांग्रेस सांसदों के परफॉर्मेंस की समीक्षा हुई। हालांकि, केरल से पार्टी के सांसद शशि थरूर बैठक में शामिल नहीं हुए। इससे पहले 30 नवंबर को कांग्रेस की एक स्ट्रैटजिक मीटिंग में भी थरूर शामिल नहीं हुए थे। तब थरूर ने अपनी सफाई में कहा था कि वे अपनी 90 साल की मां के साथ फ्लाइट में थे। इसलिए बैठक में शामिल नहीं हो पाए।

### एविएशन मिनिस्टर बोले- हमने जरूरत पड़ने पर फ्लाइट्स के किराए पर लिमिट लगाई

लोकसभा में विमानों के किराए पर बोलते हुए सिविल एविएशन मंत्री राम मोहन नायडू ने कहा कि महाकुंभ के समय हमने देखा कि पूरे देश और देश के बाहर के लोग प्रयागराज की यात्रा करना चाहते थे। उस समय रूट पर फ्लाइट्स की डिमांड काफी ज्यादा बढ़ गई थीं। ऐसे में सरकार ने प्रयागराज जाने वाली सभी फ्लाइट्स के किराए पर लिमिट लगा दी। साथ ही फ्लाइट्स की संख्या भी बढ़ा दी। पहलगाम हमले के बाद भी सरकार ने अपने स्पेशल पावर्स का इस्तेमाल करके ऐसा ही किया था। उन्होंने कहा कि जरूरत पड़ने पर हवाई किराए पर सीमा लगानी होगी, हमने एयरलाइंस को इस बारे में बता दिया है, लेकिन पूरे साल हवाई किराए पर सीमा लगाना संभव नहीं है।

# राजीविका द्वारा 'मिशन समृद्ध दीदी' का शुभारंभ

## ग्रामीण क्षेत्रों में एसएचजी क्रेडिट लिंकिंग और उद्यम विकास को मिलेगा नया आयाम

महानगर टाइम्स संवाददाता

**जयपुर।** राजीविका (राजस्थान राज्य ग्रामीण आजीविका विकास परिषद) ने शुक्रवार को राज्य स्तर पर एक माह तक चलने वाले विशेष अभियान 'मिशन समृद्ध दीदी' का शुभारंभ किया। इस अभियान का उद्देश्य स्वयं सहायता समूह (एसएचजी) की महिलाओं को समय पर बैंक ऋण उपलब्ध कराना, महिलाओं द्वारा संचालित उद्यमों को बढ़ावा देना तथा ग्रामीण क्षेत्रों में डिजिटल वित्तीय समावेशन को सुदृढ़ करना है। इस अभियान का औपचारिक शुभारंभ स्मृति शरण, संयुक्त सचिव, ग्रामीण विकास मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा किया गया। इस अवसर पर नेहा गिरि राज्य मिशन निदेशक, राजीविका भी उपस्थित रहीं।



वर्चुअल लॉन्च कार्यक्रम में एसएलबीसी प्रतिनिधियों, प्रमुख बैंक अधिकारियों, सभी जिला परियोजना प्रबंधकों (डीपीएम), जिला एवं ब्लॉक मिशन इकाइयों, तथा राजीविका के सभी फील्ड एवं एसपीएमयू टीमों ने सहभागिता की, जिससे ग्रामीण महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण के प्रति एकजुट संकल्प का संदेश गया। मिशन समृद्ध दीदी का मुख्य उद्देश्य एसएचजी महिलाओं को समय पर बैंक क्रेडिट से जोड़ना, मौजूदा एवं नए उद्यमों को प्रोत्साहित करना, और जिला स्तरीय टीमों व बैंक संस्थानों के बीच समन्वय को मजबूत करना है। अभियान में सुरक्षित कैशलेस लेनदेन, डिजिटल वित्तीय साक्षरता, बीसी सखी द्वारा घर-घर बैंकिंग सेवाएं, तथा उद्यमियों के लिए सामाजिक सुरक्षा एवं परिसंपत्ति बीमा पर विशेष जोर दिया गया है। वरिष्ठ अधिकारियों ने वित्तीय समावेशन की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह ग्रामीण महिलाओं को सतत आजीविका बनाने और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को अधिक मजबूत व लचीला बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

# राज्यपाल ने शिवराज पाटिल के निधन पर जताया शोक

महानगर टाइम्स संवाददाता

**जयपुर।** पूर्व केंद्रीय गृह मंत्री शिवराज पाटिल के निधन पर राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने शोक व्यक्त किया है। राज्यपाल ने कहा कि पाटिल मिलनसार व्यक्तित्व के सुलझे हुए राजनीतिज्ञ थे। इनका निधन राजनीतिक क्षेत्र की अपूरणीय क्षति है। उन्होंने ईश्वर से पुण्यात्मा की शांति और परिजनों को यह दुख सहन करने की शक्ति प्रदान करने की कामना की है।

# एयर मार्शल ने की राज्यपाल से शिष्टाचार भेंट



महानगर टाइम्स संवाददाता

**जयपुर।** राज्यपाल हरिभाऊ बागडे से शुक्रवार को लोकभवन में एयर मार्शल, कमांडिंग इन चीफ साउथ वेस्टर्न एयर कमांड नागेश कपूर ने मुलाकात की। बागडे से उनकी यह शिष्टाचार भेंट रही। इस दौरान उन्होंने सीमा क्षेत्रों के विकास और सैनिक कल्याण से जुड़े विभिन्न विषयों पर राज्यपाल से संवाद किया।

# भूकंप के खतरों पर दिशा-निर्देश नहीं दे सकते : सुप्रीम कोर्ट

## बेंच ने पूछा- क्या सबको चांद पर भेज दें, यह सरकार का काम, हमारा नहीं

महानगर टाइम्स संवाददाता

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को देशभर में भूकंप से जुड़े खतरों को कम करने के लिए दिशा-निर्देश जारी करने की मांग वाली याचिका को खारिज कर दिया। अदालत ने कहा कि यह मामला सरकार की नीति से जुड़ा है और कोर्ट इसमें दखल नहीं दे सकता। जस्टिस विक्रम नाथ और जस्टिस संदीप मेहता की बेंच ने याचिका की सुनवाई की। याचिकाकर्ता ने दावा किया था कि पहले सिर्फ दिल्ली को उच्च भूकंप का हाई-रिस्क जोन माना जाता था, लेकिन अब नए आकलन के अनुसार देश की 75% आबादी हाई-रिस्क जोन में रहती है।

इसके जवाब में जस्टिस नाथ ने कहा, 'तो क्या हम सबको चांद पर भेज दें?'



वहीं जब याचिकाकर्ता ने जापान में आए हालिया भूकंप का हवाला दिया, तो कोर्ट ने कहा कि पहले हमें भारत में ज्वालामुखी लाने होंगे, तभी जापान से तुलना हो सकती है। याचिकाकर्ता ने कहा कि सरकार को भूकंप से होने वाले नुकसान को कम करने के लिए तुरंत कदम उठाने चाहिए। अदालत ने यह बात मानने से इनकार कर दिया और कहा कि 'यह सरकार का काम है, कोर्ट नहीं कर सकता। याचिका खारिज।'

### 'करूर भगदड़ की निष्पक्ष जांच होना जरूरी'

सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को करूर भगदड़ मामले में पहले दिए गए अपने निर्देश को बदलने से इनकार कर दिया। अदालत ने निर्देश दोहराते हुए कहा कि सीबीआई जांच की निगरानी करने वाले सुपरवाइजरी कमेटी के सदस्य तामिलनाडु के मूल निवासी नहीं होंगे।

मामले की सुनवाई जस्टिस जेके माहेश्वरी और जस्टिस विजय बिश्नोई की बेंच ने की। विजय की पार्टी टीवीके की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता सिद्धार्थ लुथरा ने सीबीआई जांच के आदेश पर आपत्ति जताई थी, लेकिन कोर्ट ने कोई बदलाव नहीं किया। सुनवाई के दौरान जस्टिस महेश्वरी ने कहा, 'हम चाहते हैं कि सब कुछ निष्पक्ष हो।' सुप्रीम कोर्ट ने 13 अक्टूबर के अपने फैसले को याद किया और बताया कि यह कमेटी जांच को पूरी तरह निष्पक्ष बनाने के लिए बनाई गई थी। कमेटी का नेतृत्व पूर्व सुप्रीम कोर्ट जज जस्टिस अजय रस्तोगी करेंगे। उन्हें आदेश दिया गया कि वे दो वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी चुनें, जो तामिलनाडु कैडर से हो सकते हैं, लेकिन तमिलनाडु के मूल निवासी नहीं होंगे।



## मुख्य राज्यों में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) का होगा अवलोकन

# रोहिणी भाजीभाकरे प्रदेश में विशेष मतदाता सूची पर्यवेक्षक नियुक्त

महानगर टाइम्स संवाददाता

**जयपुर।** भारत निर्वाचन आयोग ने पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु, उत्तर प्रदेश, गुजरात, केरल, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और राजस्थान में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के अवलोकन के लिए विशेष मतदाता सूची पर्यवेक्षकों की नियुक्ति की है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवीन महाजन ने बताया कि रोहिणी भाजीभाकरे को राजस्थान में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के अवलोकन के लिए विशेष मतदाता सूची पर्यवेक्षक नियुक्त किया गया है। उन्होंने बताया कि एसआरओज ने अपना कार्य प्रारंभ कर दिया है और फरवरी 2026 में अंतिम मतदाता सूची प्रकाशित होने तक वे इन राज्यों में सप्ताह में दो दिन उपस्थित रहेंगे। एसआरओज राष्ट्रीय और राज्य स्तरीय सभी राजनीतिक दलों के राज्य और जिला स्तर के नेतृत्व के साथ बैठकें करेंगे। एसआरओज यह सुनिश्चित करने के लिए संबंधित राज्यों के मुख्य निर्वाचन अधिकारियों (सीईओज) और जिला निर्वाचन अधिकारियों (डीईओज) के साथ भी भौतिक रूप से अथवा वर्चुअल माध्यम से बैठकें करेंगे कि संपूर्ण प्रक्रिया सुचारू, पारदर्शी और सहभागितापूर्ण ढंग से पूरी हो। एसआरओज एसआईआर की प्रक्रिया का अवलोकन करेंगे ताकि कोई भी योग्य मतदाता छूट न जाए और कोई भी अयोग्य व्यक्ति मतदाता सूची में शामिल न हो।

स्वत्वाधिकारी महानगर मल्टीमीडिया प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक व प्रकाशक गोपाल शर्मा द्वारा 2, सहकार मार्ग, ज्योतिनगर, लालकोठी, जयपुर-15 से प्रकाशित एवं महानगर मल्टीमीडिया प्राइवेट लिमिटेड, जी-848, फेज-3, रीको सीतापुरा, जयपुर से मुद्रित। संपादकः गोपाल शर्मा, संपादकीय प्रभारीः जिज्ञासु शर्मा*। फोनः 0141-2741076, 2741077 * पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के जिम्मेदार। e-mail : mahanagarmarketing@gmail.com * आर.एन.आई. 67873/97/ पोस्टल रजिस्ट्रेशन नम्बर-JaipurCity/008/2023-25